मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 39.0 | 29.6 |
| जमशेदपुर | 28.1 | 14.4 |
| डाल्टनगंज | 25.9 | 10.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, बुधवार 15 मई 2024 ● बैशाख शुक्ल पक्ष 08 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 36 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,000 |
| चांदी (किलो) | 87,000 |

## ब्रीफ खबरें

### मोदी ने वाराणसी से किया नामांकन

**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने चुनाव के लिए भाजपा शासित राज्यों के करीब आधा दर्जन मुख्यमंत्रियों, भाजपा अध्यक्ष, कई केंद्रीय मंत्रियों और एनडीए घटक दलों के नेताओं की मौजूदगी में मंगलवार को वाराणसी से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. इसके बाद उन्होंने कहा कि वह तीसरे कार्यकाल में नई ऊर्जा के साथ जनता के कल्याण के लिए काम करेंगे. पेज 12 भी देखें

### पंचतत्व में विलीन हुए सुशील कुमार मोदी

**पटना।** पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी का अंतिम संस्कार मंगलवार की शाम पूरे राजकीय सम्मान के साथ दीघा घाट पर किया गया. उनके बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी. इस मौके पर बिहार बीजेपी के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे. इससे पहले सुशील मोदी का पार्थिव शरीर उनके राजेंद्र नगर स्थित आवास पर लाया गया था, जहां लोगों ने अंतिम दर्शन किया.

-पेज 11 भी देखें

### मोदी तीसरी बार पीएम बने तो फिर चुनाव नहीं

**महराजगंज (उप्र)।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को पीएम मोदी को झूठों का सरदार करार देते हुए दावा किया कि अगर फिर से वह फिर पीएम बने तो भविष्य में चुनाव नहीं होंगे. यह आखिरी मौका है कि जनता मोदी सरकार को उखाड़ कर फेंक दे.

### भारतीय सेना के पूर्व कर्नल की गाजा में मौत

**संयुक्त राष्ट्र।** गाजा के रफह शहर में हमले की चपेट में आने से संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाले सेवानिवृत्त भारतीय कर्नल की मौत हो गई. सात अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद संयुक्त राष्ट्र के किसी अंतरराष्ट्रीय कर्मी की मौत का यह पहला मामला बताया जा रहा है.

### शेयर बाजार में तीसरे दिन भी तेजी रही

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 328 अंक से अधिक के लाभ में रहा. वहीं निफ्टी 22,200 अंक के स्तर से ऊपर चला गया.

मोदी को चुनौतियों को टालना नहीं, बल्कि उससे टकराना आता है, बोले पीएम

# कांग्रेस की सरकारों ने देश को नक्सलवाद की आग में झोंका

**पूरे देश में सिकुड़ गया है नक्सलवाद का दायरा** : **तबाह नहीं होने दूंगा नौजवानों की जिंदगी** : **किसी भी मां की कोख सूनी नहीं होगी** : **पूरी आदिवासी बेल्ट खून खराबे से होगी मुक्त**

रवि भारती। गिरिडीह/रांची

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है मोदी को चुनौतियों को टालना नहीं बल्कि उससे टकराना आता है. जब, फौलादी हौसला हो तो बड़े से बड़ी चुनौती भी चरण चूमने लग जाती है. आज पूरे देश में नक्सलवाद का दायरा बहुत सिकुड़ गया है. मैं गिरिडीह और कोडरमा की धरती से सभी देशवासियों को गारंटी देता हूं कि आतंक हो, या नक्सलवाद मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में इन पर बहुत प्रहार करने का संकल्प ले चुका है. कहा कि मोदी झारखंड को फिर से नक्सलवाद का गढ़ नहीं बनने देगा. मैं नौजवानों की जिंदगी तबाह नहीं होने दूंगा. मांओं की कोख सूनी नहीं होगी. पूरा आदिवासी बेल्ट खून खराबे से मुक्त होगा. ये मोदी की गारंटी है. पीएम मोदी मंगलवार को बगोदर क्षेत्र की पेशम पंचायत के अड़वारा मैदान में महाविजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कमजोर सरकारों ने देश को नक्सलवाद की आग में झोंका. इस आग में वामपंथियों ने भी अपनी रोटियां सेकीं.



### बीजेपी सरकार ने नक्सली हिंसा पर लगायी लगाम

*पीएम ने कहा कि बीजेपी सरकार ने देश में नक्सली हिंसा पर लगाम लगायी. जब देश में मजबूत सरकार होती है, तो वो सबसे पहले देश का हित देखती है. देश के लोगों का हित देखती है, लेकिन जब देश में कांग्रेस जैसी कमजोर सरकार होती है, तो वो देश को भी कमजोर कर देती है. ऐसी कमजोर सरकार कभी भी देशवासियों का भला नहीं कर सकती. उन्होंने कहा कि देशवासियों से कहूंगा कि आपने जितना सुना है, झुमरी तिलैया उससे ज्यादा सुंदर है. मैं सीधा काशी से आपके बीच आया हूं. आने में विलंब के लिए माफी चाहता हूं. मुझे बताया गया कि आपमें से बहुत लोग सुबह साढ़े 8 बजे ही आकर बैठ गये थे. मैं काशी से भगवान विश्वनाथ का आशीर्वाद लेकर आया हूं. नामांकन दाखिल करने के बाद यह मेरी पहली जनसभा है. मैं देख रहा हूं कि काशी हो या कोडरमा, या गिरिडीह, एक ही बात ही गूंज रही है, फिर एकबार मोदी सरकार.*

### ... चोरों की उड़ा दूंगा नींद, खाली कर दूंगा खजाना

पीएम ने कहा कि मैंने डंके की चोट पर कहा था कि मैं भारत को भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण से मुक्त करूंगा. मैं इसके लिए पूरा जीवन खपा दूंगा. झामुमो, कांग्रेस, लेफ्ट और इंडिया गठबंधन इस बुराई का मॉडल है. कांग्रेस के मंत्री, मंत्री के कर्मचारी और उसके नौकर के घर से नोटों का पहाड़ निकला. ये नोटों के पहाड़ इतने बड़े हैं है कि गिनते हुए मशीन हांफ जाती है. मैंने जीवन में कभी इतना पैसा नहीं देखा. कांग्रेस सांसद के घर से भी नोटों का पहाड़ निकला. पूरे देश ने देखा. ये सारे किसके करीबी हैं. अधिकारी भी खास हैं. नौकर भी खास हैं. इनके सिर पर किसका हाथ है. ये जो भी करते हैं, शाही परिवार के इशारे से करते हैं. मैं चोरों को सोने नहीं दूंगा. मैं उनकी नींद उड़ा दूंगा. उनका खजाना खाली कर दूंगा. ये पैसा आपका है. इन पैसों के मालिक आप हैं. शेष पेज 11 पर..

### काशी के लिए मैं पीएम नहीं, एमपी हूं

पीएम ने कहा कि काशी के लिए मैं पीएम नहीं, एमपी हूं. कोडरमा और गिरिडीह वालों को भी यही समझ कर वोट डालना है. मोदी ही आपका एमपी है. मोदी ही आपका पीएम है. कोडरमा से बहन अन्नपूर्णा देवी और गिरिडीह से आजसू से साथी चंद्रप्रकाश चौधरी, दोनों को आप भारी बहुमत से जिताकर दिल्ली भेजिएगा. आपका एक-एक वोट देश में तीसरी बार मोदी की मजबूत सरकार बनायेगा. दिलीप कुमार वर्मा को भी गांडेय विधानसभा से जिताना है.

टेंडर कमीशन घोटाला

# मंत्री आलमगीर आलम से ईडी ने नौ घंटे पूछताछ की

सौरभ सिंह। रांची

टेंडर कमीशन घोटाले में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से ईडी ने मंगलवार को करीब साढ़े नौ घंटे तक पूछताछ की. देर शाम आलमगीर आलम बाहर निकले. ईडी ने पूछताछ पूरी न हो पाने की वजह से उन्हें बुधवार को फिर पूछताछ के लिए बुलाया है.

इससे पूर्व मंगलवार को सुबह 10.45 बजे ईडी दफ्तर पहुंच गये थे. पूछताछ से पहले ईडी कार्यालय के बाहर बातचीत में उन्होंने कहा, वे कानून को मानने वाले है, इस लिए ईडी के बुलावे पर पहुंचे हैं. उनसे जो भी सवाल पूछा जाएगा, उसका पूरी ईमानदारी से वे जवाब देंगे. उनका कहना था कि वे गलत नहीं हैं, इसलिए उन्हें कोई भय नहीं है. उधर, देर शाम तक मंत्री आलम से ईडी के अधिकारी पूछताछ करते रहे. ईडी ने उनसे उनकी व उनके पारिवारिक सदस्यों की चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा भी लिया.

बता दें कि ईडी ने उन्हें समन जारी कर कहा था कि वे 14 मई को पूछताछ के लिए आयें. उनके पीएस संजीव लाल की पत्नी रीता दोपहर में ईडी ऑफिस पहुंचीं. इसके बाद मंत्री, संजीव व उनकी पत्नी को ईडी ने साथ में बैठा कर पूछताछ की. इससे पहले नौ मई को भी ईडी ने संजीव की पत्नी से पूछताछ की थी. इस दौरान ईडी ने जहांगीर के घर से बरामद 35.23 करोड़ रुपये के बारे में रीता से पूछा था. हालांकि रीता ने उनसे कहा था कि उन्हें नहीं पता है कि रुपये कहां से आये.



आज पूछताछ के लिए फिर बुलाया



मंत्री के पीएस संजीव लाल की पत्नी रीता लाल भी पहुंचीं, हुई लंबी पूछताछ

### आय-व्यय और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज साथ लाने को कहा था

ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम को पूछताछ के लिए बुलाने के लिए जो नोटिस भेजा था, उसमें उनसे कहा गया था कि वे आय-व्यय और अपनी संपत्ति से जुड़े दस्तावेज लेकर आयें. मंत्री को उनके पीएस संजीव लाल और उसके घरेलु सहायक जहांगीर आलम के घर से 35 .23 करोड़ रुपये बरामदी मामले में उनसे जानकारी लेने के लिए समन जारी किया गया था. इससे पहले ईडी ने पीएस संजीव लाल और जहांगीर आलम से बरामद रुपयों के बारे में पूछताछ की थी. ईडी ने उनसे रुपयों के स्रोत के बारे में पूछताछ की. पूछा गया था कि कहां-कहां से रुपये आये और कमीशन की राशि कहां-कहां बंटती थी. किन-किन लोगों तक रुपये पहुंचाये जाते थे .लेकिन वे सही जवाब नहीं दे सके. उनके जवाब से ईडी संतुष्ट नहीं हुई थी.

### संजीव लाल को लेकर झारखंड मंत्रालय पहुंची थी ईडी की टीम, मिले थे कैश

मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल को लेकर ईडी की टीम जांच के लिए सात मई की दोपहर झारखंड मंत्रालय पहुंची थी. ईडी की टीम ने ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय स्थित संजीव लाल के चैंबर की तलाशी ली थी और कई कागजात की जांच की थी. तलाशी के दौरान ईडी को एक ड्रॉवर से करीब दो लाख रुपये मिले थे. ईडी को जानकारी मिली है कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग में भ्रष्टाचार और ठेकों से कमीशन के नाम पर उगाही का पैसा संजीव लाल तक पहुंचता था. शेष पेज 11 पर..



# भ्रामक विज्ञापन मामले में रामदेव पर फैसला सुरक्षित

*सुप्रीम कोर्ट ने योगगुरु रामदेव को दी नसीहत, कहा- योग के लिए अच्छा काम किया है, पर प्रभाव का सही इस्तेमाल करें*

एजेंसी। नयी दिल्ली

योगगुरु रामदेव की कंपनी पतंजलि की ओर से भ्रामक विज्ञापन दिए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को फिर सुनवाई हुई. इस दौरान कोर्ट ने रामदेव की योग के प्रति योगदान की तारीफ की. लेकिन नसीहत भी दी कि उन्हें अपने प्रभाव का सही इस्तेमाल करना चाहिए. वरिष्ठ वकील बलबीर सिंह ने जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानुल्लाह की बेंच से कहा कि पतंजलि ने टीवी चैनलों को लिखा है. इन पर अब भी पतंजलि के विज्ञापन चल रहे हैं. इस पर कोर्ट ने पूछा कि आखिर आपके पास उनका कितना स्टॉक है, जिन पर रोक लग चुकी है.

केस की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बालकृष्ण और रामदेव की उस मांग को मान लिया, जिसमें दोने ने पेशी से छूट मांगी थी. जस्टिस हिमा कोहली ने कहा, रामदेव का बहुत प्रभाव है. इसे सही इस्तेमाल करें. कोर्ट ने रामदेव व बालकृष्ण पर अवमानना मामले में फैसला रिजर्व रख लिया. अब अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी.

**आईएमए चीफ को लगाई लताड़:** उधर डॉक्टरों की संस्था आईएमए के अध्यक्ष आरवी अशोकन को भी सुप्रीम कोर्ट ने एक इंटरव्यू में उनकी बातों के लिए कड़ी फटकार लगाई. कहा कि हालांकि वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मामले में पहले पायदान पर है, लेकिन ऐसे समय भी आते हैं, जब संयम होना चाहिए. पीठ ने अशोकन को फटकारते हुए कहा, हम आपसे जिम्मेदारी की उम्मीद करते थे. आप इस तरह कोर्ट के खिलाफ अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर सकते.

# मोदी के 21 अप्रैल के भाषण और 14 मई के इंटरव्यू के फर्क को समझिए

सुरजीत सिंह

### *21 अप्रैल को मोदी ने क्या कहा था*

*राजस्थान के बांसवाड़ा में चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक पुराने भाषण का हवाला देते हुए कहा था- पहले जब उनकी सरकार थी तब उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है, इसका मतलब ये संपत्ति इकट्ठा करके किसको बांटेंगे- जिनके ज़्यादा बच्चे हैं उनको बांटेंगे, घुसपैठियों को बांटेंगे. क्या आपकी मेहनत का पैसा घुसपैठियों को दिया जाएगा? आपको मंज़ूर है ये?*

***मोदी ने आगे कहा था-***

*ये कांग्रेस का मैनिफेस्टो कह रहा है कि वो मां-बहनों के सोने का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर उसे बांट देंगे और उनको बांटेंगे जिनको मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है. भाइयों बहनों ये अर्बन नक्सल की सोच, मेरी मां-बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे, ये यहां तक जाएंगे.*

### 14 मई को टीवी चैनल न्यूज 18 को दिए इंटरव्यू में मोदी ने कहा

*न्यूज 18 के सवाल:* ***आपने मुसलमानों का जब जिक्र किया. तो घुसपैठिया. ज्यादा बच्चा पैदा करने वाला. इसकी क्या जरूरत पड़ गई ?***


***मोदी का जवाब:*** *मैं हैरान हूं जी. किसने आपको कहा कि जब ज्यादा बच्चों की बात होती है, तो मुसलमान से जोड़ देते हैं. क्यों मुसलमान के साथ अन्याय करते हैं. हमारे यहां गरीब परिवारों में भी यह हाल है जी. उनके बच्चों को पढ़ा नहीं पा रहे हैं. किसी भी समाज के हो, गरीबी जहां है, वहां बच्चे भी ज्यादा है.*

*न्यूज 18 के सवाल:* ***तो आप कह रहे हैं, मुसलमान अलग था. ज्यादा बच्चे पैदा करने वाला अलग था.***

***मोदी का जवाब:*** *मैंने ना हिंदू कहा है ना मुसलमान कहा है. मैंने कहा है कि उतने बच्चे हो, जिनका आप लालन-पालन कर सकें. सरकार को करना पड़े, ऐसी स्थिति पैदा ना करो.*

*न्यूज 18 के सवाल:* ***इस बार मुसलमान आपको वोट देगा ?***

***मोदी का जवाब:*** *मैं ये मानता हूं कि मेरे देश के लोग मुझे वोट करें. मैं जिस दिन हिंदू-मुसलमान करूंगा, उस दिन मैं सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा. मैं हिंदू-मुसलमान नहीं करूंगा. यह मेरा संकल्प है. अगर मैं घर देता हूं, सेचुरेशन की बात करता हूं. 100 परसेंट डिलीवरी. इसका मतलब हुआ, गांव में अगर 60 लाभार्थी है, तो सबको मिलना चाहिए. कौन समाज है, कौन जाति है, कौन धर्म है, नो... सबको मिलना चाहिए. इसमें करप्शन की भी संभावना नहीं रहती.*



*21 अप्रैल को पीएम मोदी जो कह रहे हैं, उसमें स्पष्ट था कि ज्यादा बच्चा पैदा करने वालों का मतलब मुसलमान है. लेकिन 13 मई को वह कह रहे हैं कि ज्यादा बच्चे पैदा करने का मतलब मुसलमान से नहीं है, गरीब से है. दोनों बयानों का वीडियो सार्वजनिक है. कोई भी देख-सुन सकता है. लेकिन पीएम मोदी के दोनों बयान में बड़ा अंतर है. पहले में वह देश के बहुसंख्यक हिन्दुओं को कांग्रेस व मुसलमानों से डरा रहे हैं, जबकि दूसरे में इससे इंकार करते हैं. उनका दोनों बयान कांग्रेस के मेनिफेस्टो पर है. तो क्या मोदी यह कहना चाहते हैं कि कांग्रेस गरीबों के बीच संपत्ति बांटने की बात कर रही है. यानी रॉबिनहुड वाला काम. खैर बात चाहे जो भी हो, लेकिन पीएम मोदी ने एक बात स्पष्ट कर दिया है कि ज्यादा बच्चा पैदा करने का संबंध किसी धर्म से नहीं है, बल्कि गरीबी से है. सच भी यही है कि जहां ज्यादा गरीबी, अशिक्षा और आर्थिक पिछड़ापन होगा, वहां के लोग उतने ही ज्यादा बच्चे करना चाहते हैं. पर, यह बात सबके समझ में आती कहां है.*

OXFORD PUBLIC SCHOOL

NEW TOWNSHIP, P.O. - SHAHPUR, MEDININAGAR, PALAMU (JHARKHAND) - 822110

(AN ENGLISH MEDIUM CO-ED. SENIOR SECONDARY SCHOOL)

AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI | AFFILIATION NO. - 3430408

HEARTIEST CONGRATULATIONS!


OUR TOPPERS OF AISSCE (XII) - 2024

RANK 1 IN PALAMU | RANK 2 IN PALAMU | RANK 3 IN PALAMU | RANK 2 IN SCHOOL




SANIYA FATMA (HUMANITIES) MARKS-94 % | AKANKSHA GUPTA ( COMMERCE) MARKS-95 % | KUMARI AKANKSHA (SCIENCE) MARKS- 94.2 % | AMAN KUMAR (SCIENCE) MARKS- 92.2 %

OUR TOPPERS OF AISSE (X) - 2024



UMA SHANKAR SINGH MARKS-95 % | SHREYASI RAJ MARKS- 94 % | PRABHAT RANJAN MARKS-94 % | JAYANT KUMAR GUPTA MARKS- 93 %



ABHINAV RAJ MARKS- 93 % | SKAND PANDEY MARKS-92 % | MAYANK KUMAR MARKS-92 % | VIKASH RANJAN MARKS-91 %

ADMISSION GOING ON : XI (2024 - 2025)

SCIENCE, COMMERCE & HUMANITIES

SCHOLARSHIP FOR SCHOOL TOPPERS UPTO 5TH RANK

For details contact : 06586-299990 | 9905302220 | 9905402220

www.opsdaltonganj.in | oxfordpsdaltonganj@gmail.com

(Dr. S.B.P. Mehta) Chairman

(Dr. A.K. Singh) Principal



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शिक्षा में सफलता का योग है. जॉब के लिए प्रयासरत हैं तो समय उत्तम है. विद्यार्थी वर्ग शोध कार्य व शैक्षणिक गतिविधियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा.

**वृषभ** किसी वृद्ध महिला से विवाद होगा. कार्य की सफलता के लिए प्रयास अधिक करना पड़ेंगे. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. शत्रुओं से सावधान रहें. मिठाई का दान बच्चों को करें.

**मिथुन** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश शुभ फल देगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें. लड्डू का भोग लगावें.

**कर्क** धन के आगमन से मन खुश होगा. समय बहुत ही उत्तम है. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. आलस का त्याग करें.

**सिंह** धन के लिए दिन अच्छा है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें. किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है. किसी गरीब को वस्त्र दान करें.

**कन्या** समय सामान्य है. मानसिक रोगों से बचना चाहिए. किसी व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा.

**तुला** चोट व रोग से हानि की आशंका है, लापरवाही न करें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. नए कार्य को लेकर जल्दबाजी न करें.

**वृश्चिक** कोई मानसिक पीड़ा हो सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**धनु** समय सामान्य है. अनहोनी की आशंका रह सकती है. कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा. अन्न और जल दान करें.

**मकर** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. कारोबार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. काली वस्तु किसी गरीब को दान करें.

**कुंभ** समय बहुत ही अच्छा है. दांपत्य जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. किसी मंदिर में झाड़ू का दान करें.

**मीन** ौसमी बीमारियों से बचाव की आवश्यकता है. समय लाभ का मौका देगा. लंबी यात्रा की योजना बन सकती है. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. जल्दबाजी में कोई गलत कार्य न करें.

### कांग्रेस का बूथ मैनेजमेंट पर जोर, चतरा-हजारीबाग के कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश प्रभारी ने की बैठक
# संघर्षों का परिणाम बूथ से जीत के रूप में निकालें: मीर

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड के दूसरे चरण में आगामी 20 मई को होने वाले चुनाव को लेकर कांग्रेस अब अपना ध्यान बूथ मैनेजमेंट पर केंद्रित कर रही है. इस मद्देनजर प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने चतरा और हजारीबाग लोकसभा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की. उन्होंने कहा कि आप सभी पूरे वर्ष संगठन में काम करते हैं और पिछले पांच वर्षों से केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यों से त्रस्त जनता के बीच रहकर संघर्ष कर रहे हैं. अब समय है कि उन संघर्षों का परिणाम बूथ से जीत के रूप में निकालें.

**बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय बनाएं :** मीर ने कहा कि पांच वर्षों तक संगठन का निर्माण प्रखंड और बूथ स्तर पर किया गया है और आज जरूरत है कि संगठन द्वारा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर आपसी समन्वय बनाया जाए, ताकि चुनाव के दौरान प्रत्याशी एवं बूथ एजेंट के बीच सीधा संवाद अभी से लेकर मतदान के दिन तक लगातार होता रहे. उन्होंने कहा कि मतदान के दिन तक जरूरी है कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता अपने बूथ के मतदाताओं से निरंतर संपर्क करते रहें, ताकि भाजपा द्वारा चुनाव की धारा को मोड़ने का यदि कोई भी गैरवैधानिक कार्य किया जाए या अफवाह फैलाया जाए, तो उससे आम लोगों को सावधान किया जा सके.

**10 वर्षों के कुशासन से निकलने का सुनहरा अवसर :** प्रदेश प्रभारी ने आगे कहा कि पार्टी किसी एक को उम्मीदवार बनाती है, लेकिन चुनाव संगठन का हर कार्यकर्ता अपने-अपने मोहल्ले, वार्ड व प्रखंड में लड़ता है ताकि पार्टी की जीत हो सके. 10 वर्षों के कुशासन से निकलने का यह सुनहरा अवसर है और हमें इसे किसी भी हाल में जाया नहीं होने देना है. बैठक में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजादा अनवर, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, केएन त्रिपाठी, विधायक रामचंद्र सिंह, शैलेंद्र यादव, प्रमोद दुबे, मदन मोहन शर्मा, गजेंद्र सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे.



**राहुल गांधी के विश्वास पर खरा उतरना है: राजेश ठाकुर**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कार्यकर्ताओं कहा कि इस चुनाव में हमें राहुल गांधी के विश्वास पर खरा उतरना है. उन्होंने जनता की समस्याओं के तह तक पहुंचने के लिए पूरे भारत का पैदल भ्रमण किया है. समस्याओं को खत्म करने हेतु आवश्यक कार्य योजना को कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल किया गया है. प्रधानमंत्री मोदी रोज नए शिगूफे छोड़ रहे हैं, ताकि लोग भटक जाएं. वोटो का ध्रुवीकरण करने के लिए मंगलसूत्र, आभूषण, मुसलमान, मटन, भैंस के बाद चुनाव में पाकिस्तान की एंट्री कराई जा रही है. मतदान के चार चरणों में जनता ने पूरे धैर्य के साथ मतदान किया है और अभी तक इनके बहकावे में नहीं आई है, जिससे वे लोग बौखला चुके हैं.

### लक्ष्मीकांत वाजपेयी कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे
# भाजपा के प्रदेश प्रभारी आज रांची-जमशेदपुर में



**रांची ।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी बुधवार को रांची और जमशेदपुर में पार्टी के चुनावी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे. वे दोपहर 12 बजे सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नीमडीह, रघुनाथपुर ब्लॉक ऑफिस के सामने महिला लाभार्थी सम्मेलन में भाग लेंगे. 2:30 बजे से ईचागढ़ विधानसभा की बैठक में शामिल होंगे. वाजपेयी जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, पोटका और जुगसलाई विधानसभा की संयुक्त बैठक में शाम पांच बजे से शामिल होंगे. बैठक का आयोजन जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन में किया गया है. इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा, प्रत्याशी विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर महानगर जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा प्रभारी मिथिलेश सिंह यादव, जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा प्रभारी कमल किशोर, पोटका विधानसभा प्रभारी बारी मुर्मू मौजूद रहेंगे.

### दूसरे चरण में 54 उम्मीदवार, 27 पर दर्ज हैं आपराधिक मुकदमे
# केएन त्रिपाठी पर सर्वाधिक आठ आपराधिक मामले दर्ज

**एडीआर रिपोर्ट**

- **छह निर्दलीय उम्मीवार के खिलाफ दर्ज हैं आपराधिक मामले**
- **मनीष जायसवाल व कालीचरण सिंह पर दो मामले दर्ज हैं**

रवि भारती। रांची

झारखंड में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में मतदान होना है. मतदान 20 मई को होगा. इसमें कुल 54 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में हैं. चतरा में 22, कोडरमा में 15 और हजारीबाग में 17 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं. इनमें 27 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसमें नौ उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं. इसका खुलासा एडीआर की रिर्पोट में हुआ है.

चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के खिलाफ सर्वाधिक आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं. वहीं हजारीबाग से भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल और चतरा से भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह के खिलाफ दो-दो आपराधिक मामले दर्ज हैं. निर्दलीय उम्मीदवारों की बात करें, तो झारखंड के दूसरे चरण के चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे छह निर्दलीय विधायकों के खिलाफ भी आपराधिक मामले दर्ज हैं. इनमें विक्रांत कुमार सिंह के खिलाफ दो, श्रीराम सिंह, अभिषेक कुमार के खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज है. शशिभूषण केसरी के खिलाफ तीन, मनोज कुमार के खिलाफ दो, दीपक गुप्ता के खिलाफ दो और जयप्रकाश वर्मा के खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज है.




**किस उम्मीदवार पर कितने आपराधिक मामले**

| नाम | राजनीतिक दल | आपराधिक मामले |
|---|---|---|
| केएन त्रिपाठी | कांग्रेस | 08 |
| अजय | मूलवासी समाज पार्टी | 02 |
| विक्रांत कुमार सिंह | निर्दलीय | 02 |
| अनिरुद्ध कुमार | सीपीआई | 02 |
| श्रीराम सिंह | निर्दलीय | 01 |
| अभिषेक कुमार | निर्दलीय | 01 |
| मनीष जायसवाल | भाजपा | 02 |
| अर्जुन कुमार | सीपीआई | 01 |
| विनोद सिंह | भाकपा माले | 03 |
| शशिभूषण केसरी | निर्दलीय | 03 |
| कालीचरण सिंह | भाजपा | 02 |
| मनोज कुमार | निर्दलीय | 02 |
| अन्नपूर्णा देवी | भाजपा | 01 |
| दीपक गुप्ता | निर्दलीय | 02 |
| दर्शन गंझू | झारखंड पार्टी | 02 |
| जयप्रकाश वर्मा | निर्दलीय | 01 |
| नागमणि | बसपा | 01 |

## 21 उम्मीदवार हैं करोड़पति, टॉप पर केएन त्रिपाठी

**रांची।** एडीआर की रिर्पोट के मुताबिक, दूसरे चरण में किस्मत आजमा रहे उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 3.52 करोड़ रुपये है. इसमें छह निर्दलीय उम्मीदवार करोड़पति हैं. भाजपा के तीन, कांग्रेस, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया व लोकहित अधिकार पार्टी के दो-दो और भारतीय जवान किसान पार्टी, राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी, सीपीआई, झारखंड पार्टी, समता पार्टी व बसपा के एक उम्मीदवार करोड़पति हैं. संपत्ति के मामले में भी टॉप पर चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी हैं. हैं. वहीं, दूसरे नंबर पर हजारीबाग से भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल और तीसरे नवंबर पर कोडरमा से भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी हैं.

**किसके पास कितनी संपत्ति**

| उम्मीदवार | पार्टी | राशि (रुपये में) |
|---|---|---|
| केएन त्रिपाठी | कांग्रेस | 70,92,18,255 |
| मनीष जायसवाल | भाजपा | 36,29,99,932 |
| अन्नपूर्णा देवी | भाजपा | 12,82,82,857 |
| राजकुमार | झारखंड पार्टी | 8,95,00,000 |
| कालीचरण सिंह | भाजपा | 8,62,01,641 |
| डॉ अभिषेक सिंह | निर्दलीय | 5,47,01,892 |
| जेपी पटेल | कांग्रेस | 2,89,80,413 |
| जय प्रकाश वर्मा | निर्दलीय | 2,75,06,505 |

**10 उम्मीदवार हैं 10वीं पास, आठ 12वीं पास**

रिर्पोट के मुताबिक दूसरे चरण के चुनाव में किस्मत आजमा रहे 54 उम्मीदवारों में से तीन सिर्फ साक्षर हैं. आठवीं पास उम्मीदवारों की संख्या तीन है. वहीं 10वीं पास 10 व 12वीं पास उम्मीदवारों की संख्या आठ है. ग्रेजुएट उम्मीदवारों की संख्या 15 और तीन उम्मीदवार ग्रेजुएट प्रोफेशनल हैं.

### गृह विभाग ने 54.54 लाख रुपये आवंटित किये
# रांची समेत 15 जिलों के स्वतंत्रता सेनानियों को मिलेगी पेंशन राशि

संवाददाता। रांची



रांची समेत 15 जिलों के स्वतंत्रता सेनानियों और उनके आश्रितों की पेंशन सुविधा के लिए गृह विभाग ने 54.54 लाख की राशि आवंटित की है. इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव ने 15 जिलों के डीसी को आदेश जारी किया है. जारी आदेश में कहा गया है कि 54.54 की राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पेंशन के लिए जारी की गयी है.

**इन 15 जिलों के लिए इतनी राशि आवंटित**

- चतरा : 46 हजार
- देवघर : 13.74 लाख
- धनबाद : 1.82 लाख
- दुमका : 3.74 लाख
- रिडीह : 1.05 लाख
- गोड्डा : 12.68 लाख
- हजारीबाग : 2.73 लाख
- जमशेदपुर : 3.64 लाख
- जामताड़ा : 76 हजार
- कोडरमा : 2.78 लाख
- लातेहार : 46 हजार
- पलामू : 3.51 लाख
- रांची : 6.06 लाख
- साहिबगंज : 50 हजार
- सरायकेला : 61 हजार
- कुल : 54.54 लाख

# हत्याकांड में पीएलएफआई जोनल कमांडर तिलकेश्वर गोप बरी

- **रांची सिविल कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में कर दिया बरी**
- **अपर न्याययुक्त विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट में चला ट्रायल**

संवाददाता। रांची

एतवा साहू हत्याकांड के आरोपी पीएलएफआई के जोनल कमांडर तिलकेश्वर गोप उर्फ राजेश गोप को रांची सिविल कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है. एतवा साहू की हत्या वर्ष 2012 में रांची-खूंटी बॉर्डर पर हुई थी. मृतक के भाई चामू साहू ने लापुंग थाना में कांड संख्या 21/2012 दर्ज करवाया था. इस मामले का रांची सिविल कोर्ट के अपर न्याययुक्त विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट में ट्रायल चला. पुलिस ने सूचक चामू साहू के आरोपों को साबित करने के लिए पांच गवाह कोर्ट के समक्ष पेश किये थे. लेकिन सभी गवाह और पुलिस द्वारा पेश किये गये साक्ष्य यह साबित करने के नाकाम रहे कि तिलकेश्वर गोप ने एतवा साहू की हत्या की थी. इसके बाद कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में तिलकेश्वर गोप को बरी कर दिया. आरोपी तिलकेश्वर गोप उर्फ राजेश गोप की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की.

# शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ली है. ईडी और योगेंद्र तिवारी का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. अब न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट जमानत पर क्या फैसला सुनाती है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा. इससे पहले रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट ने तिवारी को जमानत देने से इनकार कर दिया था.

**19 अक्टूबर 2023 को ईडी ने किया था गिरफ्तार :** बता दें कि ईडी ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को पिछले साल 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था. उन पर शराब घोटाला के जरिये अवैध कमाई करने और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है. इस मामले में ईडी ने 23 अगस्त 2023 को 34 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी. इनमें योगेंद्र तिवारी के देवघर व डॉ. राजीव पांडेय डी-2 स्थित मेसर्स संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड और जामताड़ा के दो ठिकाने शामिल थे.

### सोशल एक्टिविस्ट पंकज यादव अफ्रीका में सम्मानित
# मेडागास्कर में मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

- **सोशल एक्टिविस्ट पंकज यादव भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा मुखर हो लड़ाई लड़ते रहे हैं**

संवाददाता। रांची

झारखंड के सोशल एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला है. पंकज को मेडागास्कर की राजधानी एंटानानारिवो में सम्मानित किया गया है. ओरफिलिनत होप नाम की अंतरराष्ट्रीय संस्था ने पंकज यादव को झारखंड में जनाधिकार के प्रति लोगों को जागरूक करने, पब्लिक राइट के तहत हक की लड़ाई लड़ने समेत जनहित में किये गए कार्यो के लिए सम्मान दिया है. मेडागास्कर सरकार के सहयोग से संचालित इस अंतरराष्ट्रीय संस्था ने पंकज के सम्मान में समारोह का आयोजन किया था.

संस्था के बच्चों के बीच पंकज यादव ने झारखंड में किये गए जनहित कार्यों का उल्लेख किया और भारत में जनता के लिए बनाये गये शिक्षा के अधिकार, भोजन के अधिकार ,सेवा के अधिकार, स्वास्थ्य के अधिकार समेत अन्य अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी दी. मेडागास्कर के बच्चों ने उत्सुकता से भारत के लोगों और बच्चों को दिए गए अधिकारों को सुना और अपने अनुभव शेयर किये. संस्था के आमंत्रण पर मेडागास्कर पहुंचे पंकज यादव ने भारत और मेडागास्कर के पुराने संबंधों को भी जाना. उल्लेखनीय है कि पंकज यादव झारखंड में मुखर होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते हैं.



### झारखंड में फिर चढ़ेगा पारा, तीन से पांच डिग्री से. तक वृद्धि की संभावना
# आज से पांच दिनों तक छाये रहेंगे बादल

**मौसम अलर्ट**

- **24 घंटे में डाल्टनगंज का तापमान सबसे ज्यादा रहा**
- **20 मई को उत्तर-पूर्वी भागों में हल्के बारिश की आशंका**

संवाददाता। रांची

झारखंड में एक बार फिर तपिश बढ़ने वाली है. मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है. 15 से 19 मई तक राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में आंशिक बादल छाये रहेंगे और मौसम शुष्क रहेगा. वहीं 20 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना है.

**राज्य में कहीं-कहीं गर्जन व आंधी के साथ हुई बारिश**

बता दें कि मंगलवार को राज्य के उत्तरी भाग गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज व पाकुड़ में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश हुई. वहीं पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं गर्जन और आंधी के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई. सबसे अधिक वर्षा 36.8 एमएम धालभूमगढ़ (पूर्वी सिंहभूम) में दर्ज की गयी. सिमडेगा, खूंटी, बोकारो और जमशेदपुर में 38 से 26 किमी प्रति घंटे से तेज हवा चली. वहीं, डाल्टनगंज में उच्चतम तापमान सर्वाधिक 39.6 डिग्री सेल्सियस और रांची में सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

## केजी से 8वीं तक कक्षाएं 11:30 बजे तक चलेंगी

**रांची।** स्कूली शिक्षा विभाग ने मंगलवार को आदेश जारी कर कहा है कि सभी सरकारी और निजी स्कूलों में केजी से आठवीं तक की कक्षाएं सुबह सात बजे से दिन के 11:30 बजे तक चलेंगी. नौवीं से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेंगी. जारी आदेश में कहा गया है कि गर्मी छुट्टी के बाद सभी कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगी. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा.

**पीएच.डी. की उपाधि**



रॉंची विश्वविद्यालय रॉंची, झारखण्ड ने रिनपास कांके, की **निधि मेहता** को क्लिनिकल साईकोलोजी में पीएचडी की उपाधि प्रदान किया। डिबडीह रॉंची निवासी निधि मेहता,पुत्री डॉ. सचि कुमारी एवं पति अमित रंजन ने अपना शोध कार्य प्रोफ़ेसर मशरूर जहाँ, डिपार्टमेंट ऑफ़ क्लिनिकल साईकोलोजी रिनपास के निर्देशन में पूरा किया। इनके शोध का विषय "**डेवलपमेंट ऑफ़ माड्युल फॉर एम्पावरिंग एडोलेसेंट्स फॉर इमोशन रेगुलेशन** "(Development of Module for Empowering Adolescents for Emotion Regulation) था। इस कार्य में सहयोग के लिए मार्गदर्शक, परिवार के सदस्यों, प्रेरकों का आभार।

### पहल | औद्योगिक कंपनियों को मिले 31.19 करोड़, हेम्योपैथी दवा से लेकर इस्पात उद्योग शामिल
# इंडस्ट्रीयल पॉलिसी के तहत 15 उद्योगों को मिला इंसेंटिव

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए उद्योग विभाग ने इंसेंटिव देना शुरू कर दिया है. ये इंसेंटिव झारखंड फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज पॉलिसी, झारखंड इंडस्ट्रीयल इंवेस्टमेंट एंड प्रमोशन पॉलिसी, झारखंड इंडस्ट्रीयल इंवेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिस इंटरेस्ट सब्सिडी, कांप्रेहिंसव प्रोजेक्ट इंवेस्टमेंट सब्सिडी और झारखंड टेक्सटाइल एपेरेल एंड फूटवेयर पॉलिसी के तहत दिए जा रहे हैं. अभी कुल 15 उद्योगों को इंसेंटिव दिए गए हैं.



**इन उद्योगों को मिला निवेश पर सब्सिडी**

उद्योग विभाग ने आदित्यपुर के खेतान एक्सटरसन प्राइवेट लिमिटेड, सरायकेला-खरसांवा के भालोटिया मल्टीकॉस्ट प्राइवेट लिमिटेड, नगड़ी रांची में स्थापित होम्योपैथी दवा बनाने वाली कंपनी बोयरिक रिसर्च लैब्रोट्री और जमशेदपुर में टाटा रेडियेटर लिमिटेड को निवेश सब्सिडी के रूप में इंसेंटिव दिया है.

**इन उद्योगों को दिया गया इंसेंटिव**

राज्य सरकार ने फूड प्रोसेसिंग पॉलिसी के तहत खूंटी में स्थापित स्वास्तिक सोलवेंट एग्रो कंपनी को रिफाइंड राइस ब्रांड ऑयल के लिए इंसेंटिव दिया है. वहीं बोकारो के सिद्धीजी इस्पात उद्योग और झुमरी तिलैया में स्थापित दादीजी स्टील मैन्यूफैक्चरिंग इंडस्ट्रीज को कांप्रेहेंसिव प्रोजेक्ट इंवेस्टमेंट सब्सिडी पॉलिसी के तहत इंसेंटिव दिया है.

**किस पॉलिसी के तहत कितनी दी गई राशि**

| पॉलिसी | राशि (लाख में) |
|---|---|
| फूड प्रोसेसिंग | 500.00 |
| इवेंस्टमेंट प्रमोशन | 875.34 |
| इंटरेस्ट सब्सिडी | 16.83 |
| इंवेस्टमेंट सब्सिडी | 302.42 |
| टेक्सटाइल एपेरेल | 1560.72 |

**टेक्सटाइल में इन उद्योगों को मिला इंसेंटिव**

टेक्सटाइल औप एपेरेल उद्योग में ओर्बन डिजाइन (बुंडू), किशोर एक्सपोर्ट (इरबा, रांची),ओरियेंट क्राफ्ट( रांची), वेलेंशिया एपेरेल (ओरमांझी), मेटरिक्स क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड (ओरमांझी), अरविंद स्मार्ट टेक्सटाइल (नामकुम) और श्रीगणपति क्रिएशन (ओरमांझी) को इंसेंटिव दिया गया है.

**तारा शाहदेव केस**
## कोहली की मां व मुश्ताक को हाईकोर्ट से बेल

**रांची।** नेशनल शूटर तारा शाहदेव के साथ यौन उत्पीड़न करने के दोषी रंजीत सिंह कोहली की मां कौशल रानी और हाईकोर्ट के बर्खास्त रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद को बड़ी राहत मिली है. झारखंड हाईकोर्ट ने दोनों दोषियों को जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है. दरअसल, रांची की सीबीआई कोर्ट ने रंजीत कोहली को अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा दी थी. वहीं कौशल रानी और मुश्ताक अहमद को 10 साल की सजा सुनायी थी. रांची सीबीआई कोर्ट के आदेश को मुश्ताक और कौशल रानी ने झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी थी.

**क्लासिफाइड**

**उत्कर्ष साइंस इंटर कॉलेज हजारीबाग (साइंस एवं आर्ट्स)**



साइंस, आर्ट्स नामांकन जारी (सत्र 2024/2026)

छात्रों का निशुल्क नामांकन

कॉलेज फैसिलिटी
1. रेगुलर क्लास की व्यवस्था
2. प्राइवेट ट्यूशन की आवश्यकता नहीं
3. प्रत्येक माह 2 दिन प्रैक्टिकल कीसुविधा
4. रिवीजन के साथ टेस्ट
5. साइंस टेस्ट की सुविधा
6. कमजोर छात्रों के लिए एक्स्ट्रा क्लासेस की सुविधा
7. इंग्लिश स्पोकन क्लासेस
8. हॉस्टल फैसिलिटी
9. स्कॉलरशिप कीसुविधा

संपर्क करें : जावरा रोड, नियर शिव मंदिर, कोर्रा, हजारीबाग
मोबाइल नंबर- 971141963,7209563687,7970724567

GEETA INTER COLLEGE, H.BAG
SCIENCE | ARTS | COMMERCE
Admission is Going On



Features :
Girls Campus : With Hostel
Boys Campus : Without Hostel Facility
Zabra, Korrah, Hazaribagh
9835486174, 99054 84481, 8210363904

तापमान
36.0⁰ अधिकतम | 21.4⁰ न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, बुधवार 15 मई 2024 ● बैशाख शुक्ल पक्ष 08 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 36 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# होर्डिंग खतरनाक तो नहीं! जांच है जरूरी

**रांची। मुंबई में करीब 7000 स्क्वायर फीट का होर्डिंग पेट्रोल पंप पर गिर गया. इससे 14 लोगों की मौत हो गई. अनेकों लोग घायल हो गए. इस होर्डिंग की लंबाई-चौड़ाई एक वर्ल्ड रिकॉर्ड थी. होर्डिंग गिरने के बाद एक बार फिर से इस बात को लेकर बहस छिड़ गई है कि रांची शहर में सड़क किनारे लगे विशालकाय होर्डिंग, घरों की छतों पर लगे होर्डिंग कितने सुरक्षित हैं. सालों से होर्डिंग लगे हैं. तूफान में कई बार होर्डिंग उखड़ने, टूटने की घटनाएं तो हुईं हैं, लेकिन कभी को बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है. हम यह दावा तो नहीं करते कि रांची में लगे होर्डिंग कमजोर है या खतरनाक हैं, लेकिन यह भी एक सच है कि होर्डिंग या जिस पीलर या रॉड पर होर्डिंग को खड़ा किया गया है, उसकी मजबूती की कभी जांच नहीं हुई है. इसलिए यह जरुरी है कि होर्डिंग लगाने वाली कंपनियां और नगर निगम इस बात की जांच करे कि जो होर्डिंग्स लगी हैं, वे सुरक्षित हैं या नहीं.**



ओवरब्रिज के पास भी होर्डिंग के लिए लोहे के ही फ्रेम लगाये गये हैं, ऐजेंसी से जांच कराना जरूरी है कि ये कितने भरोसे लायक हैं...



एमजी रोड में अलबर्ट एक्का चौक के पास लगे होर्डिंग्स झुके हुए हैं, कहीं तेज हवा के झोंके और आंधी से गिरे तो हो सकता है बड़ा हादसा...

फोटो : सैयद रमीज



एकरा मस्जिद के पास ऊंची बिल्डिंग में होर्डिंग के लिए लगे फ्रेम में कहीं जंग तो नहीं लगा जांचना जरूरी है...



## ब्रीफ खबरें

### आज तीन जगहों पर सभा करेंगे हिमंता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व सरमा बुधवार को हजारीबाग, कोडरमा और धनबाद लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे. डॉ सरमा रामगढ़ जिले के रजरप्पा डीएवी मैदान में दिन के 11 बजे से, गिरिडीह जिले के जमुआ विधानसभा के ब्लॉक मैदान-देवरी में दोपहर 12.30 बजे से और धनबाद जिला के निरसा के चिरकुंडा स्थित श्रम कल्याण केंद्र में दोपहर 2.30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे.

### तेजस्वी आज चार चुनावी सभा को करेंगे संबोधित

**रांची।** राजद के स्टार प्रचारक और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव 15 मई को झारखंड दौरे पर रहेंगे. यहां वो चार चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे. तेजस्वी 15 मई की दोपहर 12.30 बजे कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के समर्थन में हाई स्कूल हंटरगंज में सभा करेंगे. इसके बाद 1.35 बजे हजारीबाग के कटकमसांडी स्थित छड़वा मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल, 2.30 बजे गिरिडीह के बेंगाबाद स्थित पेसरा टांड मैदान में झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो और कोडरमा के पांडियाडीह स्थित मधवाटांड पावर हाउस ग्राउंड में माले प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे.

### श्रीश्याम मंदिर का स्थापना दिवस 19 को

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्रीश्याम मंदिर का आठवां स्थापना दिवस 19 मई को धूमधाम से मनाया जायेगा. श्रीश्याम मित्र मंडल की ओर से इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है. प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मुख्य समारोह रात साढ़े नौ बजे शुरू होगा. खाटू नरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं का भव्य श्रृंगार किया जाएगा. अध्यक्ष सुरेश सरावगी धर्मपत्नी अन्नपूर्णा सरावगी संग पूजन कर अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे.

### सीएम के निर्देश के बाद शुरू हुई निर्माण कार्य की कसरत

# तिरंगा फहराने जैसा हाल न हो जाए रोपवे योजना का

**राजन बॉबी। रांची**

पहाड़ी मंदिर में विश्व का सबसे बड़ा तिरंगा फहराने का सपना मात्र सपना बन कर ही रह गया है. कहीं उसी तरह रोपवे परियोजन भी ख्वाब बन न जाये. कुछ ऐसा ही अंदेशा भक्तों को सता रहा है. मंगलवार को कुछ भक्तों ने अपनी भावना साझा करते हुए बेबाकी से कहा कि मिट्टी के पहाड़ पर रोपवे बनने से न सिर्फ पहाड़ी मंदिर का प्राकृतिक सौंदर्य बिगड़ेगा, बल्कि राज्य के धरोहर की भी हानि होने की पूर्ण संभावना है. विश्व का सबसे बड़ा तिरंगा फहराने की अधिकारियों की जिद ने तो पहले ही मंदिर का बंटाधार कर दिया है, अब कुछ लोगों की महत्वाकांक्षा कहीं इसे धरातल में न पहुंचा दे. **प्रस्तुत है शुभम संदेश की खास रपट...**





**राइट्स के इंजीनियरों को है सॉइल टेस्ट का इंतजार**

### व्यवसायिक लाभ के लिए किया जा रहा : बंटी शर्मा




पहाड़ी मंदिर के विकास को लेकर वर्षों संघर्ष करने वाले बंटी शर्मा का मानना है कि रोपवे योजना किसी भी तरह से ठीक नहीं है. व्यवसायिक लाभ के लिए ऐसा किया जा रहा है. इसके दुष्परिणाम होंगे. 80 प्रतिशत वाहन का रास्ता पहले से बना हुआ है. उसे ही ठीक-ठाक करा कर विविध माध्यमों से सीढ़ी न चढ़ पाने वाले असहायों के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए. रोपवे से प्रकृति सौंदर्य तो बिगड़ेगा ही मंदिर के धंसने की भी पूर्ण संभावना है.

### रोपवे से असहायों को होगी सहूलियत : राजेश




मंदिर विकास समिति के सदस्य राजेश कुमार साहू बताते हैं कि यदि यह योजना धरातल पर उतरी, तो असहायों को सहूलियत होगी. 428 सीढ़ी चढ़ कर पहाड़ी बाबा का दर्शन करना सभी के लिए संभव नहीं हो पाता है. बताया कि रोपवे, कॉरिडोर और परिक्रमा पथ बनाने की योजना का कार्य केंद्रीय एजेंसी राइट्स को सौंपा गया है. मंदिर के लिए यह सब ठीक है कि नहीं, इस पर तो जियोलाजिकल सर्वे टीम के रिर्पोट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है.

### मंदिर का प्राकृतिक सौंदर्य बिगड़ेगा : विजय ठाकुर




पहाड़ी मंदिर का प्राकृतिक सौंदर्य बना रहे, इसके लिए तमाम प्रयास किये जाने चाहिए. रोपवे निर्माण से यह संभव प्रतीत नहीं होता. यह योजना मंदिर के लिए किसी भी तरह से सही नहीं है. पहाड़ी जहां-तहां से ढह रही है. मुख्य मंदिर पर भी संकट मंडरा रहा है. भुरभुरी मिट्टी होने के बाद भी बिना पर्याप्त जांच पड़ताल के भारी भरकम पोल खड़ा कर दिया गया. अब रोपवे निर्माण कार्य सुरक्षा तथ्यों को ध्यान में रख कर ही शुरू किया जाना चाहिए.

### पहाड़ी की तलहटी पर हो रोपवे का भार : मनोज मिश्र



मंदिर के पुजारी मनोज मिश्रा बताते हैं कि पहाड़ी की तलहटी पर यदि सारा भार देकर रोपवे बनाया जाये, तो ही ठीक रहेगा. क्योंकि, पहाड़ी की चोटी भार सहन करने के लायक नहीं है. आये दिन ऊपर से मिट्टी धंस रही है. पहाड़ी मंदिर में ज्यादा से ज्यादा मिट्टी भरने की जरुरत है, ताकि पहाड़ी मंदिर का आस्तित्व बचा रहे. मंदिर को भूस्खलन से बचाने के लिए भी तमाम उपाय किये जाने चाहिए. इसके साथ ही प्राकृतिक सौंदर्य न बिगड़े, इस पर भी ध्यान देना होगा.

### फ्लैग पोल के कारण पहले से ही खतरा : सुनील ठाकुर



विश्व का सबसे ऊंचा तिरंगा फहराने की अधिकारियों की जिद से मंदिर पहले से ही खतरे में है, ऐसे में रोपवे का निर्माण ठीक नहीं है. 293 फीट ऊंचे फ्लैग पोल पर न तो तिरंगा टिका और न ही पोल. साल भर के अंदर ही झंडा फहराने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया. पहाड़ी जहां-तहां से ढह रही है. पहाड़ी बाबा के मुख्य मंदिर पर भी अब संकट मंडरा रहा है. पहले इसे बचाना जरुरी है न कि महत्वाकांक्षी योजना का श्रीगणेश करना.

### फीजिबिलिटी स्टडी रिपोर्ट के बाद ही शुरू होगा काम : अभिषेक रंजन



केंद्रीय एजेंसी राइट्स के इंजीनियर अभिषेक रंजन ने बताया कि पहाड़ी मंदिर की मिट्टी व जमीन की फीजिबिलिटी स्टडी की जा रही है. जियोलाजिकल सर्वे टीम की पॉजिटिव रिर्पोट के बाद ही रोपवे सहित अन्य निर्माण कार्य शुरू किये जाएंगे. उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में एक से बढ़ कर एक टेक्नोलॉजी विकसित हो गयी है और आधुनिक तकनीक से सभी कार्य संभव हैं.

### आठ लाख लोगों को नहीं मिलेगा पानी

# रुक्का वाटर प्लांट से आज बाधित रहेगी पानी की आपूर्ति

**विशेष संवाददाता। रांची**

*रुक्का से बूटी तक विभिन्न राइजिंग पाइप लाइन की होगी मरम्मत*

*सुबह 9 से शाम 7 बजे तक बंद रहेगा वाटर प्लांट*

रुक्का वाटर प्लांट से बुधवार को वाटर सप्लाई सेवा बाधित रहेगी. रुक्का डिविजन से मिली जानकारी के अनुसार, रुक्का प्लांट से बूटी जलागार तक विभिन्न राइजिंग पाइप लाइनों का लीकेज ठीक किया जाएगा. जिसकी वजह से 15 मई को सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक रुक्का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी. इसकी जानकारी कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर ने दी.

**इन क्षेत्रों में बाधित रहेगी वाटर सप्लाई :** पाइप लाइनों की मरम्मत के कारण इरबा, बूटी मोड़, विकास, बीआईटी, दीपाटोली, कोकर, कांटाटोली, एमईएस नामकुम, रेलवे कॉलानी, निवारणपुर, मेन रोड, चुटिया, बहु बाजार, सिरम टोली, हिंदपीढ़ी, चर्च रोड, लालपुर, वर्द्धमान कपाउंड, बरियातू रोड, रिम्स, मोरहाबादी, अपर बाजार, हरमू रोड, रातू रोड, पिस्का मोड़, मधुकम, महुआ टोली, पहाड़ी मंदिर एरिया, कुम्हार टोली, केशव नगर, किशोरगंज, कैलाश नगर, गाड़ीखाना चौक और आसपास के इलाकों में वाटर सप्लाई बाधित रहेगी.



**इन लाइनों का लीकेज किया जाएगा ठीक**

- मनन विद्यालय, जुमार पुल
- बंस जुड नियर रुक्का
- रंगलौरी ब्रिज नंबर- 03
- वेल्डिंग रिपेयरिंग नियर एनसीसी कैंपस रुक्का
- वेल्डिंग रिपेयरिंग नियर ओल्ड डब्लूटीपी नियर रुक्का

### 16 मई को भी जल आपूर्ति हो सकती है बाधित

राइजिंग पाइप लाइनों का मरम्मत कार्य 15 मई को देर शाम 7 बजे तक चलेगा. ऐसे में अगले दिन यानी 16 मई को भी वाटर सप्लाई बाधित हो सकती है. हालांकि 17 जून से वाटर सप्लाई सामान्य होने की संभावना है. दूसरी तरफ अगर मरम्मत का काम समय पर पूरा हो गया, तो देर शाम ही रुक्का वाटर प्लांट में पानी आ जाएगा. ऐसे में बूटी जलागार को देर रात ही वाटर सप्लाई हो जाएगी.

# 12 जिलों के सीएम एक्सीलेंस स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षकों की ट्रेनिंग शुरू

**संवाददाता। रांची**

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) में मंगलवार से प्रोजेक्ट इंपैक्ट से संबंधित 10 दिवसीय कार्यशाला के दूसरे फेज की शुरुआत हुई. इसमें जेसीइआरटी के निदेशक आदित्य रंजन ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट के उद्देश्य, इसके लाभ, क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी. प्रशिक्षण में राज्य भर के 12 जिलों के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों (गैर आवासीय) के प्राचार्य और एक शिक्षक शामिल हुए. प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे चरण में सरायकेला खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, खूंटी, रामगढ़, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, पलामू, गढ़वा, सिमडेगा, चतरा के प्राचार्यों और शिक्षकों ने भाग लिया. कार्यशाला में योग, मेडिटेशन, जुम्बा, एयरोबिक्स, गिल्ली-डंडा, कंचा, रस्साकशी, पिट्टो जैसे पारंपरिक खेलों की जानकारी दी जा रही है.

# ढुल्लू ने 50 से अधिक ग्रामीणों की जमीन हड़प ली: सरयू राय

**संवाददाता। रांची**

*ढुल्लू के पक्ष में आये चंद्रशेखर अग्रवाल, कहा- धनबाद छोड़ कर अपने विधानसभा जाएं, नहीं तो राजा पीटर जैसा हाल होगा*

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने फिर ढुल्लू महतो पर प्रहार किया है. उन्होंने ढुल्लू पर 50 से भी अधिक ग्रामीणों की जमीन हड़पने का आरोप लगाया है. सरयू राय ने कहा कि ढुल्लू महतो ने भोले भाले ग्रामीणों की जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है. चहारदीवारी बनाकर जमीन घेर ली है. सरयू राय ने दरिदा और लेढीडूमर मौजा की 200 एकड़ जमीन पर चहारदीवारी बना कर कब्जा करने का आरोप लगाया. राय के अनुसार ढुल्लू महतो ने जेल से भी ऊंची दीवारें बना कर 50 से अधिक रैयत किसानों की जमीन पर कब्जा किया है और दबाव बना रहे हैं कि वे अपनी जमीन सस्ती दामों पर उसे बेच दे. जमीन रैयतों-किसानों की है, इसके कागजी प्रमाण मौजूद हैं.

### बचाव में उतरे भाजपा नेता

ढुल्लू का बचाव करते हुए पूर्व मेयर एवं भाजपा नेता चंद्रशेखर अग्रवाल ने सरयू राय के आरोपों का गलत करार दिया है. तंज कसा कि पहले सरयू राय ने कहा कि वह धनबाद से चुनाव लड़ेंगे, जनता का समर्थन मिल रहा है. इसके बाद वह चुनाव नहीं लड़े. अग्रवाल ने कहा कि बयानबाजी से लोकतंत्र नहीं चलता है. उनका (सरयू राय) हाल राजा पीटर जैसा है, उन्हें यहं से बोरिया बिस्तर समेट कर अपने विधानसभा में जाना चाहिए.

**नियुक्ति** | एनजीटी के आदेश के बाद राज्य सरकार सक्रिय, बोर्ड में सक्षम अफसर की जरूरत, निकाला विज्ञापन

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में अध्यक्ष और सदस्य सचिव की होगी नियुक्ति

**रवि भारती। रांची**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सख्ती के बाद राज्य सरकार ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में अध्यक्ष और सदस्य सचिव पद के लिए नियुक्ति का विज्ञापन जारी कर दिया है. जानकारी के अनुसार, अध्यक्ष पद की रेस में कई सेवानिवृत आइएएस, आइएफएस सहित कई पर्यावरणविद भी शामिल हैं. बताते चलें कि एनजीटी झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड के क्रियाकलापों को लेकर नराजगी जताई थी. कहा था कि प्रदूषण बोर्ड में काबिल अफसरों की तैनाती करें. एनजीटी ने यह मामला झारखंड सरकार के संज्ञान में भी लाया है. कहा है कि बोर्ड में सक्षम अफसर की जरूरत है.




### प्रभार में चल रहे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्य सचिव

झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्य सचिव का पद प्रभार में चल रहा है. निर्दलीय विधायक सह पूर्व कैबिनेट मंत्री सरयू राय ने भी इस मामले में मुख्य सचिव को पत्र लिखा था. पत्र में कहा गया था कि झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष व सचिव पद पर नियुक्तियां करते समय विशिष्ट ज्ञानयुक्त पूर्णकालिक पदाधिकारी को ही इन पदों पर पदस्थापित किया जाना चाहिए.

### एनजीटी दे चुका है कार्रवाई का आदेश

ट्रिब्यूनल ने पर्यावरणीय कानून और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करने के लिए बोर्ड से सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश राज्य के मुख्य सचिव को भी दिया है. कहा है कि सदस्य सचिव का कार्य उनमें कानून की पूर्ण अज्ञानता और अवहेलना को दर्शाती है. मुख्य सचिव को उक्त आदेश सदस्य सचिव की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में लगाने कहा.

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में अध्यक्ष पद के लिए इन अहर्ताताओं का होना जरूरी

- डेपुटेशन- कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर चेयरमैन की नियुक्ति होनी है.
- **केंद्र, राज्य सरकार, पब्लिक सेक्टर में कार्यरत वांछित योग्यता रखने वाले कैंडिडेट इसके लिए आवेदन कर सकते हैं.**
- इन्वायरमेंटल साइंस में मास्टर डिग्री या इन्वायरमेंट रिलेटेड विषय में डिग्री होनी चाहिए.
- **इन्वायरमेंटल प्रोटेक्शन या प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में 10 सालों का कार्यानुभव भी महत्वपूर्ण होगा.**
- ऐसे आइएएस या आईपीएस जो राज्य सरकार में प्रिंसिपल सेक्रेट्री लेवल पर कार्यरत हों, वे भी आवेदन के योग्य होंगे.
- **इस पद के लिए आवेदकों की अधिकतम आयु सीमा 62 वर्ष तक तय है. तीन सालों के लिए सिंगल टर्म के लिए इस पद पर नियुक्ति होगी.**

### सदस्य सचिव पद के लिए ये योग्यताएं हैं अनिवार्य

- सदस्य सचिव के पद के लिए केंद्र, राज्य सरकार, पब्लिक सेक्टर में कार्यरत लोगों के अलावा प्राइवेट सेक्टर से जुड़े योग्य लोग भी आवेदन कर सकते हैं.
- **इंजीनियरिंग (इन्वायरमेंटल) बैकग्राउंड के अलावे इंवायरमेंट में मास्टर डिग्री कैंडिडेट के पास होनी चाहिए.**
- इन्वायरमेंटल प्रोटेक्शन, प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में 10 सालों का अनुभव भी उसके पास हो.
- **इस पद के लिए आवेदन करने को अधिकतम आयु सीमा 55 और मिनिमम 45 वर्ष तय है.**
- तीन सालों के लिए इस पद पर सेवा ली जाएगी.

# किसने तोड़ डाली रिम्स के डॉक्टर्स कॉलोनी की बाउंड्री?

## द मिराज रेस्टोरेंट के संचालक पर लगा आरोप, तो बोले- मैं तो अपने खर्च से बाउंड्री बनवा रहा हूं

आकर्ष अनिकेत। रांची

रिम्स की डॉक्टर्स कॉलोनी की चहारदीवारी मंगलवार की सुबह तोड़ डाली गयी. बाउंड्री क्यों तोड़ी गयी, किसने तोड़ी या तोड़वाई, इसे लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं. मामले की जानकारी मिलने पर शुभम संदेश संवाददाता ने कॉलोनी में पहुंच कर स्थल का जायजा लिया, तो पाया कि बाउंड्री तोड़ी हुई थी और ईंट वहां से हटा कर दूसरी जगह रख दिए गए थे. कॉलोनी के लोगों का कहना है कि बरियातू थाना परिसर से थोड़ा आगे सब्जियों और फल की दुकानें हैं. यही बगल से रास्ता डॉक्टर्स कॉलोनी में जाता है. आगे छोटा मैदान है, कॉलोनी की बाउंड्री है और उसके पीछे बस्ती और द मिराज रेस्टोरेंट है. रेस्टोरेंट तक पहुंचने के लिए संकरी गली है. चूंकि कॉलोनी की बाउंड्री बस्ती और रेस्टोरेंट से सटी हुई, रेस्टोरेंट में जाने का रास्ता संकरा है, इसलिए कॉलोनी के डॉक्टर्स का आरोप है कि रेस्टोरेंट संचालक ने इंट्रेस बड़ा करने के लिए सरकारी बाउंड्री तोड़वा डाली, ताकि ग्राहकों का फ्लो बढ़े और उनके वाहन पार्किंग के लिए कॉलोनी के मैदान में बड़ी जगह मिल जाए. बाउंड्री तोड़वाने से रेस्टोरेंट संचालक को ही फायदा है.हालांकि रेस्टोरेंट संचालक शशिभूषण गुप्ता का कहना है कि इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है. कुछ लोग उन्हें और उनके रेस्टोरेंट को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं. वे खुद टूटी बाउंड्री बनवा रहे हैं. इस पर डॉक्टरों ने सवाल उठाये, जब रेस्टोरेंट संचालक ने सरकारी बाउंड्री तोड़ी ही नहीं, तो अपने खर्च पर बनवा क्यों रहे हैं?



**डॉक्टर्स ने उठाये सवाल जब तोड़ा ही नहीं, तो सरकारी बाउंड्री अपने खर्च पर क्यों बनवा रहे?**



### डॉक्टर्स ने रेस्टोरेंट संचालक को जिम्मेवार बताया

डॉक्टर्स कॉलोनी की बाउंड्री अचानक मंगलवार की सुबह तोड़े जाने पर कॉलोनी में रह रहे लोग व डॉक्टर्स अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित हो गये. डॉक्टरों ने कहा कि जिस तरह से पूरे कैंपस में अतिक्रमण बढ़ रहा है, यह सीधे-सीधे उनके घरों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है. डॉक्टरों ने बाउंड्री तोड़ने के लिए रेस्टोरेंट संचालक शशिभूषण गुप्ता को जिम्मेवार ठहराया. उनका आरोप है जिसे अपना फायदा होगा, वहीं न बाउंड्री तोडवाएगा. भला दूसरे लोग या बस्ती के लोग रेस्टोरेंट के पास बाउंड्री क्यों तोड़वाएंगे. चूंकि कॉलोनी के बाहर बस्ती है और कोई बड़ी दुकान भी नहीं है, सिर्फ रेस्टोरेंट ही है, तो समझा जा सकता है कि इससे किसे फायदा है.

**खुद बाउंड्री बनवा रहा हूं :** द मिराज रेस्टोरेंट के संचालक शशिभूषण गुप्ता का कहना है कि उन्होंने बाउंड्री नहीं तोड़वायी है. दीवार तोड़कर उन्हें कोई फायदा नहीं होगा. कहा कि जब सुबह उन्होंने बाउंड्री टूटी हुई देखी, तो खुद ही मरम्मत का काम भी शुरू करवा दिया.

# बीजेपी पंडरा ने चलाया जनसंपर्क अभियान, 400 पार का दिया नारा

संवाददाता। रांची



बीजेपी पंडरा मंडल के अध्यक्ष सुबेश पांडे ने भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मंगलवार को जनसंपर्क अभियान चलाया. अभियान में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने मुहल्लेवासियों से अपील किया कि कमल का बटन दबाकर देश को मजबूती प्रदान करने वाले प्रधानमंत्री बने नारे के साथ अबकी बार 400 पार फिर एक बार मोदी सरकार के लिये अपील की. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने झारखंड को लूट का अड्डा बनाया, वहीं झामुमो ने झारखंड के जल, जंगल और जमीन को लूटने का काम किया.

**जनसंपर्क अभियान में ये रहे मौजूद :** जनसंपर्क अभियान शास्त्री चौक, मधुकम, साई विहार कॉलोनी, स्वर्ण जयंती नगर, न्यू मधूकम रोड नंबर 5 समेत विभिन्न मोहल्लों में अभियान चला. अभियान में भाजयुमों के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, भीम प्रभाकर, पार्षद प्रतिनिधि राहुल चौधरी, मिथलेश केसरी, सुधीर सिंह, आलोक कुमार परमार, सतीश सिंह, अशोक मुंडा, राजकुमार, विनोद वर्मा, ज्योति शंकर साहू, सोनू श्रीवास्तव व अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### भाजपा ने नुक्कड़ सभा कर मांगा वोट

**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी ने रांची के लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में शहर के कई हिस्सों में जन संपर्क अभियान व पदयात्रा कर लोगों से मतदान की अपील की है. वहीं जनसंपर्क अभियान चला कर लोगों से समर्थन मांगा. मौके पर प्रभुदयाल बड़ाईक, नुक्कड़सभा सहप्रभारी मनोज चौधरी मौजूद थे. कुचु मंदरो बस्ती, सदमा चौक ओरमांझी, पिस्का ओरमांझी, चुटुपालु ओरमांझी, चेतन बारी ओरमांझी, खिजरी, उलातू बस्ती, नारो बाजार नगड़ी हटिया, झखराटांड रातु पश्चिमी, रवि स्टील रातु पूर्वी, ओरमांझी बाजार खिजरी, चकला ब्लॉक खिजरी, बिकास चौक मेसरा कांके, बीआईटी चौक मेसरा कांके, डुमरदगा बरियातु कांके में जनसंपर्क व पदयात्रा कर लोगों से समर्थन की अपील की गई.

### भाजपा ने सुशील मोदी के निधन पर शोक जताया

**रांची।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी के निधन पर प्रदेश भाजपा ने शोक जताया है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दुखद सूचना से मन अत्यंत व्यथित है. देश एवं समाज सेवा में जीवनपर्यंत समर्पित रहने वाले सुशील मोदी का निधन पार्टी एवं राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है. ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति दे. नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी के निधन पर मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं.

### मंच ने सुशील मोदी को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** जेपी विचार मंच ने मंगलवार को शोक सभा कर सुशील मोदी को श्रद्धांजलि दी. प्रदेश अध्यक्ष सतेंद्र कुमार मल्लिक ने कहा कि छात्रों की समस्या समाधान के साथ राष्ट्रीय राजनीति में इनका योगदान अहम रहा. आईएसएम पुंदाग के निर्देशक आरएके वर्मा ने कहा कि सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन में नैतिक मूल्यों का सदा ही उन्होंने ख्याल रखा. भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता और झारखंड ग्रामीण बैंक के निर्देशक प्रेम मित्तल ने कहा कि राजनीतिक जीवन में या सामाजिक जीवन में हमेशा मोदी ने लोगों की मदद करते थे. प्रदेश प्रवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि छात्र आंदोलन से लेकर के राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका सदैव याद की जाएगी.

## आरोप : पोलिंग एजेंट ने चुनाव चिह्न व मोदी के फोटो वाली पर्ची बांटी

# झामुमो व कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ ईसी से की शिकायत

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं झामुमो का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मिलकर भाजपा द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किए जाने का आरोप लगाया है. उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बताया कि सिंहभूम के मंझारी प्रखंड, बालाजोरी, ब्लॉक सोनुवा, डुमरगाड़ी एवं सुरून्द, खूंटी में भाजपा का पोलिंग एजेंट चुनाव चिन्ह और मोदी की फोटो वाली पर्ची लेकर लोगों को बांटा गयी, जो कि आचार संहिता का उल्लंघन है. उन्होंने कहा कि भाजपा चार चरणों में अपनी हार को देखते हुए इस तरह का कदम उठा रही है. झारखंड में और तीन चरणों का चुनाव अभी बाकी है. इसलिए निर्वाचन आयोग से हमारी मांग है कि इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो और जो इस तरह के काम किए है, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाय, ताकि लोकतंत्र में लोगों का भरोसा बना रहे. प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, झामुमो के जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम, कमल ठाकुर, हेमलाल आदि शामिल थे.



### लोकतंत्र बचाओ अभियान ने पीएम-भाजपा की पर्ची बांटने की शिकायत आयोग से की

**रांची।** लोकतंत्र बचाओ अभियान ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिख कर आदर्श आचार संहिता के लगातार उल्लंघनों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाई की मांग की है. पत्र में कहा गया है कि 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू में भाजपा द्वारा किये गए आदर्श आचार संहिता का व्यापक उल्लंघन किया गया. मतदान के एक दिन पहले भी भाजपा द्वारा मतदाताओं को पार्टी चिह्न, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनावी नारे के साथ छपी हुई मतदाता पर्चियां बांटी गयी. मतदान के दिन भी बूथ के ठीक सामने एवं 100 मीटर के अन्दर पार्टी कार्यकर्ता व एजेंट द्वारा ऐसी पर्चियां बांटी जा रही थी. संगठन ने कहा कि यह आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है और मतदाताओं को भ्रमित करने का एक तरीक़ा है. कई बूथों से तुरंत जिला निर्वाचन पदाधिकारी व आपको शिकायत की गयी थी और फिर प्रशासन व पुलिस द्वारा उन बूथों पर इसे बंद करवाया गया. लेकिन यह साफ़ है कि चारों लोक सभा क्षेत्रों में भाजपा द्वारा ऐसी पर्चियां बांटी गयी थी. यह साफ़ दर्शाता है कि आदर्श आचार संहिता को पूर्ण रूप से लागू करवाने में एवं उसके उल्लंघनों की निगरानी में बहुत ढिलाई है.

### भाजपा के स्टार प्रचारक दे रहे हैं नफरती भाषण

संगठन ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को फिर से याद दिलाया है कि भाजपा के स्टार प्रचारकों द्वारा लगातार अपने चुनावी भाषणों में मुसलमानों के विरुद्ध नफरत, झूठी बातों का प्रचार और धार्मिक ध्रुवीकरण कर वोट मांगा जा रहा है. तीन-चार मई को प्रधान मंत्री मोदी ने अपनी तीनों सभाओं में नफरती भाषण दिया एवं आचार संहिता व लोक प्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन किया था. इसके विरुद्ध आपको 6 मई 2024 को संलग्न शिकायत दी गयी थी. फिर से 10 मई को गृह मंत्री अमित शाह और 11 मई को प्रधान मंत्री मोदी ने अपने चुनावी भाषण में वही दोहराया. बहुत चिंताजनक है कि आचार संहिता व लोक प्रतिनिधित्व कानून के बार बार व घोर उल्लंघनों पर चुनाव आयोग मूकदर्शक बना बैठा है. शिकायत कर्ताओं में लोकतंत्र बचाओ अभियान की ओर से अफजल अनीस, अंबिका यादव, अलोका कुजूर, भरत भूषण चौधरी, भाषण मानमी, दिनेश मुर्मू, एलिना होरो, ज्योति कुजूर, कुमार चन्द्र मार्डी, किरण, लीना, लालमोहन सिंह खेरवार, मेरी निशा हंसदा, मंथन आदि शामिल थे.

# 'गिरिडीह की जनता ने पीएम को नकारा, मुद्दे की बात रही गायब'

प्रमुख संवाददाता। रांची

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे को लेकर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की झारखंड (गिरिडीह) में चौथी चुनावी सभा हुई. लेकिन गिरिडीह की जनता ने प्रधानमंत्री की सभा को पूरी तरह से नकारने का काम किया. कहा कि पीएम ने कई बातें अपनी चुनावी सभा में कही. लेकिन हर बार की तरह इस बार भी मुद्दे की बात प्रधानमंत्री के शब्दकोश से गायब रहे. बेरोजगारी और महंगाई से पूरे देश की जनता परेशान है. लोग अपना घर नहीं चला पा रहे हैं. लाखों पद खाली हैं. करोड़ों युवा रोजगार की आस में घुम रहे हैं. लेकिन प्रधानमंत्री की इतनी हिम्मत नहीं कि जनता की मुद्दों पर वो बात कर सके और अपने दस सालों का काम गिनवा सके.



**2014 में राज्य से किये वादे भी भूल गये मोदी जी :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि 2014 में हुईं विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री ने अपने प्रचार अभियान में राज्य में आईआईटी संस्थान और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का वादा किया था. लेकिन वो यह वादा भूल गये. प्रधानमंत्री ने कोडरमा में मेडिकल कॉलेज खोलने का भी वादा किया था. 2018 में इसकी आधारशिला प्रधानमंत्री जी ने रखी थी. उन्होंने 2019 तक इस परियोजना को पूरा करने का वादा किया था. लेकिन इस गारंटी को भी प्रधानमंत्री भूल गये. यानी मोदी की गारंटी फर्जी निकली.

## कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी ने किया जनसंपर्क

# मोदी सरकार ने जनता को सिर्फ महंगाई व बेरोजगारी दी : सहाय



**रांची।** रांची लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि 2014 में जुमलों के सहारे सत्ता में आई मोदी सरकार 10 वर्ष के शासनकाल में देश की जनता को महंगाई और बेरोजगारी दी है. उन्होंने मंगलवार को कांके क्षेत्र के कई हिस्सों में जन संपर्क अभियान चलाया. कहा कि पीएम मोदी हर विषय पर बातें तो करते हैं, पर गरीबों की परेशानी और महंगाई पर कोई बात नहीं करते हैं. उन्होंने लोगों से अपील की कि कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के हाथों को मजबूत बनाएं.

जनसंपर्क अभियान यहां चला : कांके, ठाकुरगांव, सिदरोल, बुढ़मू, चकमे, यूमेडंडा, सारले, महुआखुरा, सुमो, बमने, राय, जतराताड़, चूरी होचर, खलारी, जी टाइप, लपरा, नवाडीह, धमधमिया, करकट्टा, बड़कीटाड़, जेहलीटाड़, केडी एरिया, मोहन नगर, डकरा मार्केट, चूरी और राय आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क व पदयात्रा कर लोगों से समर्थन मांगा.

### जनता जनविरोधी नीतियों से परेशान : सुबोधकांत

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि देश की जनता मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों से परेशान हो गई है. उन्होंने लोगों से अपील किया कि महंगाई व बेरोजगारी से मुक्ति के लिए कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को हाथ छाप पर वोट देकर विजय बनाएं और इंडिया गठबंधन के हाथों को मजबूत करें.

मौके पर सुश्री सहाय ने विभिन्न स्थानों पर कार्यलय का उद्घाटन किया, लोगों से मतदान की अपील की.

**यशस्विनी ने टाना भगतों से लिया आशीर्वाद :** संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बुढ़मू, ठाकुरगांव, उमेडंडा में मंगलवार को यशस्विनी सहाय ने जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान ठाकुरगांव के सिदरोल में टाना भगत गांव में टाना भगतों से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया.

# झारखंड के 13 जिला एवं सत्र जजों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की अधिसूचना जारी

**रांची। झारखंड हाईकोर्ट की अनुशंसा से राज्य के 13 जिला एवं सत्र न्यायाधीशों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की गयी है. कार्मिक विभाग की ओर से इसकी अधिसूचना मंगलवार को जारी कर दी गयी है.**

### जानें कौन कहां गये

- जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए दुमका) लक्ष्मण प्रसाद को अगले आदेश तक जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सत्र विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन ब्यूरो चाईबासा के पद पर नियुक्त किया गया.
- जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बोकारो योगेश कुमार सिंह को अपर न्याय आयुक्त सह विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन ब्यूरो रांची के पद पर नियुक्त किया गया.
- अपीलीय न्यायाधिकरण आरआरडीए रांची रमेश कुमार को पीठासीन पदाधिकारी श्रम न्यायालय जमशेदपुर के पद पर नियुक्त किया गया
- राकेश कुमार को पाकुड़ से स्थानांतरित करते हुए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश का विशेष न्यायाधीश सीबीआई धनबाद के पद पर नियुक्त किया गया
- पोस्को एक्ट डाल्टनगंज के विशेष न्यायाधीश प्रेम नाथ पांडे को अगले आदेश तक प्रधान न्यायाधीश अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय बोकारो बेरमो तेनुघाट के पद पर पदस्थापित किया गया
- जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गढ़वा संजीव कुमार सिंह को प्रधान न्यायाधीश अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय साहिबगंज के पद पर नियुक्त किया गया
- पास्को एक्ट लातेहारके विशेष न्यायाधीश अमित कुमार को अपर प्रधान न्यायाधीश अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय गिरिडीह के पद पर नियुक्त किया गया
- रंजीत कुमार को विशेष सचिव मंत्रिमंडल निगरानी विभाग रांची के पद पर नियुक्त किया गया
- वीरेंद्र कुमार तिवारी को विधि सलाहकार के रूप में ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड भेजा गया
- राजीव रंजन को विशेष न्यायाधीश देवघर के पद पर नियुक्त किया गया
- प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय पाकुड़ को जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाकुड़ एवं सरायकेला खरसावां के पद की शक्ति दी गयी.

# लोस चुनाव : 7वें चरण के लिए 68 प्रत्याशियों ने किया नामांकन



संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण (1 जून) में झारखंड के राजमहल, गोड्डा और दुमका तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है. सातवें चरण के लिए नामांकन का मंगलवार को अंतिम दिन था. नामांकन के अंतिम दिन 32 प्रत्याशियों ने नामांकन किया. इनमें राजमहल से 7, दुमका से 12 और गोड्डा से 13 प्रत्याशी शामिल हैं. सातवें चरण में तीनों लोकसभा सीटों पर कुल 64 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन फॉर्म जमा किया है. इनमें राजमहल से 17, दुमका से 22 और गोड्डा से 29 प्रत्याशी है.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की जानकारी दी. के रवि कुमार ने कहा कि 15 मई को स्क्रूटनी और 17 मई को नाम वापसी की अंतिम तिथि है. इसके बाद ही प्रत्याशियों की संख्या साफ हो पाएगी.

## न्यूज अपडेट

### मतदान की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए 25 मई को मतदान होना है. इलेक्शन मशीनरी द्वारा संसदीय क्षेत्र में तैयारियां चरम पर हैं. मंगलवार को रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान से संबंधित तैयारी को लेकर सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश, पुलिस प्रेक्षक डॉ. जालिंदर डी सुपेकर व व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक हुई. बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पीपीटी के माध्यम से मतदान को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रेक्षकगणों को दी. कार्मिक, वाहन, एमसीसी सी-विजिल, एमसीएमसी, सामग्री व अन्य कोषांगों द्वारा संपादित कराए जा रहे कार्यों के बारे में प्रेक्षकगणों को अवगत कराया गया. जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मोरहाबादी मैदान में कोषांग क्रियाशील है, जहां सेक्टर मजिस्ट्रेट, पोलिंग पार्टियों के लिए रूट टैगिंग के साथ वाहनों की व्यवस्था की जा रही है.



### आजसू एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में करेगी पदयात्रा

**रांची।** हरमू रोड स्थित आजसू के केंद्रीय कार्यालय में आज मंगलवार को केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में रांची लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में पदयात्रा और जनसंपर्क अभियान चलाने को लेकर चर्चा की गयी. मौके पर जितेंद्र सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी रांची महानगर के विभिन्न क्षेत्रों एवं वार्डो में पदयात्रा कर जनसंपर्क अभियान चलायेगी एवं जनता से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान की अपील की जायेगी. बैठक में महानगर समेत सभी इकाईयों की कोर कमिटी के सदस्य शामिल हुए. मौके पर नवीन कुमार, गौतम सिंह, सत्येंद्र सिंह, सीमा सिंह, डॉ सुचित्रा महतो, प्रभा, बिरेंद्र प्रसाद, टीके मुखर्जी, ओम वर्मा, रितु रंजन सहाय, अनिल गुप्ता, नीतीश सिंह आदि उपस्थित थे.



### राजद ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में किया दौरा

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मो. इस्लाम, कांग्रेस नेता परवेज आलम,जेएमएम नेता प्रमोद लाल, राजद नेता अजीत यादव के संयुक्त नेतृत्व में रांची लोकसभा कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में तूफानी दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया. लोगों से रांची लोकसभा कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में मतदान की अपील की. वक्ताओं ने कहा कि इंडिया गठबंधन जहां एक ओर विकास के मुद्दे और गांधी की विचारधारा पर चुनाव लड़ रही है. वहीं दूसरी ओर भाजपा विकास के मुद्दे को दरकिनार कर धर्म की राजनीति और गोडसे की विचारधारा पर चुनाव लड़ रही है. इस बार इंडिया गठबंधन के पक्ष में आम जनता का रुझान है. मौके पर रमेश सिंह, बाली मार्डी, दुर्गा मार्डी, मनोज गुप्ता, पिंटू लाल, दानिश खान, खतीजा नुजहत, मेहरुन निसा, फिरोज आलम, मो. चांद, नेसार अहमद, जमील अख्तर आदि शामिल थे.



**समीक्षा बैठक**

## झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने दिया निर्देश

# 'कम वोटिंग प्रतिशत वाले बूथों पर करें विशेष फोकस'

संवाददाता। रांची

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों को कहा है कि लोकसभा चुनाव के आगामी चरण की बेहतर तैयारी करें. हरेक मतदाता तक वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण कराते हुए शहरी निकाय के बूथों पर अच्छे मतदान के लिए नगर निकाय के पदाधिकारियों को बूथों के साथ टैग करें और मतदाताओं के परिवारजनों को क्लब करें. साथ ही बीएलओ और सुपरवाइजर भी घर-घर जाएं, मतदाताओं के बीच वितरण की जा रही वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप की मॉनिटरिंग करें. वहीं बूथ जागरूकता समूह के साथ छोटी-छोटी मीटिंग कर उन्हें सक्रिय करें. शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने की पहल संबधी कार्य में गति लाएं. बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए पूरी मेहनत करें.



**वीडियो कान्फ्रेंसिंग से हुई समीक्षा :** सीईओ ने मंगलवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर निकाय के पदाधिकारियों के साथ झारखंड में लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठे व सातवें चरण में होने वाले मतदान की तैयारियों की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि दिव्यांग और शारीरिक रुप से अक्षम मतदाताओं को मतदान केंद्र पर लाने की पूरी योजना तैयार करें. मतदान के दिन और उसके पूर्व चुनाव जागरूकता के लिए जारी जिंगल्स और गानों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य करें. साथ ही माइकिंग के माध्यम से भी जाकरूकता सुनिश्चित करें. माइकिंग के लिए विस्तारित कार्ययोजना तैयार करें, ताकि मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो. उन्होंने कहा कि वन-टू-वन वोटर कनेक्ट के माध्यम से मतदाता तक पहुंचने से वोटिंग प्रतिशत में इजाफा होगा. उन्होंने माइक्रो लेबल पर कार्य करने पर बल दिया. मतदान केन्द्रों पर आने में असमर्थ मतदाताओं के लिए परिवहन की पूरी सुविधा देने, मतदान के दिन रीयल टाइम मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया. बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह और डॉ. नेहा अरोड़ा सहित निर्वाचन कार्यालय के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

### खास बातें

- बूथ जागरूकता समूह के साथ छोटी-छोटी मीटिंग करें
- वन-टू-वन वोटर कनेक्ट के माध्यम से मतदाता तक पहुंचे

### ठगबंधन के भ्रष्टाचार से मुक्ति का समयः कौशिक

**रांची।** छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने झारखंड में चुनावी कमान संभाल ली है. इसी क्रम में मंगलवार को जमशेदपुर लोकसभा चुनाव कार्यालय में परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और बिल्हा से वरिष्ठ भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक की उपस्थिति में चुनाव प्रचार की कार्ययोजना तैयार की गई. उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से जमशेदपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को विजयी बनाने के लिए अथक परिश्रम व जनसंपर्क का आह्वान किया. यह विधानसभा और लोकसभा चुनाव झारखंड को मुक्ति मोर्चा के भ्रष्टाचार, परिवारवाद से मुक्ति दिलाने का चुनाव है.

### विभाग की चिंता वर्तमान में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या के समाधान की होनी चाहिए

# झारखंड में तय मजदूरी दर उचित नहीं, संशोधन जरूरी : चैंबर

संवाददाता। रांची

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आग्रह पर श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा श्रमायुक्त, झारखंड की अध्यक्षता में गठित उप समिति की बैठक विभागीय कार्यालय में मंगलवार को हुई.

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने अपना पक्ष रखते हुए देश के विभिन्न राज्यों में प्रभावी न्यूनतम मजदूरी दर की तालिका दिखाते हुए यह स्पष्ट किया कि अन्य राज्यों की तुलना में हमारे राज्य में न्यूनतम मजदूरी की दर काफी अधिक है. उन्होंने कहा कि विकसित राज्यों के समकक्ष हमारे राज्य में दर का तय की गयी है, जो उचित नहीं है तथा इसमें संशोधन की जरूरत है. झारखंड में किसी भी स्थिति में न्यूनतम मजदूरी की दर में 5 फीसदी से अधिक बढ़ोत्तरी नहीं की जाए. उन्होंने कहा कि विभाग की चिंता वर्तमान में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या के समाधान की होनी चाहिए, ताकि लोगों का विकास संभव हो, राज्य में किस प्रकार रोजगार के नये अवसर बढ़ें, इसपर भी चिंतन होना चाहिए.

महासचिव परेश गट्टानी व कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार ने संयुक्त रूप से कहा कि दर में



बढ़ोत्तरी का आधार भी स्पष्ट नहीं किया गया है. पूर्व न्यूनतम मजदूरी का पुनर्निरीक्षण 1 अक्टूबर 2019 से हुआ था और उसकी अवधि 5 वर्ष की थी जो कि 1 अक्टूबर 2024 को समाप्त होगी. ऐसे में विभाग के पास इन बिंदुओं पर सम्यक विचार के लिए करीब सात माह का समय बचा है. हमारा प्रयास होगा कि समिति के माध्यम से स्टेकहोल्डर्स के साथ ही श्रमिकों के हित में राज्य में न्यूनतम मजदूरी दर तय हो.

मौके पर सहायक श्रमायुक्त अजीत पन्ना, विभागीय अधिकारी राजेश कुमार, प्रदीप लकडा शामिल थे. मालूम हो 8 अप्रैल 2024 को चैंबर व विभागीय सचिव के साथ हुई बैठक में न्यूनतम मजदूरी दर के निर्धारण/संशोधन पर विचार के लिए विभाग द्वारा समिति का गठन किया गया है. यह कमिटी चैंबर के साथ बैठकर अन्य राज्यों की दरों की तुलना व दरों का अध्ययन करने के बाद निर्णय लेगी. मौके पर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, अमित शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, आदित्यपुर स्माल इंडस्ट्री एसोसिएशन, जेसिया, रिफ्रैक्टरी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों समेत यूनियन संघ के पदधारी शामिल थे.

# कजाकिस्तान में झारखंड के एहतेशाम ने लहराया तिरंगा

▪ एमएमए में अजरबैजान के अगहबलेव को चटाई धूल

खेल संवाददाता। रांची

झारखंड के एहतेशाम ने नाइजा 59 चैंपियनशिप के तहत आयोजित इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट चैंपियनशिप (एमएमए) में अजरबैजान के अगहबलेव को हराकर कजाकिस्तान में तिरंगा लहराया. झारखंड के चतरा लाइन मोहल्ला के रहने वाले एहतेशाम ने इस फाइट में शुरू से ही दबदबा बनाया और तीन राउंड के मैच में जीत हासिल की. एहतेशाम ने अपनी ट्रेनिंग रशिया स्कूल और दिल्ली में ली है. उन्होंने अपनी मैट्रिक तक की पढ़ाई एसएस हाई स्कूल चतरा से इंटर राम नारायण इंटर कॉलेज हंटरगंज से और बीटेक इन मैकेनिकल झारखंड राय यूनिवर्सिटी से पूरी की है. देश दुनिया के लोगों के साथ-साथ घर वालों ने भी एहतेशाम को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी. एहतेशाम को मो. साहिल, अल्वतन टाइम्स के निदेशक इकबाल सबा, मरहबा ह्यूमन सोसाइटी के महासचिव सैयद नेहाल अहमद, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी रांची के महासचिव अकील उर रहमान, एमके एडवांस डेंटल हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर एम सिबगतुल्लाह ने शुभकामनाएं दी.

**यूएफसी टाइटल बेल्ट जीतना है लक्ष्यः एहतेशाम**



मो. एहतेशाम ने इस जीत के बाद कहा कि इस जीत से काफी खुश हूं. अब मेरा अगला लक्ष्य भारत के लिए यूएफसी का टाइटल बेल्ट जीतना है. उम्मीद है कि यूएफसी का टाइटल बेल्ट जीतकर एक दिन भारत और अपने राज्य झारखंड का नाम रौशन करूंगा.

## ब्रीफ खबरें

### मेसरा स्टेशन पर हुई रेलकर्मियों की बैठक

**रांची।** मंगलवार को मेसरा स्टेशन पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) बरकाकाना शाखा द्वारा रेलकर्मियों की बैठक हुई, जिसमें रेलकर्मियों की विभिन्न समस्याएं संकलित की गईं. बैठक की शुरुआत में मेसरा स्टेशन के रेलकर्मियों द्वारा ओपी शर्मा जोनल सेक्रेटरी एआईआर और अपर महामंत्री मो. ज़्याऊद्दीन का फूलों की माला से स्वागत किया गया. बैठक का संचालन करते हुए ओपी शर्मा द्वारा एनपीएस समाप्त कर पुरानी पेंशन के लिए चल रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन की जानकारी दी. साथ ही रेलकर्मियों को उपलब्ध कराई गई मेडिकल रेफरल सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई. इस मौके पर सेवानिवृत्त रेलकर्मी बीपी सिंह, महेन्द्र पूर्ति, सरजू प्रसाद व महेंद्र प्रसाद महतो मौजूद थे.

### सुशील मोदी के निधन पर शोक, श्रद्धांजलि

**रांची।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह समाजसेवी सुशील कुमार मोदी के आकस्मिक निधन पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन और अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों व आम सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है. रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता और अग्रवाल सभा के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सुशील मोदी कुशल राजनीतिज्ञ, सरल, मृदुभाषी धार्मिक विचारधारा वाले व्यक्ति थे. उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है. शोक संवेदना व्यक्त करने वालों मे मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन शामिल थे.

### शंकरा केयरिंग ने चलाया पक्षी बचाओ अभियान

**राची।** शंकरा हेल्पिंग एंड केयरिंग हैंड ने भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों की रक्षा के लिए बच्चों के बीच पक्षी बचाओ अभियान चलाया. इसमें पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना पानी देने की लोगों से अपील की गई. मुख्य अतिथि शंकरा हेल्पिंग एंड केयरिंग हैंड के संस्थापक सह वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे ने डांस वांस नृत्य संस्थान के बच्चों और उनके अभिभावकों के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सैकड़ों सिकोरे बांटे. संकल्प दिलाया कि सभी लोग अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना पानी देकर उनकी रक्षा करें. इस अवसर पर आशुतोष द्विवेदी, राकेश उपाध्याय, शुकंठ ठाकुर, लक्ष्मी मिश्रा, सुन्नी कुमार और कई बच्चे उपस्थित थे.

### चिकित्सकों की समस्याओं को लेकर आईएमए और झासा की राज्य ईकाई की बैठक

# मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो : आईएमए

प्रमुख संवाददाता। रांची

चिकित्सकों की समस्याओं एवं मांगों को लेकर आईएमए और झासा की राज्य इकाई की बैठक हुई. इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मॉडर्न मेडिसिन, होम्योपैथी, आयुर्वेद सभी की अपनी पहचान है और अपना इतिहास है. मरीज की देखभाल एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेडिसिन के सभी पद्धति को मिक्स कर देना भयावह होगा. इसलिए मिक्सोपैथी के प्रयास को तत्काल प्रभाव से रोका जाए.

सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि विभाग और सरकार द्वारा उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आचार संहिता की अवधि के बाद संगठन ठोस निर्णय लेने के लिए विवश होगा. इसकी सारी जिम्मेवारी विभाग और सरकार की होगी. बताया कि देश के 23 राज्यों में चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल स्टाफ के साथ हिंसा व अस्पताल में तोड़फोड़ रोकने के उद्देश्य से मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है. झारखंड राज्य में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट 23 मार्च 2023 को ही कैबिनेट से पारित हुआ और विधानसभा के पटल पर रखा गया. विधानसभा में बहस के बाद इसे प्रवर समिति को सौंप दिया गया.इस आशय के साथ कि एक महीने के अंदर प्रवर समिति की रिपोर्ट सौंप दी जाए. यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक साल से अधिक समय बीतने के बाद भी इस पर अभी तक कुछ भी नहीं किया गया.

एपिडेमिक डिजीज एक्ट 1897 के प्रावधानों के अनुसार मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट यथाशीघ्र लागू किया जाए. बैठक में 50 बेड तक के छोटे और मध्यम स्तर के अस्पताल और क्लीनिक को क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन एवं रेगुलेशन) एक्ट 2010 से मुक्त करने की मांग रखी गई. बताया गया कि निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं की अध्यक्षता व आईएमए की सहभागिता में एक टीम बनाई गई थी, जिसने क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट का फाइनल प्रारूप तैयार किया और विभाग को सौंपा. फाइल विगत एक वर्ष से विभाग में यथावत पड़ी हुई है. इस पर विचार किया जाए. स्वास्थ्य पर जीएसटी, बीमारी पर टैक्स जैसा है. मरीज की बीमारी पर टैक्स अनुचित है. इसे जीएसटी से मुक्त किया जाए. संगठन के मेंबरशिप पर, सेवाओं पर, आधुनिक तकनीक से रूबरू होने के उद्देश्य से आयोजित साइंटिफिक सेशन को जीएसटी से मुक्त किया जाए. जीवन रक्षक एवं आवश्यक उपकरण, ऑक्सीजन, दवाओं, लेबोरेटरी जांच, स्वास्थ्य बीमा जिसके जीएसटी रेट वर्तमान में 12% से 28% तक है, उसे घटाया जाए. मरीज के ईलाज में किसी चिकित्सक का कोई आपराधिक इरादा नहीं होता. चिकित्सक अपने ज्ञान एवं अनुभव से अपना सर्वोत्तम प्रयास करता है. किसी भी अप्रिय घटना के उपरांत डॉक्टरों पर आपराधिक मुकदमा चलना अप्रासंगिक है. वहीं विभाग द्वारा किसी चिकित्सक पर लगाए गए आरोप जांच या न्यायालय में अगर गलत सिद्ध होते हैं, वैसे स्थिति में आईपीसी 211 के तहत आरोप लगाने वाले पदाधिकारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का प्रावधान तय हो. सुदूर ग्रामीण क्षेत्र मे पदस्थापित/प्रति नियुक्त चिकित्सा पदाधिकारी को विशेष सुविधा दिए जाने का प्रावधान है. इसमें सुरक्षा के दृष्टिकोण से अंचल अधिकारी के समक्ष शक्ति प्रदत्त हो.

स्थाई विकलांगता/मृत्यु की स्थिति में न्यूनतम पांच करोड़ का स्वास्थ्य बीमा हो और रुरल अलाउंस दिए जाएं. मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक ही शिक्षक होंगे, यह तय करना होगा. केंद्र सरकार ने सरकारी चिकित्सकों (एमबीबीएस, दंत संवर्ग एवं दोनों ही पद्धति के विशेषज्ञ चिकित्सकों) के लिए डायनेमिक एसीपी दिए जाने का प्रावधान कर रखा है. बिहार सरकार ने इसे अपनाया है.



**रेडियोलॉजिस्ट के दो केंद्र में ही कार्य करने के प्रतिबंध को तत्काल हटाया जाए**

इसलिए मेडिकल प्रोफेशन को क्रिमिनल प्रोजैक्यूशन से मुक्त किया जाए. चिकित्सा पेशा को कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट से मुक्त किया जाए. वर्तमान कानून में कंपनसेशन के कैंपिंग के लिए आवश्यक सुधार की जाए. पीसीपीएनडीटी एक्ट में सुधार की जरूरत है. इसका नियंत्री अधिकारी पूर्व की तरह जिले के सिविल सर्जन को बनाया जाए, ताकि अल्ट्रासाउंड की खरीद-बिक्री, उसका निबंधन, निरीक्षण सही समय पर किया जा सके. वर्तमान प्रावधानों के अनुसार झारखंड राज्य में कोई भी रेडियोलॉजिस्ट सिर्फ दो केंद्रो में अल्ट्रासाउंड कर सकता है. इसलिए राज्य के अधिकांश अल्ट्रासाउंड रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में टेक्नीशियन द्वारा संचालित हो रहे हैं. पीसीपीएनडीटी एक्ट (लिंग परीक्षण रोकना) के उद्देश्य से यह गलत प्रतीत होता है. ऐसे में रेडियोलॉजिस्ट का दो केंद्र में ही कार्य करने का प्रतिबंध हटाया जाए. आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इलाज के दर असंतुलित हैं. अन्य राज्यों की तरह इसे रिवाइज किए जाने की जरूरत है. इंडियन मेडिकल कॉलेज से पास आउट इंडियन मेडिकल स्टूडेंट्स का प्रेक्टिस करने या पीजी एग्जाम देने के लिए लाइसेंसिंग परीक्षा (एनईएक्सटी) अन्याय है. इसे तत्काल प्रभाव से वापस लेना चाहिए. राज्य में जनसंख्या के अनुरूप चिकित्सा पदाधिकारी के पद की संख्या बढ़ाई जाए.

**आईएमए झासा**

- होम्योपैथी, मॉडर्न मेडिसिन, आयुर्वेद की अपनी पहचान है
- मिक्सोपैथी के प्रयास को तत्काल प्रभाव से रोका जाए
- पीसीपीएनडीटी एक्ट में सुधार की बहुत जरूरत है

# सदर अस्पताल में अब क्यूआर कोड से मिलेगा मरीज को नंबर

संवाददाता। रांची



मरीजों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मुहैया कराने को लेकर सदर अस्पताल का प्रयास जारी है. इस क्रम में सदर अस्पताल सुपर स्पेशियलिटी हाईटेक सुविधाओं से लैस हो रहा है. मरीजों को सुविधा उपलब्ध करान के लिए तरह-तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं, ताकि उनकी परेशानी को कम किया जा सके. अब सदर हॉस्पिटल में एक नई व्यवस्था शुरू की गई है.

ओपीडी कांप्लेक्स में लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर मरीज को डॉक्टर से दिखाने का नंबर मिल जाएगा. ऐसे में सदर में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को डॉक्टर से दिखाने के लिए लाइन में घंटों खड़े होकर इंतजार नहीं करना होगा. नंबर आने के बाद डॉक्टर से दिखा सकेंगे. सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसे सदर और रिम्स में शुरू किया जाना है. सदर में हमने इसकी शुरुआत कर दी , जिसका लाभ मरीजों को मिलने लगेगा. इससे मरीज दिए गए समय पर डॉक्टर से कंसल्ट कर सकेंगे. साथ ही उन्होंने कहा कि ये तो अभी शुरुआत है. जल्द ही मरीजों को कई और सुविधाएं मिलने लगेगी.

बता दें कि सदर में हर दिन एक हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं. रजिस्ट्रेशन कराने के बाद मरीजों को डॉक्टर से दिखाने के लिए काउंटर से टोकन लेना होता है. इसके लिए भी मरीजों की लंबी लाइन लगी होती है. क्यूआर कोड को स्कैन करने से मरीजों का समय बचेगा. मोबाइल से ही टोकन नंबर मिल जाएगा. इसके बाद संबंधित विभाग के ओपीडी के बाहर लगे डिसप्ले बोर्ड में मरीज अपना नंबर देख कर चिकित्सक के पास जा सकेंगे.

### डीपीएस में भाई-बहन ने सफलता का परचम लहराया

**रांची।** डीपीएस स्कूल रांची में 12वीं की संभवी प्रभा ने सीबीएसई में 95 फीसदी अंक हासिल किया है. संभवी ने इंग्लिश 98, मैथ 92, फिजिक्स 95, कैमिस्ट्री 94, कम्प्यूटर साइंस 96, फिजिकल एजुकेशन 90 अंक प्राप्त किया है. वहीं इसी स्कूल के संभवी के भाई शौर्य प्रताप सहदेव ने सीबीएसई बोर्ड 10वीं की परीक्षा में 97.6 % अंक लाया है. शौर्य ने इंग्लिश में 94, संस्कृत में 99, मैथ में 98, साइंस 00, सोशल साइंस 08, एडिशन सब्जेक्ट 93 अंक प्राप्त किया है. पिता भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव और माता डॉ विद्या झा अपने दोनों बच्चों की सफलता से काफी खुश हैं. उन्होंने बेहतर अंक से अपने बच्चों की सफलता के लिए स्कूल के शिक्षकों व प्राचार्य के प्रति आभार जताया है.





# हुदैबिया स्कूल के बच्चों ने बताई मतदान की अहमियत



संवाददाता। रांची

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर हुदैबिया इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने मंगलवार को अभियान चलाया. मालूम हो देश भर में चुनाव का पर्व जारी है. झारखंड में चुनाव शुरू हो गया है. रांची, गिरीडीह, धनबाद एवं जमशेदपुर में 25 मई को मतदान है.

कांके व डोरंडा स्थित हुदैबिया इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने जागरुकता अभियान शुरू किया. अभियान में कक्षा 9 व 10 के विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ सड़क पर हाथों में स्लोगन व बैनर लेकर शामिल हुए. सभी छात्रों ने सीआईप़ी, कांके एवं आसपास के लोगों के बीच मतदान के प्रति जागरूक किया. बच्चों ने उनसे पूछा क्या आपके पास पहचान पत्र है, क्या आप ने पहले भी मतदान किया है, आपको मतदान की तिथि की जानकारी है. क्या आप को अपने मतदान केंद्र की जानकारी है. साथ ही छात्रों ने बताया कि यदि कोई भारतीय नागरिक मतदान के दिन सुबह सबसे पहले पोलिंग बूथ जाकर पहला मतदाता बनता या बनती है तो सरकार उसे एक सर्टिफिकेट देती है. छात्रों ने लोगों को मतदान की विशेषताएं बताई और उन्हें अपने भारतीय होने का कर्त्तव्य याद दिलाते हुए, मतदान करने के लिये उनसे अपील भी किया.

### महाराजा अग्रसेन भवन में सम्मान समारोह 9 जून को

**रांची।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में मारवाड़ी समाज के मेधावी छात्र- छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह 9 जून को स्थानीय महाराजा अग्रसेन भवन में होगा. रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन एवं संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया कि 9 जून के समारोह में जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में 85% या उससे ऊपर अंक प्राप्त किया हो या प्रोफेशनल डिग्री हासिल की हो, उन्हें प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा. उन्होंने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए विकास अग्रवाल एवं विशाल पाड़िया को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है. उन्होंने आग्रह किया कि जिनके संज्ञान में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों की जानकारी है, वे संयोजक को व्हाट्सएप नंबर पर उनका अंक पत्र और एक फोटो प्रेषित करें. वाट्सएप नंबर है 8797942294, 9334425505.

### जेसीआई बच्चों को गेहूं, बाजरे व मकई के बारे में जानकारी दी जाएगी

# जेसीआई रांची यूथ का समर कैंप 17 से

संवाददाता। रांची

जेसीआई रांची यूथ व न्यू प्री स्कूल के सहयोग से 17 मई से तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है. जेसीआई यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रतीक भदानी ने जानकारी दी कि समर कैंप न्यू प्री स्कूल रातू रोड में 17 मई को दिन के 10 बजे से आरंभ होगा, जो 19 मई तक चलेगा.

इसका उद्घाटन मैनेजिंग निदेशक आशीष गौतम करेंगे. जेसीआई रांची यूथ अध्यक्ष ने कहा कि समर कैंप तीनों दिनों तक तीन घंटे तक चलेगा. कैंप में तीन से 12 वर्ष तक के बच्चे भाग लेंगे. इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों के नामांकन के लिए जेसीआई से संपर्क कर सकते हैं. बच्चों के बीच कई रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी. साथ ही बच्चों को गेहूं, बाजरे, मकई के बारे में जानकारी दी जायेगी. पर्यावरण के बचाव के लिए पौधा रोपण के महत्व से रूबरू कराया जायेगा. पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि आने वाले दिनों में जेसीआई रांची की ओर से वोटिंग अवेयरनेस रैली और फैशन फिएस्टा सीजन 2 का आयोजन किया जायेगा. सोनल अग्रवाल ने कहा कि समर कैंप बच्चों व माताओं दोनों के लिए बहुत खास होगा. आज के इस भाग दौड़ वाले समय में माताएं अपने बच्चों को अधिक समय नहीं दे पाती हैं. कैंप में माताएं अपने बच्चों के साथ अच्छा समय बिता पायेंगी. माताओं व बच्चों के लिए रैंप वॉक प्रतियोगिता होगी. विजयी बच्चे पुरस्कृत किये जायेंगे. मौके पर पूर्व अध्यक्ष कुशा जालान, सचिव रिचा जालान, निदेशक अदिति भदानी, विकास झांझरिया, नितिन सिंह, विनायक शर्मा, मोनिका, मनीषा, नयनिका सहित अन्य मौजूद थे.



**समर कैंप**

- समर कैंप हर दिन तीन-तीन घंटे तक चलेगा
- कैंप में तीन से 12 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकेंगे.


**Format C-7**

*(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)*

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates**

*(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)*

Name of Political Party : NOT APLICABLE
*Name of the Election : LOK SABHA ELECTION 2024
Name of State/ ~~UT~~: JHARKHAND
(1) Name of the Constituency - CHATRA (LOK SABHA) - JHARKHAND
Name of the candidate – ABHISHEK KUMAR SINGH

| Sl. No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | NOT APPLICABLE |
| | b. | Case no. | NOT APPLICABLE |
| | c. | Name of the Court | NOT APPLICABLE |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | NOT APPLICABLE |
| | e. | Date of conviction, if any | NOT APPLICABLE |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NOT APPLICABLE |
| | g. | Any other information required to be given | NOT APPLICABLE |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | I have no criminal cases pending against me and I am contesting as Independent Candidate. Hence this clause is NOT APPLICABLE. I am contesting election on the grounds of my qualifications, achievements and merits. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | NOT APPLICABLE |

~~* In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.~~

**ABHISHEK KUMAR SINGH**
**(INDEPENDENT CANDIDATE)**
(Signature of Candidate)

## आदिवासी हितैषी होने का दावा करनेवाली झारखंड की कांग्रेस समर्थित सरकार ने भी आदिवासियों की सुध नहीं ली

# सूरते हाल: साढ़े चार साल गुजर गए, आदिवासियों को एक भी वन पट्टा नहीं मिला

प्रवीण कुमार। रांची

राज्य में आदिवासी हितौसी होने का दावा करने वाली कांग्रेस समर्थित झारखंड सरकार में पिछले साढ़े चार साल में एक भी आदिवासियों को वन पट्टा नहीं मिला है. झारखंड में चुनावी सभाओं के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी अदिवासियों को उनका आधिकार दिलाने की बात करते रहे हैं. जबकि, हकीकत यह है कि वन अधिकार कानून के तहत अधिकांश आदिवासियों को उनके दावों से बहुत कम जमीन मिली है. यही नहीं दावा करने के बाद भी आदिवासियों के नाम पर जमीन हस्तांतरित करने में सालों लग रहे हैं. हजारों की संख्या में



आवेदन किये गये, पर कोई अफसर कुछ कहने को तैयार नहीं हैं.

दिसंबर 2019 के पहले भी जिन आदिवासी को वन पट्टा मिला है, उन्हें पांच से 10 डिसमिल वन पट्टा देकर कोरम पूरा कर दिया गया है. दिसंबर 2019 तक व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए 1,07,032 राज्य सरकार को मिले थे. वहीं समुदायिक वन पट्टा के लिए 3,724 आवेदन सरकार को प्राप्त हुआ था. इसके एवज में 59,866 व्यक्तिगत वन पट्टा का निपटरा कर सरकार ने 1,53,395 एकड़ जमीन का पट्टा दिया है. ग्राम सभाओं की ओर से 3,724 आवेदन सामुदायिक वन पट्टा के लिए किये गये थे. इसमें 2104 आवेदनों का निपटरा करते हुए 1,03,758 एकड़ जमीन का समुदायिक वन पट्टा दिया गया है. दिसंबर 2018 से दिसंबर 2019 के बीच 1846 व्यक्तिगत पट्टा और 14 समुदायिक पट्टा दिए गये. इसके बाद पिछले चार साल में झारखंड में किसी को भी वन पट्टा नहीं दिया गया.

**सरकारी कार्यालय से गुम हो गये वन पट्टा के हजारों आवेदन, नहीं मिला ग्राम सभा को वापस**

**दिसंबर 2018 से दिसंबर 2019 के बीच सिर्फ 1846 व्यक्तिगत व 14 सामुदायिक वन पट्टा ही बंटे**

**दावे के विपरीत जमीन में हुई कटौती, दो एकड़ का दवा करने वाले को मिला मात्र 10 डिसमिल**

### आखिर! व्यक्तिगत वन पट्टा के आवेदन कहां गये

फॉरेस्ट राइट एक्ट के तहत झारखंड में एक लाख सात हजार 32 व्यक्तिगत वन पट्टा के आवेदन ग्राम सभा के अनुमोदन के बाद सरकार के पास जमा हुए थे. लेकिन अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार कमेटी के पास मात्र 69105 आवेदन को ही आपने रिकार्ड में दर्ज किया. जबकि इस कमेटी के अफसरों ने शेष सभी वन पट्टा के लिए किए गये आवेदन को सुधार कर पुनः ग्राम सभा की एफआरसी कमेटी के पास भेजने की जगह कूडे में फेंक दिया. मात्र 63,596 आवेदन को जिला स्तरीय कमेटी के पास जमीन का रकबा काम कर वन पट्टा के लिए अनुशंसा किया और इसमें भी 59,930 आवेदनों को पट्टा देने के लिए अनुमोदन किया. लेकिन यहा पट्टा के लिए अनुमोदन के बाद भी 59,930 में से 59,866 लोगों को ही पट्टा मिला.

### संगठनों का दावा- सामुदायिक वन पट्टा में 90% तक कटौती

सामुदायिक वन पट्टा की भी स्थिति कमोबेश इसी तरह है. 3724 आवेदन ग्राम सभाओं से पास कर अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार कमेटी ने मात्र 2531 को जिला स्तरीय कमेटी के पास भेजा. फिर जिला स्तरीय कमेटी ने 2135 समुदायिक वन पट्टा के लिए अनुशंसा की थी. लेकिन वन पट्टा देनी वाली जिला स्तरीय कमेटी ने मात्र 2104 पट्टा ग्राम सभाओं को दिया. दावे के विपरीत जमीन में कटौती की गई. झारखंड में वन अधिकार कानून 2006 पर काम करने वाले संगठनों का दावा है कि वन अधिकार के तहत पट्टों में 90 फीसदी तक कटौती हो रही है.

| झारखंड में वन पट्टा का आवेदन की स्थिति | | | किए गये दावे - दिए गये पट्टे | |
|---|---|---|---|---|
| दिनांक | कुल व्यक्तिगत पट्टा | सामुदायिक वन पट्टा | व्यक्तिगत पट्टा | सामुदायिक वन पट्टा |
| 31.12.2018 | 1,05,365 | 3,667 | 58,053 | 2090 |
| 31.12.2019 | 1,07,032 | 3,724 | 59,899 | 2104 |
| 31.12.2020 | 1,07,032 | 3,724 | 59,899 | 2104 |
| 31.12.2023 | 1,07,032 | 3,724 | 59,899 | 2104 |
| 31.02.2024 | 1,07,032 | 3,724 | 59,899 | 2104 |

## ब्रीफ खबरें

### विधायक ने नुक्कड़ सभा कर यशस्विनी के लिए मांगे वोट

**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने मंगलवार को अनगड़ा प्रखंड के 10 पंचायतों में अलग-अलग नुक्कड़ सभा कर कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में वोट मांगे. विधायक इस दौरान पैका, बोंगइबेड़ा, चतरा, हेसल, चिलदाग, लुपुंग, अनगड़ा, राजाडेरा, सिरका पंचायत गये और सभा की. उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में महंगाई व बेरोजगारी बढ़ी है. विकास के नाम पर देश में कुछ भी नहीं हुआ. मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, राजेंद्र मुंडा, छोटेलाल महतो, साकिर अंसारी, अजय तिर्की, अजय करमाली, जितेंद्र महतो, जयपाल हजाम, किस्टो कुजूर, रोहित नायक, बिहारी मुंडा, हिरदु उरांव, मालती देवी, सुनीता देवी, अनीता देवी, शांति देवी आदि उपस्थित थे.

### राज्यसभा सांसद ने अनगड़ा में की पदयात्रा

**अनगड़ा।** राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने मंगलवार को गेतलसूद में कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा कर प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में वोट मांगा. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 वर्ष के कार्यकाल में बेहतर कार्य किया है. पीएम ने आयुष्मान, जन-धन, खाद्य सुरक्षा, मुद्रा, उज्जवला, कौशल विकास सहित दर्जनों योजनाओं से गरीबों को जोड़ा. वहीं गेतलसूद में चुनावी कार्यालय का उदघाटन किया. मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, रंधीर चौधरी, सुरेंद्र महतो, सुबोध सिंह, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, रामनाथ महतो, मानकी राजेंद्र शाही, अमरनाथ चौधरी, सत्यदेव मुंडा, बुधराम बेदिया, राजेंद्र महतो, मानेश्वर मुंडा, बन्नु बेदिया, पंचम भोगता, कमलाकांत मुंडा, सोहराय बेदिया, दिनेश बेदिया आदि उपस्थित थे.

### लोस चुनाव को लेकर भाजपा ने की बैठक

**पिपरवार।** भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बहेरा पंचायत के सभी बूथों के मतदाताओं के साथ बैठक मंगलवार को आयोजित की गई. बैठक में मंडल प्रभारी गणेश गुप्ता एवं युवा जिला महामंत्री विकास मालाकार के साथ 409, 410, 411, 412, 413 के हर बूथों पर जाकर मतदाताओं के साथ बैठक कर मतदाताओं को जागरूक किया गया. इस मौके पर टंडवा प्रमुख प्रतिनिधी अरूण उरांव, संजय कुमार भोक्ता, कार्तिक भोक्ता, रूपलाल गंझु, विक्रम गंझु, पुष्पा देवी, बबीता देवी, महेश विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा, बबलू भोक्ता, जितेन्द्र पासवान, रविंद्र उरांव, प्रकाश महतो, अवध ठाकुर, सहित दर्जनो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

## गिरिडीह के तिसरी मैदान में माले प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में चुनावी सभा

# शीघ्र होगा अभ्रक खनन का वैध समाधान: कल्पना सोरेन

विशेष संवाददाता। गिरिडीह/रांची

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने मंगलवार को कोडरमा लोकसभा से इंडिया गठबंधन के माले प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया. गिरिडीह जिले के तीसरी प्रखंड मैदान में आयोजित चुनावी सभा में भारी संख्या में लोग उपस्थित थे. जनसमूह को संबोधित करते हुए कल्पना ने अभ्रक खनन और तिलैया डैम के पानी का मामला उठाया और उसके समाधान की बात भी कही. उन्होंने कहा कि तिसरी, सतगांवा, जयनगर, आदि इलाके में एक बड़ी आबादी अभ्रक खनन से जीवन यापन करती है. लेकिन कोई वैध खदान नहीं होने के कारण लोगों को बिचौलिए का सहारा लेकर काम करना पड़ता है. खदान धंसने जैसी खबर भी हमारे सामने आते रहती हैं. आपने पूर्व में कोडरमा से जिस जनप्रतिनिधि को जिताया था, उन्होंने आपके मुद्दों पर कभी काम नहीं किया. हेमंत सोरेन ने इस समस्या को सुलझाने का प्रयास किया था. सही तरीके से अभ्रक खनन प्रारंभ करवाने के लिए फेडरेशन बनाया था. आज अभ्रक उद्योग से जुड़े लोग भी कह रहे हैं कि हेमंत जी ही इस समस्या का स्थाई निदान दे सकते हैं.

कल्पना सोरेन ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बदलने की सोच रखने वाली तानशाही ताकतों के खिलाफ इस बार जनता चुनाव लड़ रही है. तानशाही ताकतों को सबक सिखाने के लिए कमर की पेटी बांध कर जनता तैयार है. 13 मई को झारखंड में चार लोकसभा सीटों के लिए हुए मतदान में जनता ने तानशाही ताकतों को वोट की चोट देकर अपना आक्रोश दर्ज कराया है. इस दौरान मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, कोडरमा लोकसभा से उम्मीदवार विनोद सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार यादव व पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी उपस्थित थे.

**कल्पना बोलीं**

***संविधान बदलने वालों और तानाशाही के खिलाफ यह चुनाव***

***भाजपा के कारण तिलैया से नहीं हो पायी सिंचाई की व्यवस्था***



### झारखंडी हित की बात करनेवाले हैं विनोद सिंह

कल्पना सोरेन ने कहा कि आपके उम्मीदवार विनोद सिंह किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं. वे सामाजिक जीवन में सुचिता की मिशाल, कर्मठ, बेबाक रूप से अपनी बात, अपने लोगों की बात, मुद्दों की बात, झारखंडी हित की बात करने वाले व्यक्ति हैं. आनेवाले दिनों में दिल्ली की संसद में झारखंड की बात करने वाले प्रतिनिधि को ही आपको भेजना होगा. ऐसे लोग नहीं, जो वहां जाकर झारखंड एवं यहां के मुद्दों को भूल जाते हैं. स्थानीय मुद्दों पर मौन धारण कर लेते हैं.

### राज्य के संसाधनों पर गिद्द दृष्टि जमाए है भाजपा

*कल्पना ने कहा कि कोरोना संकट के बीच हेमंत जी ने जिस ढंग से अपने मजदूर साथियों के लिए जी जान लगा दिया था. देश के कोने-कोने में फंसे, राज्य के लोगों तक मदद पहुंचाने का जो उन्होंने काम किया था, वह माटी का सच्चा बेटा ही कर सकता है. झारखंड को हर जगह लड़ कर अपना अधिकार, अपना हिस्सा लेना पड़ता है. कोयलांचल का कोयला हो या तिलैया का पानी, या फिर दामोदर-बराकर का पानी, हमारे हर संसाधनों पर भाजपा गिद्ध दृष्टि जमाए हुए है.*

### हेमंत सोरन ने पांच परियोजना पर शुरू कराया काम

*कल्पना ने कहा कि भाजपा वाले कहते हैं कि तिलैया के पानी की झारखंड को कोई जरूरत नहीं है, इसलिए वहां सिंचाई व्यवस्था नहीं बन पायी है. मैं पूछती हूं कि यह व्यवस्था नहीं बन पाई, यह किसकी गलती है, पूर्व की सरकारों की या लोगों की ? हेमंत सोरेन की अगुआई वाली सरकार ने राज्य में हजारों करोड़ की लागत से कई मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का खाका तैयार किया है. पांच में काम भी प्रारंभ हो गया है. आपके गिरिडीह जिले के पीरटांड़ में भी एक परियोजना शुरू हो रही है. हम तिलैया डैम का पानी कोडरमा, बरकट्ठा, राजधनवार, जमुआ सभी इलाकों में ले जाने की योजना पर काम कर रहे हैं. जैसे मसानजोर डैम का पानी मसलिया तक जा रहा है, सोन नदी का पानी रंका तक जा रहा है और बराकर का पानी पूरे पीरटांड़ में ले जाने पर काम हो रहा है.*

### झूठे वादे करनेवालों के झांसे में न आएं: डॉ सरफराज अहमद

*राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोडरमा क्षेत्र के उम्मीदवार विनोद सिंह जो कहते हैं, वो करते हैं. वे कभी झूठ नहीं बोलते. 2014 में जब मोदी सरकार बनी, तो वादा किया गया कि सभी के खाते में 15 लाख रुपये आएंगे और साल में दो करोड़ नौकरीयां दी जाएंगी. लेकिन आज तक कोई वादा पूरा नहीं हुआ. इसलिए झूठे वादे करनेवाली केंद्र की सरकार के झांसे में न आएं. वहीं, गठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह ने कहा कि गिरिडीह जिले के सबसे सुनहरे प्रखंड तिसरी की चमक आज खो सी गई है. यहां के सांसद-विधायक ने अपने वादों को अब तक पूरा नहीं किया.*

### महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

संवाददाता। बेड़ो

**बेडो।** प्रखंड के पुरियो स्थित संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल के स्कूली छात्र-छात्राओं ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं तथा 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है. इस वर्ष संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल, पूरियो, बेड़ो, रांची का परिणाम शत् प्रतिशत रहा. 12वीं में विद्यालय के छात्र गुलाम दस्तगीर ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तथा विद्यालय के टापर बने. उन्होंने फिजिक्स में 95 अंक, बायोलॉजी में 95 अंक, केमिस्ट्री में 97 अंक, पीएचई में 92 अंक तथा इंग्लिश में 92 अंक प्राप्त किया.

### जीवन में लक्ष्य का निर्धारण जरूरी: सुनील

संवाददाता। रांची

रांची प्रेस क्लब शाखा में आयोजित एकदिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग में 86 कराटे खिलाड़ी सफल हुए. इसका आयोजन इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) की ओर से किया गया था. इसमें येलो बेल्ट के 27 खिलाड़ी, ऑरेंज बेल्ट के छह, ग्रीन बेल्ट के 18, ब्लू बेल्ट के सात, पर्पल



बेल्ट के सात, ब्राउन बेल्ट 20 और ब्लैक बेल्ट के खिलाड़ी शामिल हैं. वहीं आर्यमन जैन ने ब्लैक बेल्ट प्रथम डैन की परीक्षा में सफलता हासिल की.

## न्यूज अपडेट

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र हुए सम्मानित



**पिपरवार।** डीएवी बचरा के 10 वीं एवं 12वीं की परीक्षा में विद्यालय टॉपर सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित िकया गया था. सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित थे. सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय के प्राचार्य सहित शिक्षकों के द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया. इस समारोह के दौरान स्कूल के प्राचार्य आर बी प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई.

### सीसीएल सीकेएस ने पिपरवार महाप्रबंधक को सौंपा पत्र



**पिपरवार।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपा. मांगपत्र सौंपते हुउ कहा कि लोकसभा चुनाव कार्य में शामिल पिपरवार क्षेत्र के सीसीएल कर्मियों को अविलंब 25,500 चुनावी भत्ता अग्रिम भुगतान किया जाए. मांग पत्र पर संज्ञान लेकर महाप्रबंधक पिपरवार क्षेत्र द्वारा त्वरित कार्रवाई कर पिपरवार क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक को दो घंटे के अंतराल में चुनाव ड्यूटी में शामिल सीसीएल कर्मियों के अग्रिम भुगतान को लेकर संबंधित नोट शीट बना कर अनुमोदन के लिए सीसीएल मुख्यालय, रांची को भेजने का निर्देश दिया.

### पूर्णाहुति के साथ श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ संपन्न



**इटकी।** केशरी नया तालाब स्थित रुद्र महाकाल मन्दिर परिसर में पिछले सात दिनों से चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह भागवत कथा का सोमवार को पूर्णाहुति कर दिया गया. आचार्य जितेन्द्रतिवारी व उनके अन्य सहयोगियों द्वारा इटकी के सात यजमानों को विधिवत पुजा अर्चना कराकर इस महायज्ञ का समापन किया गया तथा रात्रि में वृन्दावन के भागवत कथा वाचिका साध्वी देविका दिक्षीत द्वारा मानव जीवन में भागवत कथा की महिमा पर भारी भीड़ के बीच प्रभावी ढंग से संगीत के साथ प्रवचन किया. इस बीच महा आरती और भंडारा का भी आयोजन किया गया.

### प्रखंड स्तरीय चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**राहे।** कांग्रेस पार्टी का प्रखंड स्तरीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन गोमदा चौक के समीप मंगलवार को जिला ग्रामीण कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने. डॉ राकेश किरण महतो ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने को लेकर है.रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय की पुत्री यशस्विनी सहाय की जीत सुनिश्चित करने के लिए जोर-शोर से चुनाव प्रचार के कार्य में लग जाएं.

### बाघवार अकादमी का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत




**चान्हो।** बाघवार एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया. विद्यालय के छात्र प्रणव कुमार दुबे ने 94.60% अंकों के साथ समस्त विद्यालय में पहले स्थान पर रहे. विद्यालय के छात्र आर्यन राज सोनी 93.40 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया.इसी विद्यालय की छात्रा परिधि पांडे ने 93% अंकों के साथ समस्त विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया. विद्यालय के छात्र हिमांशु कुमार गुप्ता 92.20%अंकों के साथ समस्त विद्यालय में चौथे स्थान पर रहते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया.

### भोक्ताओं के झूलन के साथ मंडा पूजा संपन्न



**नामकुम।** शिव पूजा समिति हाहाप के तत्वावधान में सोमवार को शिव मंडा पूजा सह झूलन कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने छऊ नृत्य आखाड़ा का फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया. रात्रि में बंगाल के प्रसिद्ध महिला छऊ नृत्य उस्ताद सीमा रानी महतो एवं महिला छऊ नृत्य उस्ताद गीतामणि साबार के बीच छऊ नृत्य का प्रदर्शन किया गया.मौके पर मुखिया नन्हे कच्छप, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, जगरनाथ मुंडा, शशिभूषण सिंह मुंडा, हरि सिंह मुण्डा, विजय मुंडा, निकोलस मुंडा एवं अन्य लोग मौजूद रहें.

### आरोही इंटरनेशनल स्कूल 10वीं का रिजल्ट शत- प्रतिशत



**ओरमांझी।** आरोही इंटरनेशनल स्कूल विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है. स्कूल की छात्रा आरिफा आफरीन 82 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनी. इसके अलावा आलोक कुमार 78 प्रतिशत लाकर सेकंड टॉपर बना.विद्यालय के प्राचार्य योगेश महतो ने बच्चों की शत प्रतिशत रिजल्ट का क्रेडिट अपने शिक्षकों को देते हुए कहा कि स्कूल के शिक्षक और बच्चों की कड़ी मेहनत के कारण आज हमारे स्कूल के बच्चे अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए हैं और इसके लिए सभी शिक्षक बधाई के पात्र है.

## टूर्नामेंट

### आबाद अंसारी मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट चुट्टू का चैंपियन बना मेसरा महाराजा

# खेल सिखाता है जीवन जीने की कला: जावेद अख्तर

संवाददाता। ओरमांझी

छह दिवसीय आबाद अंसारी मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोमवार को फाइनल मैच तल्हा स्पोर्टिंग हुसिर और मेसरा महाराजा के बीच खेला गया. जिसमें तल्हा स्पोर्टिंग हूसिर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 30 रन में ही सिमट गई.वहीं मेसरा महाराजा ने लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र चार ओवर पर ही आठ विकेट से जीत हासिल कर ली. इससे पूर्व पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने फाइनल मैच उद्घाटन करते हुए खिलाड़ियों को



उत्साहवर्धन किया. वे खुद क्रिकेट बैट पड़कर मैदान में उतरे एवं खेल के प्रति प्रोत्साहित कर उनका हौसला बढ़ाया.

मेसरा महाराजा के खिलाड़ी अनुराग सिंह राठौर को ऑल राउंड प्रदर्शन करने के लिए मैन द मैच का पुरस्कार व हिमांशु को मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब मुख्य अतिथि मेसरा हॉस्पिटल के निर्देशक जावेद अख्तर व कांग्रेस पार्टी के जिला ग्रामीण महासचिव अनवारूल अंसारी ने संयुक्त रूप से दिया. कांग्रेस पार्टी के जिला ग्रामीण महासचिव अनवारूल अंसारी ने खिलाड़ियों और विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. वहीं मेसरा हॉस्पिटल के निर्देशक जावेद अख्तर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना से खेलने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि निश्चित ही इस प्रकार की प्रतियोगिताएं राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का काम करता हैं. हमारे यहां प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है. वहीं टूर्नामेंट के अध्यक्ष जावेद अंसारी ने सभी टीमों 32 टीमों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में अच्छा खेल के प्रदर्शन करने की अपील की. साथ ही खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया.

मौके पर मुख्य रूप से मेसरा हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर आफताब आलम,अध्यक्ष जावेद अंसारी, उपाध्यक्ष मोदस्सिर एहरार, सचिव सलमान, अकील, सहसचिव शाहिद, जुगेश, कोषाध्यक्ष सुल्तान राजा, खेल प्रभारी रपसन, आबिद, अबुशमा, संरक्षक मेसरा हॉस्पिटल के निर्देशक जावेद अख्तर, एजाज अंसारी, डायरेक्टर राज घराना सह महासचिव अनवारूल अंसारी, प्रेमकिशोर महतो, इम्तियाज अंसारी, वाजेदूल अंसारी, सईद अंसारी (उप मुखिया, प्रतुल मुंडा, सफीक अंसारी, जहांगीर अंसारी, महताब अंसारी, आफताब अंसारी, मजनू मालिक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## हमारा सांसद कैसा हो पर बुद्धिजीवियों, युवाओं ने कहा

# जो कर्मठ हो और जनभावनाओं का ख्याल रखे

झारखंड में चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज है. विभिन्न पार्टियों के नेता-कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं. लोक लुभावन वादों के साथ वे अपने प्रत्याशियों के लिए वोट मांग रहे हैं. वहीं लोगों की बीच चर्चा जोरों पर है कि किस प्रत्याशी को इस बार वोट किया जाए. यानी हमारा सांसद कैसा हो. इस मामले पर राज्य के बुद्धिजीवियों और युवाओं से रायशुमारी के बाद जो बातें उभरकर समाने आई है. उसमें प्रमुख बात यह आयी है कि उनका सांसद का पढ़ा-लिखा और समझदार तो हो ही, जो वादा करे उसे निभाए भी. साथ ही उसे जनभावनाओं का ख्याल हो और उस अनुरुप कार्य भी करे. जन समस्याओं को समझना, जानना और उसे प्रमुखता के साथ संसद में रखने की क्षमता भी उनमें होनी चाहिए. शुभम संदेश की टीम ने विभिन्न जिलों में इस मुद्दे पर युवाओं बुद्धिजीवियों की राय जानी है. पेश है रिपोर्ट.



1. समझदार और पढ़ा-लिखा तो होना ही चाहिए
2. जो विकास योजनाओं के प्रति गंभीर हो
3. जन समस्याओं को सदन में प्रमुखता से रख पाए
4. मिलनसार प्रवृति का हो और लोकप्रिय हो

## जमशेदपुर

### हम उन्हें वोट करेंगे जो हमारी परेशानियों को समझे और समाधान करे : पूजा कुमार सिंह



हमारे सांसद को ऐसा होना चाहिए ,जो जनता यानी हमारी परेशानियों को समझे ,क्योंकि वह संसद में जनता के ही प्रतिनिधि हैं. सांसद को अपनी गद्दी पर कुंडली मारकर बैठने के बजाय, जनता की उन्नति के लिए कार्य करना चाहिए , ताकि आज के युवा छात्र या राजनीति में भाग लेने वाले उत्सुक व्यक्तियों के लिए वह एक आदर्श स्थापित कर सके. उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य तथा बेरोजगारी की दिशा में नए नए रास्ते खोलने चाहिए.

### अच्छा सांसद वह है जो जनभावनाओं के अनुरुप काम करे : अमित कुमार पंडित



अमित कुमार पंडित कहते हैं कि एक अच्छा सांसद वह होता है जो अपने लोगों की सुनता है और उनके लिए काम करता है. सांसद को जनता के मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए और उनके लिए बेहतर नीतियां बनाने में मदद करनी चाहिए. पारदर्शिता और जवाबदेही भी बहुत जरूरी है. ये सब मिलकर एक सच और समृद्ध देश बनाने में मदद करते हैं. इसके साथ ही सांसद को अपने इलाके के विकास के लिए अच्छी शिक्षा और स्वस्थ के लिए व्यवस्था करने वाला होना चाहिए.

### जो लोगों के दर्द को समझे और दूर उसे करने का प्रयास करे : राहुल कुमार



राहुल कुमार कहते हैं कि सांसद को लोगों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को समझने और दूर करने का प्रयास करने वाला होना चाहिए. उन्हें अपने क्षेत्र के लोगों के बीच सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहिए. इसके अलावा एक अच्छा सांसद विचारों के आधार पर काम करता है, न कि पार्टी की आदतों या नीतियों के आधार पर. वह स्वतंत्र रूप से सोचता है और लोगों के हित में निर्णय लेता है.

### ग्रामीण क्षेत्र में ध्यान देने वाले हों : संजय सिंह



सांसद को शहरी क्षेत्र से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों में ध्यान देने वाला होना चाहिए. शहर की सड़कों को तो दुरुस्त कर दिया जाता है पर सबसे ज्यादा समस्या ग्रामीण सड़कों में आती है. इसके अलावा सांसद को शिक्षा के क्षेत्र में काम करना चाहिए. सांसद जनसंवाद कर लोगों की समस्या को जाने और उनकी समस्या को हल करे. सांसद को जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने वाला होना चाहिए.

## लातेहार

### स्थानीय हो और समस्याओं के प्रति गंभीर हो: धनराज यादव




लुकईया, चंदवा के धनराज यादव चुनाव को लेकर खासे हताश हैं. चतरा संसदीय क्षेत्र में कैसा हो अपना सांसद इस विषय पर पूछे जाने पर वे काफी हताश और निराश लगे. वे कहने लगे कि आम जनता को इनसे कोई फायदा होता है. फिर उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के सांसद होने के नाते हम चाहेंगे कि वह मिलनसार हो, क्षेत्र के विकास के विषय में सोचने वाला हो और स्थानीय हो.तभी उन्हें स्थानीय समस्याओं की जानकारी होगी और उनका वह निराकरण कर पाएंगे.

### ईमानदार हो हमारा सांसद: मोहम्मद



बालुमाथ, लातेहार के एमबीबीएस छात्र मोहम्मद ने कहा कि हमारा सांसद सांसद ईमानदार होने के साथ साथ अपने संसदीय क्षेत्र का हितैषी हो. क्षेत्र की समस्याओं पर मुखर रहने वाला हो जो क्षेत्र की समस्याओं को संसद तक पहुंचा सके. समस्याओं के समाधान का प्रयास समुचित ढंग से कर सके. रोजगार सृजन करने के साथ पलायन पर अंकुश लगा सके. खनिज सम्पदाओ का दोहन न हो इस पर ईमानदारी से कार्य करने वाला हो. क्षेत्र मे कल कारखाना लगाने का प्रयास करे.

### उद्योग लगाने का प्रयास करे. मो. आमीर



बालुमाथ, लातेहार के व्यवसायी मो आमीर ने कहा कि सांसद स्थानीय होना चाहिए. स्थानीय होने से वह क्षेत्र की समस्याओ से परिचित होगा. अगर वह क्षेत्र की समस्याओं को पहले से जानेगा तो उसके समाधान का प्रयास करेगा. समस्याओं को संसद में सबके सामने रख रखेगा. सबसे बड़ी बात तो स्थानीय होने के कारण उसका क्षेत्र से और अपनी माटी से जुड़ाव होगा. टोरी- शिवपुर रेल लाइन पर सवारी ट्रेन का परिचालन आवश्यक है. इसके अलावा टोरी रेलवे क्रासिंग में ओवर ब्रिज व चतरा संसदीय क्षेत्र में उद्योग की स्थापना कराने के लिए प्रयास करे.

### सब को साथ लेकर चलने वाला हो: पंचम प्रसाद



लातेहार के युवा व्यवसायी पंचम प्रसाद ने कहा कि सांसद ऐसा होना चाहिए जो सभी लोगों को अपने साल मिला कर चल सके. लोगों के दुख-सुख में साथ रह सके. उनकी समस्याओं को निराकरण कर सके. सांसद ऐसा होना चाहिए जो न सिर्फ शहर वरन गांव के लोगों की पीड़ा को सुने और उसका निराकरण करे. आज भी गांव मे बेहतर सड़क, शिक्षा व पीने की पानी की समस्या है, इन सब का निराकरण कर सके.

## घाटशिला

### खुद शिक्षित हो ताकि क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दे सके : पूर्णिमा कर्मकार



घाटशिला प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा कर्मकार ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए एवं स्वयं शिक्षित हो और बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने वाला होना चाहिए ताकि यहां की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कर सके यदि स्थानीय होता है तो वह यहां की मूलभूत सुविधाओं का भी समाधान कर सकता है.

### जो शिक्षा सहित सिंचाई पर विशेष ध्यान दे सके उसे वोट करेंगे : प्रकाश जायसवाल



स्वर्णरेखा परियोजना के सेवानिवृत्ति कर्मचारी प्रकाश जायसवाल ने कहा कि पूरे लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में पानी की बड़ी समस्या है. स्वर्णरेखा परियोजना द्वारा बनाए गए नहर से किसानों को साल भर पानी नहीं मिल पाता है. जिससे किसान साल में एक ही फसल का उपज कर पाते हैं. हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए कि सिंचाई स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान दें ताकि समस्याओं का समाधान करने वाला हो.

### क्षेत्र में उद्योग स्थापित कर रोजगार का सृजन कर सके : परिमल महतो



घाटशिला प्रखंड के दीघा चापड़ी गांव निवासी परिमल महतो का कहना है कि हमारा सांसद ऐसा हो जो हमारे क्षेत्र में रोजगार का सृजन कर सके. यहां बंद पड़ी कल कारखाने तथा माइंस को खुलवाने की पहल करें ताकि यहां के युवाओं को रोजगार मिल सके. वहीं दूसरी और युवा अगर कोई व्यापार कर रोजी रोजगार कर सके. इसके लिए पूंजी का भाव है. इस स्थिति में हमारा सांसद ऐसा हो जो युवाओं के पलायन को दूर करें और छोटे-मोटे लघु उद्योग स्थापित करवा कर रोजगार की व्यवस्था करें.

### केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार सके : दुर्गा दंडपात



पुनगोरा गांव के दुर्गा दंडपात ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतर सके. केंद्र सरकार की कई ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं हैं जिससे क्षेत्र के किसान युवा एवं महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा सके. साथ ही साथ हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए जो जन-जन की आवाज को मजबूती के साथ सदन पटल पर रखें ताकि क्षेत्र की आम जनों की आकांक्षाएं पूरी हो सके.

## धनबाद

### जो छात्रों के भविष्य के बारे में सोचे, शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था करे : सुकदेव



धनबाद के बरवाअड्डा स्थित आसनबनी के रहने वाले पीएचडी के छात्र सुकदेव मिश्र ने कहा कि धनबाद का सांसद ऐसा हो जो छात्रों की भविष्य के लिए सोचे . शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करे .स्कूल कॉलेज व यूनिवर्सिटी में स्कॉलरशिप की सुविधा दिलवाए ताकि ऐसे छात्र जो अक्षम है वह अपना भविष्य स्कॉलरशिप के पैसे से बना सके. साथ ही जिले की जन समस्याओं को भी दूर करने में सक्षम हो.

### ऐम्स और एयरपोर्ट जैसे सुविधाओं से आज भी वंचित है धनबाद : कृष्णानंद



धनबाद बरवाअड्डा के रहने वाले पीएचडी के छात्र कृष्णानंद मिश्र ने कहा कि धनबाद के पास इतनी अकूत संपदा है कि वह राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को गति देता है, बावजूद इसके धनबाद में आज मूलभूत सुविधाएं नहीं है .जैसे एम्स, एयरपोर्ट और अच्छी यूनिवर्सिटी . उन्होंने कहा पेपर में तो यूनिवर्सिटी ,है पर उसके पास ना तो परमानेंट वी सी है और ना ही परमानेंट सारे विषयों के प्रोफेसर. इस कारण छात्रों को उच्च शिक्षा में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. इसलिए धनबाद का सांसद ऐसा हो जो छात्रों की भविष्य को देखते हुए जिले की जन समस्याओं को दूर करने में सक्षम हो.

### भय,भूख और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने वाला हो हमारा सांसद : महेश कुमार दुबे



तोपचांची के रहने वाले पीएचडी के छात्र महेश कुमार दुबे ने कहा धनबाद का सांसद ऐसा हो जो धनबाद को भय ,भूख और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाये .धनबाद को अपना घर समझे. जात की नहीं जमात की बात करने वाला हो .उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से धनबाद की छवि खराब हो रही है अच्छे लोग पलायन कर रहे है और खराब लोगों की संख्या बढ़ रही है जो धनबाद के लिए गंभीर विषय है.

### प्रमुखता से गरीबों,वंचितों और पीड़ितों की आवाज संसद में उठाये : कुंदन कुमार



धनबाद के रहने वाले पीजी के छात्र कुंदन कुमार ने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र का सांसद ऐसा हो जो गरीबों , वंचितों एवम पीड़ितों का आवाज प्रमुखता से उठाये.शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान दे. कोयलांचल की जनता को हर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए. साथ ही बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लिए सदन में आवाज उठाए. इस समय झारखंड में रोजगार की विकट समस्या है. उसका समाधन करना जरुरी है.इसलिए मैं ऐसे सांसद को वोट दूंगा जो यह कर पाए.

## गोड्डा

### जिनके पास लोग आसानी से पहुंच सके : राजेश गाड़िया



युवा कारोबारी राजेश गाड़िया कहते हैं कि सांसद के रूप में हमें ऐसा प्रतिनिधि चाहिए जो आसानी से आमजनों के लिए उपलब्ध हो सकें. जब फोन करे तो उसका जवाब मिल सके. कुछ प्रतिनिधि ऐसे होते हैं जिनको जीत मिलते ही कार का शीशा चढ़ाकर निकल लेते हैं. आम जनता भी चाहती है कि आगर वक्त पर मदद की जरूरत हो तो उनके पक्ष में एक समर्थन मिल सके.

### गोड्डा का संपूर्ण विकास करने वाला नेता चाहिए : कलिकांत




कलिकांत पाठक का कहना है कि आम जनता यह चाहती है कि उसके क्षेत्र का पूरा विकास हो सके. केंद्र सरकार की योजनाओं को अपने क्षेत्र में लाकर इसका लाभ जनता को दिलाए, गोड्डा को ऐसे ही तेज तर्रार जनप्रतिनिधि की आवश्यकता है. संताल परगना में गोड्डा तो पहले से ही विकास के मामले में बहुत पीछे है.

### कल कारखाने लगे तभी पलायन रुकेगा : ओम प्रकाश




अधिवक्ता ओम प्रकाश कापरी कहते हैं कि पलायन को रोकना सबसे बड़ी समस्या है. अभी चुनाव का समय है. आप किसी भी ग्रामीण क्षेत्र में चले जाइए आपको लोगों की उपलब्धता बहुत कम मिलेगी. अधिकांश पहाड़िया आदिवासी लोग रोजी-रोटी की तलाश में महानगर की और पलायन कर गए हैं.

### चिकित्सा, शिक्षा के साथ काम के अवसर मिले : मो. हासिम



अधिवक्ता हासिम खान कहते हैं कि गोड्डा में न चिकित्सा के लिए कोई बेहतर अस्पताल है और न ही उच्च शिक्षा के लिए बेहतर संस्थान है. कुछ प्राइवेट स्कूल है जो लूट मचाएं हुए है. सेंट्रल स्कूल के अलावा डिग्री कॉलेज और जो रोजगारपूरक कोर्स करवाए ऐसे कॉलेज की स्थापना की जानी चाहिए .

### गोड्डा के लिए बहुत काम किए जाने की जरूरत : सिद्धिकांत



सरकारी संस्थान में कार्यरत सिद्धिकांत्त दुबे कहते हैं कि पहले गोड्डा को बाहर में लोग जानते नहीं थे. हाल के वर्षों में गोड्डा में बहुत बदलाव देखने को मिला है. सत्तर साल के बाद गोड्डा के लोगों को गोड्डा से रेल यात्रा करने का मौका मिला है. आगे अभी कई और काम किए जाने बाकी हैं.

## गिरिडीह

### चुनाव के समय किया गया वादा पूरा करें, हमारी समस्याओं के प्रति गंभीर रहे : सागर चौधरी



गावां प्रखंड के युवा मतदाता सागर चौधरी ने कहा कि सांसद के प्रत्याशी चुनाव के समय लंबा-चौड़ा वादा करते हैं,लेकिन बाद में भूल जाते हैं . चुनाव जीतने के बाद सांसद अपना वादा पूरा करें . उन्होंने कहा कि गावां प्रखंड में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है . सरकारी अस्पताल में सुविधा दुरुस्त नहीं है . नव निर्वाचित सांसद को इस दिशा में बेहतर ध्यान देना चाहिए .

### हमारा सांसद ऐसा हो जिस पर क्षेत्र की जनता गर्व कर सके,वह लोकप्रिय हो : विशाल कुमार



डुमरी प्रखंड के युवा मतदाता विशाल कुमार ने कहा कि सांसद ऐसा होना चाहिए, जिस पर क्षेत्र की जनता गर्व कर सके . सांसद का काम और जनता से उनका लगाव ही उनकी क्षमता को दर्शाता है . उन्होंने कहा कि युवा देश के भविष्य होते हैं, इसलिए नव निर्वाचित सांसद को इनके विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए .


### नव निर्वाचित सांसद को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में काम करें : फैयाज अंसारी



युवा मतदाता फैयाज अंसारी ने कहा कि नव निर्वाचित सांसद ऐसा होना चाहिए, जो शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में काम करें . जमुआ प्रखंड जिले के सबसे बड़े प्रखंड में से एक है . इसके बाद भी सुविधाओं का घोर अभाव है . स्कूल और स्वस्थ्य की व्यवस्था सबसे लचर है . इस दिशा में सांसद को विशेष ध्यान देना चाहिए.

## बोकारो

### झारखंडी कला, संस्कृति को बचाने की बात करे : विनोद



बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के सिंहपुर निवासी युवा एवं पंचायत समिति सदस्य विनोद महतो रसलीन ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो जो झारखंड की पहचान, संस्कृति, सभ्यता एवं लोक कला को बचाने एवं लाकारों के संरक्षण एवं संवर्धन की बात करे .

### क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जो प्रत्याशी गंभीर हो : प्रवीण



बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के गर्री निवासी युवा सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण कुमार ने कहा कि रोजगार की तलाश में ग्रामीण क्षेत्र के युवा भटक रहे हैं, लेकिन कोई उन युवाओं के समस्या की समाधान की दिशा में कदम नहीं बढ़ाता . सांसद ऐसा हो जो हर तरह की समस्या को लेकर हमेशा गंभीर रहे .

### जो योजनाओं को लागू करने की जो पहल करे : अभिषेक



बोकारो जिले के पेटरवार निवासी अभिषेक कुमार ने कहा कि लोकसभा का चुनाव हमेशा राष्ट्रीय मुद्दे को लेकर होना चाहिए . क्षेत्रीय समस्या एवं स्थानीय मुद्दे को लेकर तो विधानसभा चुनाव होते हैं, इसलिए जो राष्ट्रहित की बात करे, उसे सांसद बनाकर लोकसभा में भेजेंगे .

### पानी, बिजली, सड़क को जो दुरुस्त रखे : सुरेश रजवार



बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड के जारंगडीह उत्तरी पंचायत निवासी सुरेश रजवार ने कहा कि क्षेत्र में पेयजल, सड़क, बिजली की अनियमित आपूर्ति समेत अन्य समस्याओं से लोग परेशान हैं . हमारा सांसद ऐसा हो जनता एवं क्षेत्र की हर छोटी बड़ी समस्याओं को दूर कर विकास कार्य कर सके .

### पांच साल जो जनता के सुख दुख में साथ निभाए : निर्मल



बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड के जारंगडीह उत्तरी पंचायत निवासी सीसीएलकर्मी निर्मल मंडल ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो जिनकी आपराधिक छवि न रहे . साथ ही जो हर आम से खास लोगों के बीच लोकप्रिय हो . जनता की सेवा में 24 घंटे तत्पर रहे . क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को बहाल कर सके .

## सीधी बहस की जरूरत

**18वीं** लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव की प्रक्रिया आधी से अधिक पूरी हो चुकी है. सात में से चार चरणों के मतदान हो गए हैं, अब केवल तीन चरण बाकी रह गए हैं. देश भर में राजनैतिक दलों की रैलियां और सभाएं हो रही हैं. टीवी और अखबारों में साक्षात्कारों का सिलसिला भी चल रहा है. अभी एक चैनल को दिए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंदिरा गांधी के वक्त महंगाई सबसे अधिक थी और इसी में श्री मोदी ने पं.नेहरू के भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने देश में बढ़ती महंगाई के लिए द.कोरिया और उ.कोरिया की लड़ाई को जिम्मेदार बताया था, जबकि उसका प्रभाव यहां की अर्थव्यवस्था पर नहीं था. वह केवल बहाना ढूंढते थे. 10 साल सत्ता में रहने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी अब भी इंदिरा गांधी या नेहरूजी के वक्त के शासन की कमियां गिना रहे हैं, तो इसका सीधा अर्थ यही है कि वे अभी के मुद्दों पर बात नहीं करना चाहते. 10 सालों में एक भी खुली प्रेस कांफ्रेंस न करने वाले नरेन्द्र मोदी इस चुनाव के वक्त अलग-अलग मीडिया घरानों के पत्रकारों को साक्षात्कार तो दे रहे हैं, लेकिन उनमें भी मुद्दों पर बात नहीं हो रही, केवल कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर हमले हो रहे हैं. साक्षात्कार लेने वाले पत्रकार भी सत्ता के प्रायोजक की भूमिका में नजर आते हैं, क्योंकि उनके सवालों में कोई धार नहीं दिखाई देती, न ही जवाबों पर प्रतिप्रश्न किए जाते हैं. इस निराशाजनक स्थिति के बीच देश के दो पूर्व न्यायाधीशों और एक वरिष्ठ पत्रकार ने प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी को सीधी बहस करने के लिए चिट्ठी लिखी है. सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मदन बी लोकुर, दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एपी शाह और वरिष्ठ पत्रकार एवं द हिंदू के पूर्व एडिटर-इन-चीफ एन राम ने अपने पत्र में कहा है कि लोकतांत्रिक देश होने के नाते हमारे चुनावों पर दुनिया की नजर है. ऐसे में भाजपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को गैर-पार्टी और गैर-व्यावसायिक प्लेटफॉर्म पर बहस करनी चाहिए. पत्र में यह भी लिखा है कि यह बहस कहां होगी, कितनी देर की होगी, इसमें सवाल कौन पूछेगा और इसका प्रारूप क्या रहेगा, यह श्री मोदी और राहुल गांधी दोनों की सलाह पर तय किया जा सकता है. अगर ये दोनों नेता बहस के लिए नहीं आ सकते हैं, तो वे अपनी तरफ से किसी को प्रतिनिधि के तौर पर भेज सकते हैं. इस पत्र पर राहुल गांधी ने जवाब दिया कि उन्होंने कांग्रेस के अध्यक्ष से इस बारे में चर्चा की है और वे इसके लिए तैयार हैं. हालांकि प्रधानमंत्री की ओर से इस पर कोई जवाब देखने को नहीं मिला है. अलबत्ता भाजपा के नेताओं और आईटी सेल के लोगों ने राहुल गांधी का मजाक उड़ाना जरूर शुरु कर दिया कि वे किस हैसियत से प्रधानमंत्री मोदी से बहस करेंगे. वे तो इंडिया गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार भी नहीं हैं, लेकिन भाजपा के नेता यह भूल गए कि इस बहस के लिए प्रधानमंत्री पद की दावेदारी कोई योग्यता है ही नहीं. श्री मोदी और श्री गांधी दोनों लोकसभा के सांसद हैं और अपनी-अपनी पार्टियों की ओर से उम्मीदवार भी, इस नाते दोनों के बीच सीधी बहस हो सकती है.

> अलबत्ता भाजपा के नेताओं और आईटी सेल के लोगों ने राहुल गांधी का मजाक उड़ाना जरूर शुरु कर दिया कि वे किस हैसियत से प्रधानमंत्री मोदी से बहस करेंगे. वे तो इंडिया गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार भी नहीं हैं, लेकिन भाजपा के नेता यह भूल गए कि इस बहस के लिए प्रधानमंत्री पद की दावेदारी कोई योग्यता है ही नहीं.

### सुभाषित

**विद्याविनयोपेतो हरति न चेतांसि कस्य मनुजस्य ।**
**कांचनमणिसंयोगो नो जनयति कस्य लोचनानन्दम् ॥**

विद्यावान और विनयी पुरुष किस मनुष्य के चित्त को नहीं हरते? सुवर्ण और मणि का संयोग किसकी आंखों को सुख नहीं देता? सच तो यही है कि विद्या और विनय का संयोग सोने और मणि के संयोग के समान है. यह संयोग दुर्लभ भले ही हो, आनंददायी होता है.

# इंदौर में वोटिंग को लेकर मोदी का संशय

**तमाम कोशिशों के बावजूद दो साम्यवादी उम्मीदवारों ने दबाव में आने से इनकार कर दिया और अब तेरह मई को मतदान भी होगा और चार जून को मतों की गिनती भी. देवी अहिल्या की नगरी में राजनीतिक शक्ति-परीक्षण की एक अभूतपूर्व स्थिति निर्मित हो गई है. कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की कोशिश है कि भाजपा-विरोधी मतदाता तेरह मई को ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में 'नोटा' के बटन का इस्तेमाल करें.**



**कां**ग्रेस का उम्मीदवार दिन-दहाड़े मैदान से हटवा दिया गया! दूसरे दलों का भी कोई ताकतवर प्रत्याशी लड़ाई में नहीं है! राज्य में हुकूमत भी भाजपा की ही है, फिर भी मोदीजी की पार्टी डरी हुई है? डर का कारण इतना भर है कि चार जून को मोदी जी के सामने मुँह कैसे दिखाना है! 'बम कांड' के कारण चर्चा में आए देश के सबसे 'स्वच्छ' शहर के कांग्रेसी प्रत्याशी का नामांकन आख़िरी वक्त में डरा-धमकाकर या अन्य देसी उपायों के ज़रिए वापस तो करवा दिया गया, पर उसके कारण इंदौर सहित आसपास की सीटों के मतदाताओं पर जो ख़ौफ़नाक प्रतिक्रिया हुई है, उसने भाजपा को ऊपर से नीचे तक हिलाकर रख दिया है. भाजपा में भय व्यक्त किया जा रहा है कि 'जो कुछ हुआ है' से नाराज़ इंदौर के संवेदनशील मतदाताओं ने अगर तेरह मई को होने वाले चौथे चरण के मतदान में इवीएम मशीनों पर बड़ी संख्या में 'नोटा' का बटन दबा दिया तो दुनिया भर में शहर के पोहे-जलेबियों का स्वाद बिगड़ जाएगा. कांग्रेस के 'खोटे सिक्के' को सूरत की तर्ज़ पर मैदान से हटवा कर भाजपा के जीतनेवाले उम्मीदवार को बिना मुक़ाबले के जितवाने की जब तैयारी शहर के बलशाली नेताओं द्वारा की गई होगी, तब इतनी गहराई से नहीं सोचा गया होगा कि उनका ऑपरेशन मोदी जी के सवालों में शामिल हो जाएगा!

सात मई को नरेंद्र मोदी इंदौर संभाग की उन दो सीटों (धार और खरगोन) के दौरे पर थे, जहां भाजपा को कड़े मुक़ाबले का सामना करना पड़ रहा है. इंदौर एयरपोर्ट पर आगमन और प्रस्थान के समय मोदी जी जिन बूथ कार्यकर्ताओं से मिले, उनसे उन्होंने कथित तौर पर सिर्फ़ दो सवाल पूछे! पहला यह कि क्या इंदौर में ज़्यादा वोटिंग नहीं होगी? दूसरा यह कि भाजपा प्रत्याशी कितने मतों से जीतेगा? पीएम के सवालों में उनकी चिंता की तलाश की जा सकती है! चूँकि कांग्रेस का कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं है और पंजीकृत मतदाता भी पिछली बार से अधिक हैं, अतः भाजपा प्रत्याशी को वोट भी 2019 से ज़्यादा मिलने चाहिए! एयरपोर्ट पर मौजूद बूथ कार्यकताओं ने जवाब दिया कि पहले आठ लाख से जीते थे, अब ग्यारह लाख से जीतेंगे. (हक़ीक़त में 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा का प्रत्याशी दस लाख से ज़्यादा मत पाकर कांग्रेसी उम्मीदवार के मुक़ाबले 5,47,754 के मतों से विजयी हुआ था.)

• देश-काल



श्रवण गर्ग

फीडबैक देने के लिए एयरपोर्ट पर बुलाए गए पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं को क़तई अनुमान नहीं रहा होगा कि इंदौर की सीट पर मोदीजी इतनी बारीकी से नज़र रखे हुए हैं और इतने तीखे सवाल पूछ लेंगे. दूसरी बात यह कि पीएम से भेंट करने का मौक़ा पाने वालों में जिनके नाम सामने आए, उनमें न तो कांग्रेस छोड़ भाजपा में भर्ती हुए उम्मीदवार का नाम था और न ही उन महारथियों में किसी का, जिन्होंने पूरे ड्रामे को अंजाम दिया. पार्टी के महारथियों द्वारा कोशिश तो यही की गई थी कि सूरत मॉडल की कॉपी के मुताबिक़ इंदौर की लोकप्रिय लोकसभा सीट पर भाजपा के ख़िलाफ़ एक भी प्रत्याशी नहीं बचने दिया जाए! निर्दलीयों सहित अन्य दलों के सभी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वापस करवा दिए जाएं! तमाम कोशिशों के बावजूद दो साम्यवादी उम्मीदवारों ने दबाव में आने से इनकार कर दिया और अब तेरह मई को मतदान भी होगा और चार जून को मतों की गिनती भी. देवी अहिल्या की नगरी में राजनीतिक शक्ति-परीक्षण की एक अभूतपूर्व स्थिति निर्मित हो गई है. कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की कोशिश है कि भाजपा-विरोधी मतदाता तेरह मई को ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में 'नोटा' के बटन का इस्तेमाल करें. दूसरी ओर, भाजपा नेताओं की तैयारी अपने समर्थकों को घरों से बाहर निकालकर मतदान केंद्रों पर ले जाने की है. इंदौर संसदीय क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में कुल मतदाताओं की संख्या पच्चीस लाख से ऊपर है. शहर की नाराज़गी के मद्देनज़र भाजपा नेताओं के इस संकट को समझा जा सकता है कि उनके प्रत्याशी को अगर पिछली बार जितने वोट नहीं मिले और/या कांग्रेस को प्राप्त हो सकने वाले वोट 'नोटा' की गिनती में प्रकट हो गए तो ड्रामे के योजनाकार और पार्टी प्रत्याशी पीएम को क्या जवाब देंगे? पूरे ड्रामे के निपट जाने के बाद चाहे देर से ही सही 1989 से 2019 तक शहर का प्रतिनिधित्व करने वाली पूर्व सांसद और स्पीकर सुमित्रा महाजन ने आख़िरकार टिप्पणी कर ही दी कि पार्टी उम्मीदवार जब जीत ही रहा था तो इस तरह का ऑपरेशन करने की क्या ज़रूरत थी? उन्होंने कांग्रेसी उम्मीदवार द्वारा ख़ुद की पार्टी को धोखा देने की भी आलोचना की. सुमित्रा महाजन की टिप्पणी को अगर उनके समर्थक मतदाताओं ने गंभीरता से ले लिया तो भाजपा को होने वाला नुक़सान ज़्यादा भारी पड़ सकता है. इंदौर में सुमित्रा महाजन को संघ-नेतृत्व के काफ़ी निकट माना जाता है.

मुद्दा यह है कि चार जून को होने वाली गिनती में कांग्रेस को मिल सकने वाले सारे वोट 'नोटा' में नज़र नहीं आए, तब ज़्यादा फ़र्क़ नहीं पड़ेगा, पर भाजपा के वोटों की गिनती पीएम को बताए गए ग्यारह लाख के आँकड़े से कम निकली तो सवाल किससे पूछे जाएंगे और जवाब कौन देगा? भाजपा उम्मीदवार को अगर पिछली बार से कम वोट मिले तो क्या उसे मोदी सरकार के प्रति इंदौर की जनता का विरोध नहीं माना जाएगा? उस स्थिति में भाजपा उम्मीदवार विजयी घोषित होने के बाद भी नैतिक रूप से हारा हुआ साबित हो जाएगा! प्रधानमंत्री ने पांच महीने पहले हुए विधानसभा चुनावों के दौरान 14 नवम्बर को इंदौर में एक ज़बर्दस्त रोड शो में भाग लिया था. लोकसभा चुनावों के दौरान मोदीजी एयरपोर्ट को दो बार छू कर लौट गए, पर इंदौर के मतदाता उन्हें सुनने से वंचित रह गए. सुर्ख़ियों में बने रहने के अभ्यस्त हो चुके राजनेताओं को लोकसभा चुनावों के बहाने एक और कारण मिल गया, पर उसके लिए नागरिकों को क़ीमत बड़ी चुकानी पड़ गई!

• बोधि-वृक्ष सुज्ञ



## क्रोध : एक मानस रोग

**पां**चों विकारों में से क्रोध ही एक ऐसा विकार है, जिसका दुष्प्रभाव क्रोध करने वाले और जिस पर क्रोध किया जा रहा है उभय पक्षों पर पड़ता है. इसके अलावा क्रोध सार्वजनिक रूप से दिखाई भी देता है. अर्थात उस क्रोध की प्रक्रिया को उन दोनों के अलावा अन्य लोगों द्वारा भी देखा जाता है. साथ ही क्रोध के दूसरे लोगों में संक्रमित होने की सम्भावनाएं प्रबल होती हैं. क्रोध आने से लेकर इसकी समाप्ति तक इसको चार भागों में बांटा जा सकता है. पहला है क्रोध उत्पन्न होने का कारण.विचार करें तो पायेंगे कि क्रोध के मुख्य कारण मामूली सा अहं, ईर्ष्या या भय होता है. कभी-कभी तो क्रोध का बहुत ही छोटा कारण होता है. दूसरा क्रोध आने पर उसका रूप. क्रोध आने पर जो उसका रूप होता है, वह हर हाल में किसी न किसी का अहित करनेवाला होता है. जब अहित के लिए और कोई सामने नहीं होता तो क्रोध करनेवाला अपना ही अहित कर बैठता है. क्रोध आने पर मनुष्य स्वयं का, किसी दूसरे का और कभी निर्जीव चीजों को तोड़-फोड़ कर नुकसान करता है. तीसरा है क्रोध के बाद उसके परिणाम. तो उसका परिणाम प्रश्चात्ताप पर आकर पूरा होता है. तब पछताने के सिवा कोई और उपाय नहीं रह जाता. चौथा है क्रोध के परिणाम के बाद उसका निवारण और वह है क्षमा, जो हमेशा समझदार लोगों द्वारा किया जाता है. बात-बेबात क्रोध करने वालों से लोग प्रायः दूरी बना लेते हैं. क्रोध करने वाले कभी भी दूसरों के साथ न्याय नहीं कर सकते. क्रोध वह आग है, जो अपने निर्माता को पहले जला देती है. विचार करें, क्या चाहते हैं आप? अपना व दूसरों का अहित या आनन्द अवस्था? जब आपका अहं स्वयं को स्वाभिमानी कहकर करवट बदलने लगे, सावधान होकर मौन मंथन स्वीकार कर लेना श्रेयस्कर हो सकता है. साधारणतया मौन को भयजनित प्रतिक्रिया कहकर कमजोरी समझा जाता है, पर सच्चाई यह है कि उस समय मौन धारण कर पाना वीरों के लिए भी आसान नहीं होता. वस्तुतः मौन के लिए विवेक को सुदृढ़ करना होता है और इसके लिए उच्चतम साहस चाहिए. क्रोध उदय के संकेत मिलते ही व्यक्ति जब मौन द्वारा अनावश्यक अहंकार पर विवेक पूर्वक सोच लेता है तो बुरे विचार, कटु वाणी और बुरे भावों के सही पहलू जानने, समझने, विचारने और हल करने का अवसर भी मिल जाता है. क्रोध के उस क्षण में स्वानुशासित विवेक और आत्मावलोकन के लिए मौन हो जाना क्रोध मुक्ति का श्रेष्ठ उपाय है.

# स्वस्थ जीवनशैली उम्र में कर सकती है इजाफा

• सेहत

मुकुल व्यास

**स्व**स्थ जीवनशैली उम्र पर आनुवंशिकी के प्रभाव को 60 प्रतिशत से अधिक कम कर सकती है और आपके जीवन में पांच साल और जोड़ सकती है. यह बात अच्छी तरह से स्थापित है कि कुछ लोगों में आनुवंशिक कारणों से कम जीवनकाल की प्रवृत्ति होती है. यह भी सर्वविदित है कि जीवनशैली से जुड़ी कुछ बातें, विशेष रूप से धूम्रपान, शराब का सेवन, आहार और शारीरिक गतिविधि, दीर्घायु पर प्रभाव डाल सकती हैं. अभी तक यह समझने के लिए कोई जांच नहीं हुई थी कि एक स्वस्थ जीवनशैली आनुवंशिकी को किस हद तक संतुलित कर सकती है. लेकिन अब कई-कई दीर्घकालिक अध्ययनों के निष्कर्ष सामने आए हैं, जिससे पता चलता है कि एक स्वस्थ जीवनशैली जीवन को छोटा करने वाले जीन के प्रभावों को 62 प्रतिशत तक कम कर सकती है और आपके जीवन में पांच साल तक बढ़ा सकती है. दरअसल, इन अध्ययनों के परिणाम बीएमजे एविडेंस-बेस्ड मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं. शोधकर्ताओं का कहना है कि यह अध्ययन जीवनकाल पर आनुवंशिक कारकों के प्रभाव को कम करने में स्वस्थ जीवनशैली की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है. उनका यह भी मानना है कि जीवनशैली में सुधार के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियां पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए पूरक के रूप में काम कर सकती हैं. मानव जीवन पर आनुवंशिक कारकों के प्रभाव को कम कर सकती हैं. एक अध्ययन में यूके बायोबैंक में 353,742 लोगों को शामिल किया गया. इस अध्ययन से पता चला कि उच्च आनुवंशिक जोखिम वाले लोगों में कम आनुवंशिक जोखिम वाले लोगों की तुलना में समय से पहले मृत्यु का खतरा 21 प्रतिशत अधिक होता है, भले ही उनकी जीवनशैली कुछ भी हो. इस बीच, चीन में झेजियांग यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन और एडिनबरा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि अस्वास्थ्यकर जीवनशैली वाले लोगों में जल्दी मौत की संभावना 78 प्रतिशत बढ़ जाती है, भले ही आनुवंशिक जोखिम जो भी हो. अध्ययन में कहा गया है कि अस्वास्थ्यकर जीवनशैली और कम जीवनकाल के जीन वाले लोगों में भाग्यशाली जीनों और स्वस्थ जीवनशैली वाले लोगों की तुलना में समय पूर्व मौत का खतरा दोगुना हो जाता है. हालांकि, शोधकर्ताओं ने पाया कि कम उम्र या समय से पहले मौत के आनुवंशिक जोखिम को स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर लगभग 62 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है. उनका कहना है कि उच्च आनुवंशिक जोखिम वाले लोग स्वस्थ जीवनशैली के साथ 40 वर्ष की आयु में लगभग 5.22 वर्ष की जीवन प्रत्याशा बढ़ा सकते हैं. लंबे जीवन के लिए आदर्श जीवनशैली में धूम्रपान न करना, नियमित शारीरिक गतिविधि, पर्याप्त नींद और स्वस्थ आहार शामिल हैं. शोधकर्ताओं ने अध्ययन में औसतन 13 वर्षों तक लोगों का अनुसरण करने के बाद अपने निष्कर्ष निकाले हैं. विश्व कैंसर अनुसंधान कोष में स्वास्थ्य सूचना और प्रचार प्रबंधक मैट लैम्बर्ट ने कहा कि इस नए शोध से पता चलता है कि आनुवंशिक कारकों के बावजूद स्वस्थ जीवनशैली जीने से हमें लंबे समय तक जीने में मदद मिल सकती है. एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि व्यायाम के कारण शरीर के भीतर होने वाली प्रतिक्रिया कहीं ज्यादा जटिल और दूरगामी होती है. अमेरिका के वैज्ञानिकों के नए अध्ययन में पता लगाया है कि शारीरिक गतिविधियों के कारण जानवरों के सभी 19 अंगों में कई तरह के कोशिकीय और आणविक परिवर्तन होते हैं. व्यायाम कई बीमारियों के खतरे को कम करता है, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी पूरी तरह से समझ नहीं पाए हैं कि व्यायाम शरीर को आणविक स्तर पर कैसे बदलता है. अधिकांश पिछले अध्ययनों ने एक ही अंग या लिंग पर ध्यान केंद्रित किया और इनमें सिर्फ एक या दो तरह के डेटा शामिल किए किए. व्यायाम के जीव विज्ञान पर अधिक व्यापक नजर डालने के लिए अमेरिका के मॉलिक्यूलर ट्रांसड्यूसर ऑफ़ फिजिकल एक्टिविटी कंसोर्टियम के वैज्ञानिकों ने चूहों में शारीरिक गतिविधि से होने वाले आणविक परिवर्तनों का विश्लेषण करने के लिए प्रयोगशाला में तकनीकों की एक श्रृंखला का उपयोग किया. ये चूहे कई हफ्तों तक गहन व्यायाम के दौर से गुजरे थे.

> शोधकर्ताओं ने अध्ययन में औसतन 13 वर्षों तक लोगों का अनुसरण करने के बाद अपने निष्कर्ष निकाले हैं. विश्व कैंसर अनुसंधान कोष में स्वास्थ्य सूचना और प्रचार प्रबंधक मैट लैम्बर्ट ने कहा कि इस नए शोध से पता चलता है कि आनुवंशिक कारकों के बावजूद स्वस्थ जीवनशैली जीने से हमें लंबे समय तक जीने में मदद मिल सकती है.

# निर्यात में विविधता से चुनौतियों का मुकाबला

• आर्थिकी

जयंतीलाल भंडारी

**हा**ल ही में 4 मई से सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है. यह फैसला देश में प्याज के मौजूदा रबी पैदावार के अच्छे होने और बेहतर मानसून की वजह से इस वर्ष खरीफ के दौरान भी बढ़िया पैदावार की संभावना को देखते हुए किया गया है. सरकार ने प्याज निर्यात की न्यूनतम कीमत 550 डॉलर प्रति टन तय की है और इस पर 40 फीसदी का निर्यात शुल्क भी लगेगा. इस फैसले की वजह से देश में प्याज की पैदावार करने वाले किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी. ज्ञातव्य है कि पिछले वर्ष दिसंबर, 2023 में केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 के खरीफ पैदावार की स्थिति को देखते हुए प्याज निर्यात को प्रतिबंधित कर दिया था. इसका असर घरेलू बाजार में खास तौर पर दिखा है. इस दौरान देश में प्याज की कीमतें अमूमन स्थिर रही हैं. चूंकि वर्ष 2023-24 में 2.55 करोड़ टन प्याज उत्पादन की संभावना है. जो देश की मांग और निर्यात मांग को देखते हुए पर्याप्त है. अभी निर्यात प्रतिबंधित होने के बावजूद बांग्लादेश, भूटान, यूएई, श्रीलंका आदि को कुछ मात्रा में प्याज की आपूर्ति की गई है. निश्चित रूप से प्याज निर्यात से प्याज उत्पादक किसानों को लाभ होगा. दरअसल, घटते हुए वैश्विक व्यापार और घटते हुए वैश्विक निर्यात के बीच भारत से निर्यात के सूझबूझपूर्ण निर्णय लिए जाने होंगे. यद्यपि भारत से पिछले कुछ वर्षों में लगातार रिकॉर्ड निर्यात हुए हैं, लेकिन अब भीषण होते हुए इस्राइल-ईरान टकराव से गहराती हुई नई वैश्विक व्यापार चुनौतियों के बीच भारत को निर्यात बढ़ाने व आयात घटाने की विशेष रणनीति के साथ आगे आना होगा. खासतौर से हाल ही में 28 अप्रैल को प्रकाशित आर्थिक टैंक ग्लोबल ट्रेड एंड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के वस्तु आयात में चीन की जो हिस्सेदारी बढ़कर 30 फीसदी के चिंताजनक स्तर पर पहुंचते हुए 101 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच गई है, उसे आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियानों से नियंत्रित करना होगा. गौरतलब है कि हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात 776.68 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था. ऐसे में गत वित्त वर्ष में सेवा निर्यात 3.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 339.62 अरब डॉलर का रहा, जबकि वस्तु निर्यात 3.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा. जहां पिछले वर्ष में कुल आयात 854.80 अरब डॉलर का रहा, वहीं वर्ष 22-23 में कुल आयात 898 अरब डॉलर मूल्य का रहा था. ऐसे में पिछले वर्ष आयात में कमी से कुल व्यापार घाटे में 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है. पिछले वर्ष में आयात में गिरावट की बड़ी वजह तेल का कम आयात था. कच्चे तेल की कीमतें कम रहने से बीते वर्ष में तेल के आयात पर करीब 16 फीसदी कम खर्च हुआ. निश्चित रूप से बीते कुछ वर्षों में भारत के निर्यात का एक चमकदार पहलू सेवा निर्यात है. भारत डिजिटल माध्यम से मुहैया करायी गयी सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है. डिजिटल माध्यम से सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के लिए दक्ष ऑपरेटर, कुशल प्रोग्रामर और कोडिंग विशेषज्ञ द्वारा दी जाने वाली सेवाएं शामिल हैं. भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात बढ़ रहा है. यह कोई छोटी बात नहीं है कि वर्ष 2015-16 से लगाकर वर्ष 2022-23 के बीच भारत में जीसीसी की संख्या 60 फीसदी बढ़कर 1,600 से अधिक हो गई है. विश्व व्यापार संगठन की रिपोर्ट के अनुसार डिजिटल माध्यम से जुड़ी हुई सेवाओं के तेजी से बढ़ते निर्यात के कारण इस क्षेत्र में भारत जर्मनी और चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में अमेरिका, ब्रिटेन और आयरलैंड के बाद चौथे क्रम पर आ गया है. इस समय भारत के प्रमुख निर्यात बाजारों में अमेरिका, यूएई, यूरोपीयन यूनियन, ब्रिटेन, सिंगापुर, मलेशिया, बांग्लादेश, नीदरलैंड, चीन व जर्मनी शामिल हैं. यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत से दवाओं का निर्यात 2023-24 में 27.9 अरब डॉलर पहुंच गया है. 2022-23 के दौरान यह आंकड़ा 25.4 अरब डॉलर रहा था.

> डिजिटल माध्यम से सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के लिए दक्ष ऑपरेटर, कुशल प्रोग्रामर और कोडिंग विशेषज्ञ द्वारा दी जाने वाली सेवाएं शामिल हैं. भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात बढ़ रहा है.

**मीडिया में अन्यत्र**

## केजरीवाल ने उठाया भाजपा के पीएम पर सवाल

**अंतरिम जमानत** पर जेल से बाहर आने के बाद आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के पीएम का सवाल' उठाकर उस नैरेटिव को पलटने की कोशिश की, जो विपक्षी गठबंधन इंडिया. को लगातार रक्षात्मक मुद्रा में बनाए हुए था. भाजपा पिछले एक दशक से हर चुनाव नरेंद्र मोदी के नाम पर लड़ती आई है. उसकी यह रणनीति कामयाब भी रही है. इसके बरक्स वह विपक्ष से यह सवाल करती आई है कि मोदी के मुकाबले कौन? इस लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति के केंद्र में इसी सवाल को रखा कि विपक्षी गठबंधन का नेता कौन है? विपक्षी खेमे की अनिश्चितता के मुकाबले एनडीए की सुनिश्चितता मोदी के नाम और चेहरे के रूप में स्पष्ट थी. लेकिन भाजपा ने यह कायदा बनाया था कि 75 वर्ष से अधिक उम्र का होने पर पार्टी के नेता सक्रिय राजनीति छोड़ देंगे. विपक्ष ने इसी आधार पर यह सवाल किया है कि अगले साल मोदी 75 वर्ष के हो जाएंगे तो क्या उनकी जगह कोई और नेता लेगा? और अगर ऐसा है तो भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री पद का असली प्रत्याशी किसे माना जाए? सवाल महत्वपूर्ण इसलिए भी है कि भाजपा के घोषणापत्र में इस बार किए जा रहे वादों को पार्टी 'मोदी की गारंटी' के रूप में पेश कर रही है. भाजपा ने भी सवाल की गंभीरता को समझा. तत्काल पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह जैसे शीर्ष नेता सामने आए और स्पष्ट शब्दों में बताया कि पार्टी के चुनाव जीतने की स्थिति में न केवल नरेंद्र मोदी फिर प्रधानमंत्री बनेंगे, बल्कि वे अपना कार्यकाल भी पूरा करेंगे. वैसे राजनीति में उम्र कोई सीमा नहीं मानी जाती है. इस बात का श्रेय भाजपा और खासकर मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही देना पड़ेगा कि वह अपनी पार्टी के जरिए भारतीय राजनीति में रिटायरमेंट का चलन लेकर आए. 2014 के बाद भाजपा के कई प्रभावशाली नेता इस नए चलन के मुताबिक रिटायरमेंट की राह पर बढ़ते देखे गए. इसे पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र की मजबूती का संकेत भी माना गया. ऐसे में नरेंद्र मोदी का नेतृत्व जारी रखने की पार्टी की घोषणा चाहे-अनचाहे बहस को इस सवाल की ओर ले जाएगी कि क्या पार्टी नरेंद्र मोदी को इस नियम का अपवाद मान चुकी है? अगर हां तो क्या यह पार्टी के अंदर लोकतंत्र के कमजोर होने का सूचक है? अच्छी बात यह है कि अब लोकसभा चुनाव के दौरान इन सवालों पर वोटरों की राय भी दर्ज हो जाएगी. **(एनबीटी)**



**शब्द चर्चा** डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## अभ्याश/अभ्यास

**करत** करत अभ्यास ते जड़मति होत सुजान, रसरी आवत जात ते सिल पर परत निसान. जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए नीतिकार कवि वृन्द ने बहुत ही सार्थक मंत्र दिया है. कोई भी विद्या कठिन नहीं है. यदि आप निरंतर अभ्यास करें तो उस विद्या को अपने अनुकूल बना कर हृदयंगम कर सकते हैं. इसलिए कि बार-बार अभ्यास करते रहने से मूर्ख भी विद्वान हो जाता है. उसी प्रकार जैसे मुलायम रस्सी के आने-जाने से रगड़ पा कर कठोर पत्थर पर भी निशान बन जाता है. अभ्यास शब्द संस्कृत मूल तत्सम संज्ञा पुल्लिंग है. हिंदी शब्दसागर इससे मिलते-जुलते शब्द अभ्याश को भी मान्यता दी गयी है. आमतौर पर यदि अभ्याश लिखा जाये तो उसे गलत माना जायेगा, लेकिन इस शब्दकोश के अनुसार अभ्याश शब्द भी सार्थक है. इसे विशेषण के रूप में लें तो यह समीपवर्ती तथा निकट का बोध कराता है, लेकिन संज्ञा पुल्लिंग के रूप में इसका मतलब है सामीप्य, निकटता, पड़ोस, परिणाम, नतीजा, प्राप्त्याशा, अभुदय. अब अभ्यास शब्द पर विचार करते हैं. इस शब्द का प्रयोग हर वर्ग का व्यक्ति बहुत ही आसानी से कर लेता है. अभ्यास का मतलब है किसी काम को बार-बार करना, पूर्णता प्राप्त करने के लिए फिर-फिर एक ही क्रिया का अवलंबन, एक ही क्रिया को बार-बार दुहराना, अनुशीलन, साधन, आवृत्ति. इसका क्रिया रूप है अभ्यास करना, अभ्यास होना, आदत, रब्त, टैव. जैसे कहते हैं कि उन्हें बात-बात में गालियां बकने का अभ्यास हो चुका है. यानी आदत बन गयी है. काव्यशास्त्र में अभ्यास एक अलंकार का नाम है, जिसमें किसी दुष्कर बात को सिद्ध करनेवाले का कथन हो. जैसे हरि सुमिरन प्रह्लाद किये जरयो न अगिन मंझार, गयो गिरायो गिरिहु ते, भयो न बांको वार. अभ्यास का मतलब अनुशासन, पड़ोस, गुणन तथा संगीत में एक ही पद की बार-बार होनेवाली आवृत्ति या टेक भी होता है. कोई व्यक्ति जब एक ही काम को बार-बार करता है तो वह अभ्यस्त हो जाता है.

## ताकि सास और बहू आदर्श बन सकें!

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



**वि**श्वविद्यालयों को जब से आत्म निर्भर होने के लिए आदेश मिलें हैं, वे सभी तभी से उन उपायों की खोज करने लगे हैं जो उनके लिए कमाई का ज़रिया बन सकें. हाल ही में राजधानी में स्थित एक विश्वविद्यालय ने एक ऐसा क्रांतिकारी कदम उठाया है जिसका अनुकरण, मुझे लगता है, अब सभी शिक्षण-संस्थाएं शीघ्र ही करना शुरू कर देंगी. प्रदेश की राजधानी के इस विश्वविद्यालय ने एक बिलकुल नया पाठ्यक्रम आरम्भ करने की घोषणा की है, यह पाठ्यक्रम है, आदर्श बहू का पाठ्यक्रम. क्या आपको एक संस्कारी बहू चाहिए? विश्वविद्यालय ने एक शॉर्ट टर्म कोर्स आदर्श बहू 'तैयार' करने के लिए किया है. विश्वविद्यालय का मानना है कि यह कोर्स महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक पाइलट प्रोजक्ट होगा. तीन महीने का यह कोर्स अगले अकादमिक सत्र से आरम्भ होने जा रहा है. इसका मकसद है लड़कियों को ससुराल में अपने नए माहौल में खुद को आसानी से समायोजित करने के लिए शिक्षित करना, ताकि वे परिवार को जोड़ कर रख सकें. इस पाठ्यक्रम में मनोविज्ञान, समाजशास्त्र और शिक्षा से जुड़े मुद्दों का भी समावेश किया जाएगा. साथ ही माता-पिता से फीड-बैक भी लिया जाएगा. यह कोर्स तीन महीने का होगा और इसकी अच्छी-खासी फीस होगी. और हो भी क्यों न. हम देख रहे हैं कि आज छोटी छोटी बातों पर बहुओं के कारण झगड़े हो रहे हैं और परिवार में फूट पड़ रही है. इससे बचने के लिए यदि लड़कियों को प्रशिक्षित किया जा सके तो यह सौदा महंगा नहीं है. हम सब जानते हैं कि हर 'सास' एक आदर्श 'बहू' चाहती है. लेकिन हर बहू भी तो एक आदर्श सास चाहती है. अगर आपमें से कोई महिला सास बनने जा रही है तो उसे अविलम्ब, बल्कि पहले से ही, उस नए, आदर्श सास वाले, कोर्स में प्रवेश के लिए, जो अभी बना नहीं है, आवेदन कर देना चाहिए. यह आपको एक 'आदर्श सास' बनाने में आपकी मदद करेगा. पर आदर्श बहू या आदर्श सास तक ही क्यों सीमित रहा जाए, अन्य कई दूसरे रिश्तों को भी आदर्श बनाने में विश्वविद्यालय, इसी प्रकार के पाठ्यक्रमों द्वारा आपकी मदद कर सकते हैं. जैसे एक कोर्स आदर्श दामाद का, एक कोर्स आदर्श ननद का, एक कोर्स आदर्श साले का, एक कोर्स आदर्श साली का, एक कोर्स आदर्श सलहज का, एक कोर्स आदर्श देवर का, एक कोर्स आदर्श ननदोई का... इत्यादि भी बनाए जा सकते हैं. इन पाठ्यक्रमों से समाज में समरसता निर्मित होगी और केवल स्त्री सशक्तीकरण ही नहीं होगा, जैसा कि आदर्श बहू के पाठ्यक्रम के लिए दावा किया गया है, बल्कि पूरे समाज का इनमें हित निहित होगा. इन शॉर्ट-टर्म, कोर्सेस से विश्वविद्यालयों को अतिरिक्त वित्तीय लाभ तो होगा ही, समाज को कुल मिलाकर आदर्श बनाने में भी सहायता मिलेगी.

# Her Story

पीढ़ियों की बात

## समर वेकेशन का फील ही नहीं आ रहा नानी !

मीरा श्रीवास्तव

मोबाइल रिंग होते ही मैंने कॉल लिया तो गुड़ में पगी उसकी आवाज मेरे कानों में उतरी - प्रणाम नानी ! हमेशा की तरह सबों के लिए जो मेरा आशीर्वाद होता है, मैंने उसपर बरसा दिया. " खुश रहो बेटा ! खूब बड़ी हो जाओ !" फिर हल्के से हंस भी पड़ी. क्या मेरी रिद्धू बड़ी होगी तो सयानी नहीं होगी? अब तो एक्जामिनेशन खत्म हो गये. कोई टेंशन नहीं. समर वेकेशन भी शुरु हो गये. फिर तो दिनभर मौज मस्ती. है ना? अरे रिद्धू! मैंने तुम्हारे व्हाट्सएप पर एक इमेज भेजा था, पोस्टकार्ड का. उसे बगैर बोलने का मौका दिए मैं बोलती चली गई - हमारे स्कूल और कॉलेज के दिनों में तो मोबाइल फोन होते ही नहीं थे, लैंडलाइन फोन भी बहुत कम ही लोगों के पास होते थे तो हम लेटर राइटिंग किया करते थे. थोड़ा लिखना हो और मैटर ओपन फॉर ऑल हो तो पोस्टकार्ड यूज करते जिसपर एड्रेस लिखने की लाइन बनी होती और स्टाम्प उसपर पहले से ही प्रिंटेड होता था, बस लेटर बॉक्स में पोस्टकार्ड डालो, एक सप्ताह के भीतर लिखे एड्रेस पर पोस्टकार्ड पहुंच जाता. कुछ ज्यादा लिखना होता और मैटर नॉट ओपन फार ऑल होता तो इनलैंड और बहुत ज्यादा ही सेक्रेसी मेंटेंड करनी होती तो ऑनवेलप, दो चार छः पन्नों में जो चाहो लिखो. "तुमने शायद एक्जाम के प्रेशर की वजह से अपना मोबाइल देखा नहीं.


रिद्धिमा संग नानी मीरा श्रीवास्तव

"मोबाइल तो गया !" उधर से रिद्धू की रोनी सी आवाज कान में गूंजी.

" गुम हो गया मोबाइल?" मैं हैरान परेशान सी बोल उठी. रिद्धू जैसी सलीकेदार बच्ची मोबाइल कहीं गिरा दे या कहीं भूल आए, ये मेरी कल्पना से बाहर की बात थी.

" नहीं नानी ! मम्मा ने मोबाइल सिज़ कर लिया."

" पेपर्स तो खत्म हो गए हैं, अब दे देगी मम्मा मोबाइल."

" नहीं ! मम्मा ने कहा है कि टेंथ बोर्ड के बाद ही मोबाइल मिलेगा. जस्ट इमेजिन नानी ! आई हैव टू वेट फॉर फाइव इयर्स. ऐसा होता है क्या?"

मेरी गति तो सांप छछूंदर की सी ! न निगलते बनता न उगलते. याद आया, कैसे उसकी मम्मा जब मेरे ऑफिशियल प्रीपेड मोबाइल का सारा पैसा वेकेशन में खंगाल लेती तो मैं कैसे उसकी क्लास लगाती. लेकिन आज तो मूल नहीं, सूद का सवाल था. इस मुश्किल हालात से रिद्धू को बाहर निकालने की क्या जुगत लगाऊं?

तबतक रिद्धू की परेशान आवाज कान में उभरी -- नानी तुम प्लीज मम्मा से आज शाम में ही बात करना और उसे समझा देना. मैं मम्मा से प्रोमिस करुंगी कि वो जितना टाइम अलाउ करेगी, मैं उतना ही यूज करुंगी.

प्लीज नानी ! प्लीज ! उसकी आवाज में जो निहोरे वाला भाव भरा था, उसने मेरे आगे चुनौती से भरे हालात खड़े कर दिए.

तपाक से रिद्धू ने सुझाया -- "मम्मा के कॉल्स साढ़े आठ बजे रात तक खत्म हो जाते हैं, उस समय ही तुम कॉ कर लेना." यानि मुझे हर हाल में आज के आज ही रिद्धू की प्राब्लम को सॉल्व कर ही देना था.

मैं उसकी मम्मा को कॉल करुं इसे पहले ही तीषू ( रिद्धू की मम्मा ) का कॉल आया. मैंने उसका हाल चाल लिया, स्टमक इंफेक्शन कैसा है ? रिद्धू सेर तो मम्मा सवा सेर ! हंसते हुए बोली -- "अच्छा तो तुम्हें खबरी ने खबर पहुंचा दिया. मुझे पता था कि मोबाइल वापस दिलाने की सिफारिश वह तुमसे ही करवाएगी."

बड़ी आजिजी से मैंने कहा - "अब छुट्टियों में वो क्या करे?" उफ्फ ! हमारी अगली पीढ़ी ! तपाक से उलट जवाब आया रिद्धू की मम्मा मने कि मेरी बिटिया हर्षिता का ! " मैं भी वेकेशन में ही तुम्हारे पास जाने पर तुम्हारा मोबाइल यूज करती थी ना? तब तो तुम्हें ये फिक्र नहीं होती थी कि मैं घर में खाली बैठे करुंगी क्या? तुम स्कूल और पापा यूनिवर्सिटी ! आरा में तो मेरी कोई फ्रेंड सर्किल भी नहीं थी ! मोबाइल हाथ में आते ही ये ( रिद्धू ) फ्रेंड्स, खेल, बुक रीडिंग सब भूल जाती है ! ये सही है?"

मैं हैरान ! इतना कुछ अनकहा अनसुना रह गया था? चलो, अच्छा ही हुआ ! रिद्धू के बहाने सारा गुबार निकल गया आज ! समझ में आने लगा था जेनरेशन गैप का असर दो पीढ़ियों की सोच पर होता तो है लेकिन सोच की आधारशिला एक ही होती है ! मन ही मन भुनभुनाते हुए मैंने फोन रख दिया ! पत्थर पर सिर फोड़ने का कोई फायदा तो था नहीं. अब रिद्धू के उस यकीन का क्या करूं जो उसके नाजुक दिल में जड़ें जमाये बैठा था कि नानी हर मर्ज की दवा है ! जिस ताले की चाभी पाताल में भी छिपा दी गई हो, नानी के पास उसे भी खोलने का हुनर है ! मम्मा का हिटलरी मिजाज कोई भी तर्क मानने को तैयार नहीं, लेकिन कोई न कोई जुगत भिड़ानी ही पड़ेगी अपनी गुड़धानी की समर वेकेशन की फीलिंग्स की रिवाइवल के लिए ! और... लो जी ! रिद्धू का अपनी नानी में कॉन्फिडेंस थोड़ा और गहरा हो गया. कल सुबह ही उसका फोन आया और अपनी बेहद मीठी सी आवाज में उसने मुझे बताया -- " नानी, ये मेरा फोन है."

" मम्मा ने मोबाइल तुम्हें दे दिया?" हैरानी जताते हुए मैंने पूछा.

" हाँ, मम्मा ने खुद ही दे दिया. तुमने कहा था ना?" अब मुझे कहां पता कि रिद्धू को फोन क्यों मिला और कैसे ! लेकिन शुक्र है ऊपर वाले का कि मुझमें रिद्धू का यकीन बरकरार रहा ! आखिर, सूद उगाहने का सवाल जो था. अब मेरी गुड़धानी समर वेकेशन के फील को एन्जॉय कर रही होगी.


सारिका भूषण
साहित्यकार

**परिवार सिर्फ चार व्यक्तियों का चार दीवारों के बीच रहने वाला समूह नहीं है यह एक परिधि है जिसके अंदर पलते और बढ़ते हैं संस्कार, संस्कृति, मानवता और प्यार. यहां जीवन जीने की वह नींव पड़ती है, जिसके बदौलत कोई भी व्यक्ति जीवन की विषमतम परिस्थितियों को अनुकूल बनाने की ताकत और हिम्मत रखता है. हम सभी जानते हैं कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसका परिवार उसे आजीवन मनुष्य बनाये रखता है. एक परिवार में सम्बंधों की न सिर्फ़ नींव डाली जाती है बल्कि उन्हें निभाने की शिक्षा भी मिलती जाती है.**


अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस आज

# प्यार का संसार है परिवार



### ▪ ऐसे हुई शुरुआत

आज पूरे विश्व में ऐसी ही परिवार की जरूरत है जो समाज में रिश्तों और आपसी प्रेम को सत्यापित करते हुए अमन और चैन फैला सके. विशेषकर आने वाली पीढ़ियों को परिवार की महत्ता बताने और समझाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस हर साल 15 मई को मनाया जाता है. इस दिवस की घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1993 में संकल्प ए/आरईएस/47/237 के साथ की गई थी और यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा परिवारों को दिए जाने वाले महत्व को दर्शाता है. विशेषकर उन देशों में जहां परिवार सिमटते ही चले जा रहे हैं और लोग रिश्तों को बोझ समझने लगे हैं.

### ▪ यह है इस साल की थीम

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा यह दिवस प्रत्येक वर्ष एक विषय पर आधारित रहता है. इस वर्ष 2024 अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस का विषय " **विविधता को अपनाना,** परिवारों को मजबूत बनाना" है. यह संस्कृतियों, पृष्ठभूमियों और अनुभवों की अनूठी एकता का जश्न मनाने का एक तरीका है जो परिवारों को समृद्ध करता है, समझ को बढ़ावा देता है और समावेशन को बढ़ावा देता है. परिवार की एकता और प्रेम में वह ताकत जो बड़े से बड़े युद्धों को रोक सकता हैं चाहे वह चहारदीवारी के अंदर का युद्ध हो या बाहर का.

### ▪ जरा सी परिक्वता

मैं पिछले 28 वर्षों से विवाह के बाद एक बड़े से संयुक्त परिवार में रह रही हूं. यहां मैंने रिश्तों के महत्व को जाना है और उन्हें निभाना भी सीखा है. मेरा बचपन भी एक ऐसे परिवार में बीता है जहां माता-पिता ने हमेशा यही सिखाया है कि किस तरह मुस्कुराते हुए सभी के साथ मिलजुल कर कठिनाइयों का सामना करना चाहिए. परिवार में किस तरह बड़ों की इज्जत और छोटों को प्यार देना होता है. मैं मानती हूं यह सुनने में जितना आसान है हकीकत में उतना ही कठिन है. मगर जिस तरह जीवन में सिर्फ सुख या दुःख नहीं होते, वैसे ही सभी लोग एक जैसे नहीं होते. और यही जरूरत पड़ती है थोड़ी सी सहशक्ति और थोड़ी मानसिक परिपक्वता की.

### ▪ बच्चों को बनाएं पारिवारिक

परिवार में एकता बनाये रखने के लिए बहुत सारे धैर्य, त्याग और समर्पण की जरूरत होती है. मेरा तो मानना है कि परिवार को परिवार बनाये रखने में घर की स्त्रियों का बहुत बड़ा योगदान रहता है. कहते हैं गृहिणी एक घर को स्वर्ग सा सुंदर भी बना सकती है. हमारे बच्चे अनुशासन और व्यवहार परिवार से ही तो सीखते हैं. इसीलिए एक पारिवारिक बच्चा दुनिया के किसी कोने में अपने व्यवहार से दूसरों को अपना बना सकता है. संयुक्त परिवार में पले-बढ़े आज मेरे दोनों बच्चे दो अलग-अलग देशों में पढ़ाई कर रहे हैं और अपने परिवार, देश का नाम अपने-अपने क्षेत्र में रौशन कर रहे हैं. बच्चे हमारे और देश के भविष्य हैं, इसलिए हमारा यह कर्तव्य बनता है कि शुरू से ही उन्हें स्वयं और स्वार्थ से परे पारिवारिक बनने की शिक्षा दें.

### ▪ इसलिए टूटता संयुक्त परिवार!

एक परिवार को परिवार बनाये रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व सहनशील और त्याग की भावना का होना है. जब हम सहनशील होंगे तब हमारा दंभ दूसरों पर हावी नहीं होगा और सभी की भावनाओं का सम्मान कर पायेंगे. शुरू से ही समाज देखता आया है कि संयुक्त परिवार में एक मुखिया होता है जिसपर पूरे परिवार की जिम्मेदारी होती रही है. परिवार का टूटना या बने रहना बहुत कुछ मुखिया के स्वभाव पर निर्भर करता रहा है. पहले पूरे परिवार में कमाने वाला वही मुखिया होता था और परिवार के सारे लोगों को उसके हिसाब से चलना होता था. पर जब कभी कोई मुखिया ख़ुद को परिवार से बड़ा समझने लगता है तब उसका तानाशाही रूप परिवार को तोड़ने लगता है धीरे-धीरे एकल परिवार बनते चले जाते हैं.

### ▪ औरतों और बुजुर्गों की इज़्जत

मगर सच पूछिए आज समाज में यह स्थिति नहीं हैं. आज परिवार में एक से अधिक या लगभग सभी बड़े कमाने वाले होते हैं और उनके सदस्यों का आपसी तालमेल ही बच्चों को पारिवारिक शिक्षा एवं संरक्षण देता है. आज अधिकतर परिवारों में दोनों पति-पत्नी कामकाजी होते हैं. ऐसे में घर के बुजुर्ग उस परिवार की नींव बना रहे हैं और नयी पीढ़ी को संवार रहे हैं. कहते हैं जिस परिवार में औरतों और बुजुर्गों की इज़्जत होती है, वहां सर्वदा ख़ुशियां विराजमान रहती हैं. और इस ख़ुशी की कीमत सिर्फ आपका धैर्य और आपका अच्छा स्वभाव ही रहता है. अपने गुस्से और अहंकार को यदि हम क़ाबू में रख सकते हैं और खुद में दूसरों को सुनने-समझने की थोड़ी सी शक्ति जगा सकते हैं, तब हमारा परिवार समाज में दूसरे परिवारों के लिए एक उदाहरण बन सकता है.

## क्योंकि जोड़ना है कठिन

परिवार छोटा हो या बड़ा, उसका अस्तित्व बहुत कुछ सदस्यों की सकारात्मक और सुलझे दृष्टिकोण पर निर्भर करता है. एक-दूसरे पर विश्वास करना, उनकी भावनाओं की कद्र करना और उनकी कड़वाहटों को एक हद तक अनदेखा करना ही परिवार को बचा सकता है. आज कई शादियां टूट रही हैं. मैंने ऐसे कई केस को देखा है जहां मामूली बातों पर तलाक की नौबत आ जाती है. क्योंकि लड़की हो या लड़का वह किसी के सामने झुकना नहीं चाहता, अपनी स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को अपना दंभ बना रखा है और अपने माता-पिता या सास-ससुर की उपस्थिति पसंद नहीं. ऐसे में कैसे बढ़ेगा परिवार या क्या होगा भविष्य यह चिंतनीय विषय है. हमारे राज्य के सिविल और हाई कोर्ट में तलाक़ लेने के लिए कई ऐसे केस दर्ज़ हैं, जिनकी जड़ों में बहुत मामूली बातें हैं. ऐसे में जज आउट ऑफ़ द कोर्ट सेटलमेंट करवाकर एक परिवार को बचाने की कोशिश करते हैं क्योंकि तोड़ना बहुत आसान है आपकी खासियत ख़ुद को परिवार से जोड़कर रखने और परिवार के लोगों के साथ हंसने-रोने में ही है.

यकीन मानिए थोड़ी सी सहनशीलता, एक मीठी सी मुस्कुराहट और दूसरों के प्रति दयाभाव, ये गुण यदि आपके पास है तो दुनिया की कोई ताकत आपको और आपके परिवार को तोड़ नहीं सकती और यही गुण परिवार सिखाता है.

## ताली दोनों हाथ से बजती है


बेटे, बहू और पति संग नुपूर अशोक

जब मेरे बेटे ने एक अमरीकी लड़की से शादी की तो हम एक नई संस्कृति से परिचित हुए जो आकर्षक भी था और थोड़ा चुनौतीपूर्ण भी. वैसे तो नई बहू के आने पर एक दूसरे के साथ तालमेल बिठाने की जद्दोजहद तो होती ही है लेकिन जब दो संस्कृतियों का संगम होता है तो हमें थोड़ा अधिक ध्यान रखना होता है कि हम एक दूसरे पर हावी न हों. इसलिए मैं हमारे सभी पर्व-त्योहारों के बारे में उसे बताती ज़रूर हूं लेकिन उससे सबकुछ पालन करने की कोई अपेक्षा नहीं रखती. वह अपनी इच्छा से जो कुछ जितना करना चाहे, उसका स्वागत करती हूं और जो नहीं किया उसका कोई मलाल नहीं करती. खाने-पीने-सोने-उठने-कपड़े-लत्ते किसी में कोई टोकाटाकी नहीं. वह भारतीय खाना पसंद करती है इसलिए बना कर उसे खिलाती हूं और उसका बनाया हुआ अमरीकी भोजन भी खाती हूं. ताली तो दोनों हाथों से ही बजती है. हम एक साथ एक ही घर में रहते हैं पर एक दूसरे के निजी स्पेस का अतिक्रमण नहीं करते. - **नूपुर अशोक**

## संवाद और संपर्क सबसे बड़ा सूत्र


परिवार के बच्चों संग रिंकू बनैर्जी

पारिवारिक रिश्तों में संवाद और संपर्क सबसे बड़ा सूत्र है जिसे हमेशा बनाए रखना चाहिए. मेरी बेटी अमेरिका के जर्सी सिटी ( न्यू जर्सी ) में रहती है, जेठानी की बेटी बोस्टन में और जेठानी का बेटा शिकागो में. दूर रहते हैं ये बच्चे पर अक्सर वीडियो कॉल पर बात कर हम यह दूरी पाट लेते हैं. मेरा बेटा मुंबई में रहता है, उससे भी तकरीबन रोज वीडियो कॉल पर बात होती है. हमारे बच्चे हमसे दूर हैं, हमारी तुलना में इन सबका जीवन अधिक कठीन है, तनाव भरा है. ऐसे में बातचीत कर हम उनका हालचाल जानते हैं, प्यार उड़ेलते हैं. यहां जो परिवार साथ रहता है, उनसे भी हम अलग-अलग घरों में रहते हुए भी संपर्क में रहते हैं. एक-दूसरे के साथ समय गुजारते हैं, खाना-पीना करते हैं और इस तरह हमारा रिश्ता ताजगी भरा रहता है. अभी कल ही जरा सी फुर्सत मिली नहीं कि देवरानी को फोन कर बुलाया और हमने साथ आउटिंग की, लंच किया. - **रिंकू बनैर्जी**

# बहुत कूल हैं ये साड़ियां

**साड़ी सदाबहार है जो पार्टी फंक्शन में जितनी अच्छी लगती है, उतना ही ग्रेसियस लुक ऑफिस वियर के रूप में दिलाती है. हर मौसम में इसका अलग अंदाज नजर आता है. गर्मियों में भी साड़ी पहन कर कंफर्ट और स्टाइल को बरकरार रख सकते हैं. आइए, गर्मियों की पसंदीदा कुछ साड़ियों की करें बात-**

### चंदेरी इंडिगो साड़ी



चंदेरी में पहले मिलमेड यार्न का उपयोग किया जाता था. बाद के वर्षों में जापान का सिल्क और बाने में कॉटन को रखकर साड़ियां बनाई जाने लगीं. चंदेरी में कई तरह के पैटर्न इन दिनों मिलते हैं. मेहंदी डिजाइन, नलफर्मा, डंडीदार, जंगला आदि के अलावा गर्मियों में चंदेरी का एक और पैटर्न काफी पसंद किया जाता है वह है चंदेरी इंडिगो सिल्क.

### इकत साड़ी



हैंडलूम इकत भारतीय महिलाओं के बीच बहुत लोकप्रिय है और इसे विंटेज और आधुनिक स्टाइल के संतुलित रूप माना जाता है. इकत रंगने का एक अंदाज है जो रेशम और सूती कपड़ों पर की जाती है. चाहे वह पोचमपल्ली इकत हो या ओडिशा इकत, इनमें बनावट और रंग बेहद आकर्षक होते हैं.



### तांत साड़ी



तांत साड़ी एक पारंपरिक बंगाली साड़ी है. बंगाल के पूर्वी भाग में सामान्यतः बंगाली महिलाएं इसे अधिक पहनती हैं. यह सूती धागों से बुनी जाती है. इसकी चमक व पारदर्शिता अलग होने से सुंदर लगती है.

### लिनेन साड़ी

इन दिनों लेनिन साड़ी डिमांड में है. लाइट वेट होने के कारण रोजमर्रा की जिंदगी के लिए आरामदेह है. यह इको फ्रेंडली और सस्टेनेबल फैब्रिक है. इस साड़ी पर स्टार्च का उपयोग करने की दरकार नहीं आऔर न इसे प्रेस करने की जरूरत होती है.

राइस वाटर

# खूबसूरती निखारने का नया मंत्रा

*खूबसूरती निखारने के कुछ ब्यूटी पार्लर के अंदाज होते हैं तो कुछ हमारी नानी दादी के आजमाए हुए नुस्खे. इसके लिए कभी मार्केट हमें ज्ञान देता नजर आता है तो कई बार अपना अनुभव हुआ काम आ जाता है. इन दिनों यू ट्यूब और रीलवस भी कुछ तकनीक बता रहे. खूबसूरती निखारने का ऐसा ही एक नुस्खा इन दिनों यू ट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है, वह है राइस वाटर. यह सौन्दर्य बढ़ाने का कोरियन अंदाज है.*

चावल तो रसोई में कई कामों से आपने भी भिंगोए होंगे. ध्यान दिया होगा कि भिंगोए हुए चावल कुछ दुधिया रंगत लिए होता है. इस पानी का उपयोग ही त्वचा का सौन्दर्य बढ़ाने के लिए किया जाता है. दरअसल इसमें चावल के सभी पोषक तत्व व खनिज मिल जाते हैं. कोरियन महिलाएं मानती हैं कि इस राइस वाटर से त्वचा को प्राकृतिक चमक मिलता है और उसकी नमी का स्तर भी संतुलित रहता है. ऐसा विश्वास है कि इसका पानी त्वचा में कसावट लाता है जिससे उम्र के साथ ढीली पड़ी त्वचा फिर से कमसीन हो जाती है. राइस वाटर त्वचा के साथ सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता.



### ऐसे करें तैयार

चार-पांच बड़े चम्मच चावल को पहले अच्छी तरह से बहते नल के पानी में ढो लें. अब इसे भिंगो कर करीब 5-6 घंटे छोड़ दें. इसके पानी को अब निथार कर अलग कर लें. उपयोग के लिए राइस वाटर तैयार है. चाहें तो किसी बोतल में रख कर फ्रिज में स्टोर कर लें.

### ऐसे करें इस्तेमाल

त्वचा में नमी बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करना हो तो थोड़ा सा शहद या एलोवेरा मिला कर लगाएं और बीस मिनट तक चेहरे पर लगा रहने दें. फिर पानी से चेहरा साफ कर लें.

टोनर की तरह इस्तेमाल करना है तो कॉटन बॉल को राइस वाटर में डिप कर निचोड़ें और फिर पूरे चेहरे पर लगाएं. इस तरह से चेहरे का मेकअप भी रिमूव होगा.

बालों पर शैम्पू करने के बाद एलोवेरा मिला कर राइस वाटर बालों में लगाएं और थोड़ी देर रहने दें. फिर बालों को धो लें. इससे बाल अधिक मुलायम और चमकदार बनेंगे.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



## ब्रीफ खबरें

### शास्त्री ने इंपेक्ट प्लेयर नियम का समर्थन किया

**चेन्नई।** मौजूदा आईपीएल में इंपेक्ट प्लेयर नियम की भले ही तीखी आलोचना हो रही हो लेकिन भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इसका समर्थन करते हुए कहा है कि इससे करीबी मुकाबले देखने को मिलते हैं. पिछले सत्र में प्रतियोगिता में लागू किया गया नियम इस सत्र में बहस का विषय रहा है. कुछ विशेषज्ञों और वर्तमान खिलाड़ियों का कहना है कि यह ऑलराउंडरों की भूमिका को खत्म कर रहा है. शास्त्री ने कहा, जब कोई नया नियम आता है तो ऐसे लोग होंगे जो यह बताने की कोशिश करेंगे कि यह सही क्यों नहीं है.

### मेइराबा थाईलैंड ओपन के मुख्य ड्रॉ में

**बैंकॉक।** भारत के मेइराबा मेसनाम ने मंगलवार को थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई. प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में ट्रेनिंग करने वाले मणिपुर के 21 साल के मेइराबा ने हमवतन शाश्वत दलाल को 15-21 21-14 21-16 से हराने के बाद मलेशिया के कोक जिंग होंग को 21-19 21-9 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई. बुधवार को मुख्य ड्रॉ में उनकी भिड़ंत हमवतन भारतीय और पांचवें वरीय एचएस प्रणय से होगी.

### लीवरपूल को ड्रॉ पर रोका विला से उम्मीदें

**बर्मिंघम।** स्थानापन्न खिलाड़ी जॉन डुरेन के अंतिम पांच मिनट में दागे दो गोल की मदद से एस्टन विला ने सोमवार को लीवरपूल को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया और टीम चैंपियन्स लीग में जगह बनाने के करीब पहुंच गई. एस्टन विला की टीम अगर जीत दर्ज करती तो उसका इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष चार में रहते हुए 1983 के बाद पहली बार यूरोपीय कप के लिए क्वालीफाई करना तय हो जाता. एस्टन विला की टीम दूसरे ही मिनट में पिछड़ गई जब गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने गोल दागा.

### रीयाल को हराकर बार्सीलोना दूसरे नं. पर

**बार्सीलोना।** बार्सीलोना स्पेनिश लीग में सोमवार को यहां रीयाल सोसीदाद पर 2-0 की जीत के साथ गिरोना को पछाड़ कर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया. पहले हाफ में सोसीदाद के शेराल्डो बैकर के गोल को ऑफ साइड करार दिया गया. बार्सीलोन के राफिन्हा का शॉट 38वें मिनट में गोल पोस्ट से टकरा गया जिसके दो मिनट बाद लेमिन यमाल ने टीम को बढ़त दिलाई. राफिन्हा ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके बार्सीलोना की 2-0 से जीत सुनिश्चित की.

### जिस टीम में कोच पर्दे के पीछे काम करते हैं, वो टीमें बेहतर काम करती हैं : रायुडू

# ब्रेंडन मैकुलम जैसा दूसरा कोच कोई नहीं : हरभजन

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



**खास बातें**


- गंभीर अपने खिलाड़ियों को आजादी देते हैं
- कोच पर्दे के पीछे काम करते हैं, वैसी टीमें बेहतर काम करती है

भारत के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू को इसमें कोई संदेह नहीं है कि जो आईपीएल टीमें अपने खिलाड़ियों को फैसले लेने के लिए सशक्त बनाती हैं, वे उन टीमों की तुलना में अधिक सफल होती हैं जो निर्णय लेने की जिम्मेदारी कोच के हाथों में छोड़ देती हैं. टीम के माहौल को स्वस्थ रखने के लिए क्या करना चाहिए, इस पर चर्चा में भारत और चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व खिलाड़ी रायुडू ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मार्गदर्शक (मेंटर) गौतम गंभीर का उदाहरण दिया. गंभीर जिस तरह से अपने खिलाड़ियों को प्रदर्शन करने की आजादी देते हैं, वह रायुडू को पसंद है और उनके अनुसार यह इस सत्र में अब तक दो बार की चैंपियन टीम की सफलता की कुंजी रही है. भारत के लिए 55 एकदिवसीय और छह टी20 खेलने वाले रायुडू ने मंगलवार को 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, अगर कोच पीछे रहते हैं और पर्दे के पीछे काम करते हैं और खिलाड़ियों को जिम्मेदारी लेने देते हैं, खिलाड़ियों को मैदान पर प्रदर्शन करने की आजादी देते हैं, तो ऐसी टीमें ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं और नाइट राइडर्स यही कर रहे हैं. गंभीर की कप्तानी में 2012 और 2014 में आईपीएल विजेता केकेआर इस सत्र में प्लेऑफ में प्रवेश करने वाली पहली टीम बन गई है और उसके अभी नौ जीत के साथ 19 अंक हैं. गंभीर इस सत्र में केकेआर के मेंटर के रूप में लौटे और उनकी उपस्थिति को लगभग एक दशक के बाद टीम के अच्छे प्रदर्शन का श्रेय दिया जा रहा है. छह बार आईपीएल चैंपियन टीमों का हिस्सा रहे रायुडू ने कहा, गौतम गंभीर सिर्फ उनकी मदद कर रहे हैं और उनका सही दिशा में मार्गदर्शन कर रहे हैं... यदि आप इसे सरल रखते हैं, तो यह आसान है.

भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने टीम की जीत या हार के बावजूद ड्रेसिंग रूम में सकारात्मकता लाने के लिए केकेआर के पूर्व कोच ब्रेंडन मैकुलम की सराहना की. उन्होंने कहा, जब मैं केकेआर का हिस्सा था, ब्रेंडन वहां थे. शानदार कोच. मैंने अब तक जिन शीर्ष लोगों के साथ काम किया है उनमें से एक. वह उस ड्रेसिंग रूम में बहुत सकारात्मक थे. चाहे आप जीतें या हारें, वह वैसे ही बने रहे. हरभजन ने कहा, उस सत्र की शुरुआत में हम लगभग छह-सात मैच हार गए और हम फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गए. मैंने ब्रेंडन मैकुलम में एक भी बदलाव नहीं देखा, जब हम नहीं जीत रहे थे तब भी और जब हम जीत रहे थे तब भी.

# मनिका करियर की सर्वश्रेष्ठ 24वीं विश्व रैंकिंग पर पहुंची

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गईं और विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं. टूर्नामेंट से पहले 39वें स्थान पर काबिज 28 वर्षीय खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनिका ने जेद्दा में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और अपने इस प्रदर्शन से 15 स्थान की लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं. व्यक्तिगत और टीम श्रेणियों में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका ने सऊदी स्मैश में अंतिम आठ के सफर के दौरान कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चीन की वैंग मान्यु (दूसरी वरीयता प्राप्त) को हराकर उलटफेर किया था. यह पहली बार था जब कोई भारतीय महिला खिलाड़ी टूर्नामेंट में इतनी आगे बढ़ी. मनिका को इस प्रदर्शन के लिए 350 अंक मिले. मनिका ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि रैंकिंग में सुधार सही समय पर हुआ है क्योंकि उनका लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करना है.

### दिल्ली कैपिटल्स की जीत से राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ में

# दिल्ली ने लखनऊ को 19 रन से हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स ने अपने घर में लखनऊ सुपरजाइंट्स को 19 रन से हराकर उसका खेल खराब कर दिया. इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 64वें मैच में दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 208 रन का स्कोर खड़ा किया था. इसके जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 189 रन ही बना पाई. दिल्ली की इस जीत के साथ ही लखनऊ के लिए प्लेऑफ में पहुंचना अब लगभग नामुमकिन सा हो गया. वहीं दिल्ली के लिए भी अब सारी उम्मीदें खत्म सी हो गई है.दिल्ली कैपिटल्स इस सीजन का अपना अंतिम लीग मैच खेलने मैदान पर उतरी थी. इस तरह टीम ने सीजन में 14 मैचों में 7 जीत और 7 हार के साथ सिर्फ 14 अंक ही जुटा पाई. दिल्ली आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ से बाहर नहीं हुई है, लेकिन खराब रन रेट के कारण उसके लिए राहें मुश्किल हो चुकी है. वहीं दिल्ली की टीम के जीत के साथ ही राजस्थान रॉयल्स अब प्लेऑफ में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है.दिल्ली के खिलाफ इस मैच में लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला किया था. अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत कुछ खास नहीं हो पाई थी. हालांकि, इसके बावजूद अभिषेक पोरेल और ट्रिस्टन स्टब्स की अर्धशतकीय पारी से टीम 200 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रही.दिल्ली कैपिटल्स के लिए अंतिम लीग मैच में ईशांत शर्मा ने अपनी टीम को बेहतरीन शुरुआत दिलाई. पारी के पहले ही ओवर में ईशांत ने लखनऊ के कप्तान केएल राहुल को आउट कर दिया. शुरुआती झटके बाद लखनऊ के बल्लेबाज तेजी से रन बनाने के प्रयास में लगातार अंतराल पर अपने विकेट गंवाते रही. हालांकि, मध्यक्रम में अरशद खान ने जरूर ने 58 रनों की की पारी खेली लेकिन उन्हें अन्य किसी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल पाया.




**प्लेऑफ में अंक का खेल**

आईपीएल 2024 के 64वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 19 रन से हरा दिया है. इस जीत के साथ दिल्ली की टीम अभी भी प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है. वहीं, दिल्ली की जीत से राजस्थान रॉयल्स को फायदा हुआ. राजस्थान की टीम प्लेऑफ में पहुंच गई है. उसके 16 अंक हैं. राजस्थान के अलावा सिर्फ दो और टीम ही 16 या इससे ज्यादा अंक प्राप्त कर सकती है. राजस्थान का एक और मैच बचा है. वहीं, चेन्नई के 13 मैचों में 14 अंक और सनराइजर्स हैदराबाद के 12 मैचों में 14 अंक हैं. इसके अलावा कोई और टीम 14 से ज्यादा अंक नहीं बना पाएगी. लखनऊ की टीम अभी भी तकनीकी तौर पर आईपीएल में बनी हुई है. हालांकि, उसका एक मैच बचा है और टीम अभी तक 14 अंक तक ही पहुंच सकती है. उसके 13 मैचों में 14 अंक हैं. वहीं, दिल्ली ने लीग राउंड में अपना अभियान समाप्त कर लिया. उसने 14 मैचों में सात जीत और सात हार के साथ 14 अंक लेकर अपना अभियान समाप्त किया. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 12 अंक लेकर प्लेऑफ की रेस में है. उसे 18 मई को चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ना है. इस मैच को जीतने वाली टीम प्लेऑफ में जगह पक्की कर सकती है, क्योंकि दोनों का नेट रन रेट पॉजिटिव है, जबकि दिल्ली और लखनऊ का नेट रन रेट निगेटिव है.

### पराग के घरेलू मैदान पर प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित करने उतरेंगे रॉयल्स

# आईपीएल संभावना : पंजाब किंग्स के लिए करो या मरो वाले हालात

**एजेंसी। गुवाहाटी**

राजस्थान रॉयल्स की टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को यहां जब नॉकआउट में अपनी जगह सुनिश्चित करने उतरेगी तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सबसे प्रभावी क्रिकेट प्रतिभाओं में शामिल रियान पराग को अपने घरेलू प्रशंसकों से भव्य स्वागत की उम्मीद होगी. 10 टीम की तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद रॉयल्स को अंतिम चार में जगह पक्की करने के लिए गुवाहाटी में अपने अगले दो घरेलू मैचों में से एक में जीत सुनिश्चित करने की जरूरत है. पिछले कुछ वर्षों से गुवाहाटी रॉयल्स का दूसरा घरेलू मैदान रहा है और पराग की क्षमताओं पर छह साल तक निवेश को देखते हुए यह फ्रेंचाइजी का एक रणनीतिक कदम था.

प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के लिए सोशल मीडिया पर आलोचना झेलते रहे पराग के लिए इस साल घर वापसी खास है क्योंकि सलामी बल्लेबाज नहीं होने के बावजूद उन्होंने 153 के स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है. इस प्रदर्शन ने पराग को अगली टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का दावेदार बना दिया है जहां उनके अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने की उम्मीद है. जब भी ऐसा होगा तब पराग सीनियर टीम की प्रतिष्ठित नीली जर्सी पहनने वाले पूर्वोत्तर के पहले क्रिकेटर बन जाएंगे. यहां इस 22 वर्षीय खिलाड़ी के लिए समर्थन स्वाभाविक होगा और इससे पंजाब किंग्स के खिलाफ संजू सैमसन और उनकी टीम को भी मदद मिलेगी. पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र में शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन टीम एकजुट होकर प्रभावी प्रदर्शन करने में विफल रही. सत्र के अधिकांश हिस्से से चोट के कारण कप्तान शिखर धवन की अनुपस्थिति ने मामले को और बिगाड़ दिया क्योंकि कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन कप्तानी करते हुए प्रभावी नजर नहीं आए. दूसरी तरफ कप्तान के रूप में सैमसन का कद बढ़ गया है और मौजूदा सत्र एक बल्लेबाज के रूप में उनका सर्वश्रेष्ठ सत्र होने की उम्मीद है. वह पहले ही 486 रन के साथ अपनी टीम के शीर्ष स्कोरर हैं. यशस्वी जायसवाल (344 रन) और जोस बटलर (359 रन) के स्तर को देखते हुए इस सलामी जोड़ी के लिए मौजूदा सत्र औसत रहा है, लेकिन पराग और सैमसन ने सुनिश्चित किया है कि चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में बल्लेबाजी ठोस और निरंतर बनी रहे. रॉयल्स का सबसे मजबूत पहलू उनकी गेंदबाजी इकाई है जिसने लगभग पूरे सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है. डेथ ओवरों में संदीप शर्मा का 8.07 का इकोनॉमी रेट और शुरुआती ओवरों में ट्रेंट बोल्ट का 8.38 का इकोनॉमी रेट टीम के लिए प्रभावशाली रहा है. रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल की स्पिन जोड़ी ने भी प्रभावित किया है.



**समय: मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होगा**

**टीमें**

**पंजाब किंग्स :** सैम कुरेन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, कागिसो रबादा , हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु.

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर-केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन.

# स्वियातेक क्वार्टर में पहुंची, कीज से होगी भिड़ंत

**एजेंसी। रोम**



दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सोमवार को यहां एंजेलिक कर्बर को हराकर इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. स्वियातेक ने कर्बर को 7-5, 6-3 से शिकस्त के साथ बाहर का रास्ता दिखाया. पिछले हफ्ते मैड्रिड में खिताब जीतने वाली स्वियातेक की यह लगातार नौवीं जीत है. रोम में दो बार की चैंपियन स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की मेडिसन कीज से भिड़ेंगी जिन्होंने सोरेना क्रिस्टिया को सीधे सेट में 6-2, 6-1 से हराया. इस मैच के दौरान पर्यावरण के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन भी देखने को मिला. पोलैंड की स्वियातेक 2013 में सेरेना विलियम्स के बाद मैड्रिड और रोम में लगातार खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं. अमेरिका की कोको गॉफ और उनकी हमवतन डेनियले कोलिन्स ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई. गॉफ ने पॉला बेडोसा को कड़े मुकाबले में 5-7, 6-4, 6-1 से हराया जबकि कोलिन्स ने ईरीना कामेलिया बेगु को 6-0, 6-3 से शिकस्त दी.

### भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर बोलीं-

# तोक्यो में खेलकर खुशी थी पेरिस में अधिक एकाग्र रहूंगी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने जब तोक्यो खेलों में ओलंपिक में पदार्पण किया था तो वह वहां प्रतिस्पर्धा करके ही खुश थीं लेकिन तब से वह अधिक संतुलित और स्थिर हो गई हैं और बधिर ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता आगामी पेरिस खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक है. पिछले हफ्ते 100 लेडीज यूरोपीई टूर स्पर्धाओं में भाग लेने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनीं 24 वर्षीय दीक्षा जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक से पहले यूरोप में कई टूर्नामेंट खेलेंगी. इस सप्ताह बर्लिन में अमुंडी जर्मन मास्टर्स से शुरुआत करने वाली दीक्षा ओलंपिक की तैयारी के लिए कम से कम नौ टूर्नामेंट खेलेंगी और लगभग सभी टूर्नामेंट यूरोप में होंगे. दीक्षा ने फिट इंडिया चैंपियंस पॉडकास्ट पर कहा, यहां से सभी टूर्नामेंट मेरे लिए ओलंपिक की तरह होंगे. उन्होंने कहा, मैं तोक्यो में सिर्फ प्रतिस्पर्धा करके ही खुश थी. यह मेरे लिए एक शानदार अनुभव, सीख और प्रेरणा थी. पेरिस में मैं केवल प्रतिस्पर्धा करने बजाय अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अधिक प्रतिबद्ध और एकाग्र हूं. दीक्षा बाएं हाथ की गोल्फर हैं.

# शतरंज : शारजाह मास्टर्स में अर्जुन को शीर्ष वरीयता, 19 भारतीय मैदान में

**एजेंसी। शारजाह**



ग्रैंडमास्टर और दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी एरिगेसी अर्जुन यहां 52,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि के शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के तौर पर भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे. दुनिया के सबसे कड़े ओपन टूर्नामेंट में से एक शारजाह मास्टर्स में 19 भारतीय ग्रैंडमास्टर भाग लेंगे. एसएल नारायणन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा रेटिंग वाले खिलाड़ी हैं, जबकि उनके बाद निहाल सरीन का नंबर आता है. नौ दौर के इस टूर्नामेंट के विजेता को 12 हजार डॉलर मिलेंगे. अर्जुन वारसॉ से सीधे यहां पहुंचे हैं जहां उन्होंने सुपरबेट रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में कुल पांचवां स्थान हासिल किया. शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी आम तौर पर ओपन टूर्नामेंट में नहीं खेलते. शीर्ष खिलाड़ियों के ओपन टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा से बचने का कारण उनकी रेटिंग के लिए बड़ा जोखिम है लेकिन अर्जुन ओपन टूर्नामेंट से अंक जुटाकर नए मानक तय कर रहे हैं.

टूर्नामेंट में 2700 ईएलओ रेटिंग से ऊपर के नौ खिलाड़ी मैदान में हैं. अर्जुन दूसरी वरीयता प्राप्त ईरान के परहम माघसूदलू से 29 अंक आगे हैं. यह टूर्नामेंट दुबई पुलिस वैश्विक शतरंज चैलेंज के ठीक बाद आयोजित किया गया है जिसमें भारतीयों का दबदबा था. वी प्रणव विजेता रहे और उन्हें 16,500 अमेरिकी डॉलर मिले.

**महिला टी20 विश्वकप**

### भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, हम काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं

# उम्मीद है कि सेमीफाइनल में आसानी से जगह बना लेंगे

**एजेंसी। ढाका**

कप्तान हरमनप्रीत कौर को भरोसा है कि भारतीय महिला टीम इस साल के टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली संभावित टीमों में से एक होगी. टी20 विश्व कप तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होना है और हरमनप्रीत का मानना है कि परिस्थितियों से परिचित होने से भारतीय टीम को टूर्नामेंट जीतने में मदद मिलेगी. टूर्नामेंट के नौवें सत्र के लिए भारत को छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, 2016 का चैंपियन वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं. सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली टीमों के बारे में भविष्यवाणी करने के लिए कहे जाने पर हरमनप्रीत ने कहा, भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका क्योंकि ये सभी टीमें बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और उम्मीद है कि ये चारों सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं. भारत ने हाल ही में सिलहट में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में बांग्लादेश को 5-0 से हरा दिया था.

हरमनप्रीत का मानना है कि मेजबान टीम के खिलाफ हाल ही में खेली गई पांच मैचों की श्रृंखला में भारत की सफलता से उन्हें परिस्थितियों से अधिक परिचित होने का मौका मिला. उन्होंने कहा, हां, यह कुछ हद तक भारत जैसा ही है और उम्मीद है कि इन परिस्थितियों में हमें अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए. भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले कुछ समय से कड़ी प्रतिद्वंद्विता देखने को मिली है और यह हाल ही में समाप्त हुई श्रृंखला के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिया.

**मुझे लगता है कि वह ऑस्ट्रेलिया होगा, जिसका मैं सामना करने के लिए उत्सुक हूं**



हरमनप्रीत ने यहां कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित समारोह के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, मुझे लगता है कि वह ऑस्ट्रेलिया होगा (जिसका मैं सामना करने के लिए उत्सुक हूं) क्योंकि वे बहुत प्रतिस्पर्धी हैं. भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई प्रभुत्व को चुनौती दी है लेकिन इस टीम का वैश्विक प्रतियोगिताओं में हरमनप्रीत की टीम पर दबदबा रहा है. ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में महिला टी20 विश्व कप फाइनल के साथ-साथ 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भी भारत को हराया. ऑस्ट्रेलिया ने 2023 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भी भारत को हराया था. हरमनप्रीत ने कहा, अगर हम उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिलेगा और मैं वास्तव में उनके खिलाफ खेलने के लिए उत्सुक हूं.

### माराडोना की ट्रॉफी की नीलामी नहीं हो सकती

**पेरिस।** महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना के उत्तराधिकारी उस ट्रॉफी की नीलामी को रोकने की कोशिश करने के लिए मुकदमा दायर करेंगे जो उन्हें 1986 विश्व कप में अर्जेंटीना की खिताबी जीत के बाद दी गई थी. उनके वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी. टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है. यह ट्रॉफी दशकों से गायब थी और हाल ही में दोबारा सामने आई. अगुटेस ऑक्शन हाउस ने पिछले हफ्ते कहा था कि इसकी अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी. माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था. उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया.

# चोटिल तास्किन बांग्लादेश की टी20 विश्व कप टीम में

**एजेंसी। ढाका**

तेज गेंदबाज तास्किन अहमद को मांसपेशियों के खिंचाव से पूरी तरह से नहीं उबरने के बावजूद अमेरिका और वेस्टइंडीज में अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए मंगलावार को बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया है. पिछले हफ्ते जिंबाब्वे के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले तास्किन को चोट लगी थी. उन्हें उप कप्तान भी बनाया गया है. चोटिल होने से पहले तास्किन ने श्रृंखला के चार मैच में 4.56 की इकोनॉमी रेट से आठ विकेट चटकाए थे. टीम की अगुआई नजमुल हुसैन शंटो करेंगे. 15 सदस्यीय टीम में सभी जाने-पहचाने और अनुभवी चहरों को जगह मिली है. हाल में खराब फॉर्म के बावजूद सलामी बल्लेबाज लिटन दास को टीम में शामिल किया गया है.

**टीम इस प्रकार है**

नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तास्किन अहमद, लिटन दास, सौम्य सरकार, तंजीद हसन, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदय, महमूदुल्लाह, जाकिर अली, तनवीर इस्लाम, मेहदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्ताफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम और तंजीम हसन. रिजर्व खिलाड़ी : हसन महमूद, अफीफ हुसैन.

▼ ब्रीफ खबरें

### गया में लेवी लेने आए नक्सली गिरफ्तार

**गया ।** जिले में बीते 5 मई को इमामगंज थाना क्षेत्र के मोनबार छोटका करासन पुल के पास पुल निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार से लेवी मांगने एवं फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले चार नक्सलियों में से एक नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. जबकि तीन नक्सली को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी जारी है. इसकी जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया. उन्होंने कहा कि बीते दिन नक्सली के नाम पर पूल निर्माण साइट पर फायरिंग की घटना को अंजाम गया दिया था.

### हथियार के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर ।** सकरा थाना क्षेत्र में एक खाद व्यवसाई के कलेक्शन एजेंट से अपराधियों ने गोली मारकर 15 लाख रुपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया था. वही सोमवार को सकरा थाना अध्यक्ष राजू कुमार पाल को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की थाना क्षेत्र के चंदन पट्टी पोखर के समीप कुछ अपराधकर्मी हथियार के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने पहुंचे हैं. सूचना मिलने के बाद सकरा थाना अध्यक्ष पूरे मामले से अपने वरीय अधिकारी को अवगत कराते हुए उक्त स्थल पर जाकर छापेमारी की. जहां से चार अपराध कर्मियों को एक देशी पिस्टल, दो देसी कट्टा, तीन बाइक और चार कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया.

### सीएम नीतीश कुमार अस्वस्थ हुए

**पटना ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अस्वस्थ हो गए हैं. सीएम हाउस में डॉक्टरों की टीम लगातार उनका देखरेख कर रही है. स्वास्थ्य को देखते हुए मुख्यमंत्री के कार्यालय की ओर से एक चिट्ठी जारी की गई है. इसमें स्पष्ट लिखा गया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अस्वस्थ हो गए हैं. इसलिए मंगलवार हो होनेवाले सारे कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं. बताया जा रहा है मंगलवार को सीएम नीतीश पीएम नरेंद्र मोदी के नॉमिनेशन में वाराणसी जाने वाले थे. लेकिन, अस्वस्थ होने के कारण नहीं शामिल हुए इतना ही नहीं सीएम पूर्व मुख्यमंत्री सुशील मोदी के अंतिम संस्कार में भी शामिल नहीं हुए.

राजद पर प्रशांत किशोर ने किया हमला, बोले-

# 30 साल से राजद के लोगों ने सिर्फ विश्वास तोड़ने का ही काम किया



▪ तेजस्वी को इस बार यह समझ लेना चाहिए कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती.

**संवाददाता । पटना**

राजद की ओर से आयोजित एक चुनावी सभा में विधायक तेज प्रताप यादव के जरिए एक कार्यकर्ता को धक्का देने को लेकर जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि बिहार के लोग ये मानते हैं कि ये लोग जात-पात, हिन्दू-मुसलिम, भ्रष्टाचार, और गुंडागर्दी से ऊपर उठकर राजनीति नहीं कर सकते. किशोर ने कहा, बिहार में पिछले 30 बरस से लालू-नीतीश का राज है और सबसे ज्यादा विश्वास तोड़ने का काम भी उन्होंने ही किया है. 30 बरस से न गरीबी कम हुई न ही बिहार के लोगों का पलायन रूका है. शिक्षा व्यवस्था सुधरी नहीं, रोजगार मिला नहीं तो आप किस विश्वास की बात कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि आप पैसे के नाम पर, जात के नाम पर, कुछ लोगों को इकट्ठा कर लेंगे. तेजस्वी को इस बार यह समझ लेना चाहिए कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती. इस बार जनता उनकी बातों में आने वाली नहीं है. बिहार के जिन लोगों ने लालू यादव और उनके बच्चों की सरकार को देखा है, वो मानते हैं कि ये लोग जात-पात, हिन्दू-मुसलिम, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी से ऊपर उठ कर राजनीति नहीं कर सकते हैं. ये 4 बिंदु राजद कैरेक्टर में है और इनसे ऊपर उठकर ये नहीं आ सकते.

**इससे ऊपर उठकर ये कुछ नहीं कर सकते :** दरअसल, लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को मीसा भारती के नामांकन के दिन राजद की ओर से एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया था. इसी दौरान मंच पर मौजूद विधायक तेज प्रताप को किसी बात पर गुस्सा आ गया और उन्होंने एक कार्यकर्ता को धक्का दे दिया. कुछ देर के लिए वहां माहौल गरमा गया. मीसा भारती भी हैरान हों गईं. फिर पार्टी के नेता शक्ति यादव और अन्य लोगों ने मामले को शांत कराया. इस मामले को लेकर अब कई पार्टियों के नेताओं ने जमकर निशाना साध रहे हैं. किशोर ने भी राजद के शासन काल को याद करके तंज कसा और कहा कि ये लोग इसी तरह की राजनीति कर सकते हैं. इससे उपर उठकर ये कुछ नहीं कर सकते. जनता इन्हें पहचान चुकी है.

राजद विधायक रीतलाल यादव को बड़ी राहत

## हत्या के एक मामले में अदालत ने किया बरी



**पटना।** राजद विधायक रीतलाल यादव को हत्या से जुड़े एक मामले में अदालत ने बरी कर दिया है. भाजपा के पूर्व विधायक आशा सिन्हा के पति सत्यनारायण सिन्हा की हत्या मामले में रीतलाल यादव आरोपित थे. एमपी एमएलए कोर्ट 3 ने मंगलवार को उन्हें बरी कर दिया. सत्यनारायण सिन्हा की 30 अप्रैल 2003 को हत्या कर दी गई थी. जिस दिन उनकी हत्या हुई थी उसी दिन राजद ने पटना में लाठी रैली का आयोजन किया था. आरोप था कि रीतलाल यादव ने ही गोली मारकर उनकी हत्या की थी. हालांकि करीब 21 साल चले अदालती प्रक्रिया के बाद रीतलाल को कोर्ट ने बरी कर दिया. सत्यनारायण सिन्हा ने वर्ष 2002 में हुए दानापुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था. हालांकि उन्हें जीत नहीं मिल पाई थी. इसी बीच 30 अप्रैल 2003 को पटना में राजद ने लाठी रैली आयोजित की. उस दिन दानापुर में अचानक से सत्यनारायण सिन्हा पर गोलियां चली जिसमें उनकी मौत हो गई. आरोप रीतलाल यादव पर लगा कि वही इसमें मुख्य आरोपी हैं.

### अरेराज अनुमंडल क्षेत्र में डूबने से पांच की मौत

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के अरेराज अनुमंडल क्षेत्र में डूबने से पांच की मौत हो गई. पहली घटना मंगलवार को सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर के समीप स्थित पार्वती तालाब में हुई, जहां डूबने से एक बच्चे की मौत हो गयी. वहीं दूसरी घटना गोविन्दगंज थाना क्षेत्र के सरेया गांव के पास गंडक नदी में दो युवक और दो युवती डूब गये. जिसकी पहचान चीलर मलिक का चार वर्षीय पुत्र टकला कुमार के रूप में हुई है. गोविंदगंज थाना क्षेत्र के सरेया गांव के पास गंडक नदी में डूबे युवक और युवतियों की तलाश सोमवार देर शाम तक की गई लेकिन नदी में डूबे युवक-युवती को शव नहीं मिल सका है.

### पूर्व चेयरमैन बालमुकुंद शर्मा का निधन

**पटना ।** पटना विवि के छात्र राजनीति से शुरुआत करते हुए जेपी आंदोलन का नेतृत्व देने वाले व बिहार के राजनीति के सितारे लालू यादव, नीतीश कुमार, सुशील मोदी और रविशंकर प्रसाद के साथी रहे बालमुकुंद शर्मा का दिनांक 14 मई को निधन हो गया जिससे राजनीतिक जगत में शोक की लहर व्याप्त है. बालमुकुंद शर्मा का राजनैतिक जीवन पटना यूनिवर्सिटी के छात्र राजनीति से शुरू हुआ था. छात्र राजनीति में वो उस कैबिनेट सदस्य का चुनाव जीत कर आये जिसके अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, जेनरल सेक्रेटरी सुशील मोदी, जॉइंट सेक्रेटरी रविशंकर प्रसाद जैसे छात्र थे.



पंचतत्व में विलीन हुए सुशील मोदी

## राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

**संवाददाता । पटना**

पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ पटना के दीघा घाट पर किया गया. उनके बेटे ने उन्हें मुख्य अग्नि दी. इस मौके पर बिहार बीजेपी के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे. इससे पहले सुशील मोदी का पार्थिव शरीर उनके राजेंद्र नगर स्थित आवास पर लाया गया था, जहां अंतिम दर्शन के लिए सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, राधा मोहन सिंह, मंगल पांडे समेत बीजेपी के तमाम नेता और कार्यकर्ता यहां पहुंच थे. पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी का दिल्ली के एम्स में कैंसर का इलाज चल रहा था. जहां उन्होंने 13 मई को आखिरी सांस ली, वे 72 साल के थे. मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से पटना पहुंचा था जहां उनके आवास पर तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनका अंतिम दर्शन किया. उसके बाद पार्थिव शरीर को संघ कार्यालय और विधानसभा परिसर ले जाया गया, जहां उपमुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने और अन्य बीजेपी नेताओं ने उन्हें पुष्पांजलि चक्र अर्पित किया. उनके निधन से बिहार के राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है.



पीएम मोदी से लेकर सीएम नीतीश और लालू यादव ने उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया है. बिहार की राजनीति में उनका बड़ा योगदान है.

### भाई ने भाई को पीट-पीट कर किया घायल, मौत

**मुंगेर ।** जिले के धरहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मानगढ़ धरहरा में मौसेरे भाई ने अपने मौसेरे भाई को आपसी विवाद में पीट-पीट कर घायल कर दिया. घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई. इस मामले को लेकर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मृतक मुकेश 10 मई को शेखपुरा से काम करके धरहरा ट्रेन से उतरा और मुंगेर अपने घर आ रहा था. तभी मानगढ़ में वह अपने मौसा हीरा राम के घर रुक गया. जहां विवाद हो गया और उसे बुरी तरह मारपीट किया गया. जिससे मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल को डॉक्टर ने पटना रेफर कर दिया जहां उसकी मौत हो गयी.

## आरा में प्रखंड प्रमुख के बेटे की गोली मार कर हत्या की

**संवाददाता । आरा**

आरा में सदर प्रखंड प्रमुख के बेटे की हत्या कर दी गई. अपराधियों ने उसे छह गोली मारी. घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत के साथ तनाव का माहौल कायम हो गया है. मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव के पास आरा-बक्सर फोरलेन 922 का है. मृतक की पहचान आरा सदर प्रखंड के प्रमुख जयकुमारी देवी के 22 वर्षीय पुत्र अखिलेश पासवान के रूप में हुई है.

बताया जा रहा है कि अखिलेश पासवान की मां प्रखंड प्रमुख हैं. अखिलेश ही अपनी मां के सारे कामों की देखभाल करता था और सोमवार को सुबह वो अपने घर से किसी काम के लिए आरा सदर ब्लॉक गया हुआ था. देर शाम तक वापस नहीं लौटा तो परिजन खोजबीन शुरू की.

मंगलवार अहले सुबह करीब चार बजे के आसपास पुलिस को सूचना मिली कि एक लाश सड़क किनारे पड़ी है. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया. लाश की पहचान कर परिजनों को सूचना दी. पुलिस का कहना है कि हत्यारों की तलाश में छापेमारी चल रही है. कुछ लोगों से पूछताछ चल रही है. मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है.

### पेड़ से टकराई बस, एक दर्जन यात्री घायल हुए

**नवादा ।** नवादा हिसुआ पथ के बलिया गांव के समीप मंगलवार को एक बस पेड़ से टकरा गई, जिससे बस में बैठे एक दर्जन यात्री घायल हो गए. स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिसुआ में भर्ती कराया गया, जहां सभी घायलों का इलाज जारी है. घायलों में तेतरी देवी, छोटन मिस्त्री, ज्योति आनंद, कन्हैया कुमार, करू यादव और देवेंद्र कुमार सभी यात्री घायल हो गए. घटना की सूचना के बाद हिसुआ थाने की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिसुआ में भर्ती कराया. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

## आरा में प्रेमिका के घर गए प्रेमी की मौत

**संवाददाता । आरा**

आरा में सोमवार की रात प्रेमिका के घर गए एक प्रेमी की मौत हो गई. घटना टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ले की है. मृतक की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के काजी टोला मोहल्ला निवासी मो. नौशाद के 22 वर्षीय पुत्र मो. शादाब के रूप में की गई है. वह एसी मैकेनिक था. परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगा है. मो. इरशाद ने बताया कि भाई शादाब एसी मैनेजर का काम करता था. उसका ऑफिस आरा के रौजा मोहल्ले में है. ऑफिस के ठीक बगल में एक घर है जिसमें एक लड़की रहती है. उस लड़की से उसका प्रेम-प्रसंग चल रहा था. उसके घर बराबर आना-जाना होता था. इरशाद ने प्रेमिका नाजिया परवीन और उसकी मां सीमा परवीन पर फांसी लगाकर व गला दबाकर अपने भाई की हत्या करने का आरोप लगाया है.



**भाई बोला-हमलोग खोजते हुए उसके घर तक पहुंचे :** इरशाद ने बताया कि सोमवार की सुबह उनका भाई शादाब घर से काम करने के लिए निकला था. देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा तो हम लोग उसे ढूंढने के लिए उसके ऑफिस गए. ऑफिस बंद था. आसपास के लोगों ने कहा कि बगल के घर से मारपीट की आवाज आ रही थी. जब हम लोग उसके ऑफिस के बगल वाले घर में गए तो देखा कि शादाब एक कमरे में पलंग पर मृत अवस्था में पड़ा है. उसके गर्दन पर निशान भी था. इसके बाद इसकी सूचना टाउन थाना की पुलिस को दी गई.

**प्रेमिका गिरफ्तार, पूछताछ शुरू :** सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. शव का आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रेमिका को हिरासत में ले लिया है. पूछताछ कर रही है.

**कारोबार**

### आरबीआई ने क्वांट एमएफ को दी मंजूरी

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने क्वांट म्यूचुअल फंड को आरबीएल बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 9.98 प्रतिशत करने की अनुमति दे दी है. शेयर बाजार को दी सूचना के अनुसार, 10 मई तक क्वांट एमएफ के पास अपनी विभिन्न योजनाओं के जरिए निजी क्षेत्र के ऋणदाता में 4.68 प्रतिशत शेयर पूंजी थी. आरबीआई ने क्वांट मनी मैनेजर्स लिमिटेड को क्वांट म्यूचुअल फंड की विभिन्न योजनाओं के जरिए आरबीएल बैंक में भुगतान की गई शेयर पूंजी या वोटिंग अधिकार के 9.98% तक की कुल हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी दे दी है.

### टीवीएस श्रीचक्र ने खुदरा स्टोर खोला

**चेन्नई ।** टीवीएस यूरोग्रिप, यूरोग्रिप और टीवीएस टायर्स ब्रांड के तहत दोपहिया तथा तिपहिया टायर बनाने वाली कंपनी टीवीएस श्रीचक्र लिमिटेड ने शहर में अपना पहला 'यूरोग्रिप टायर्स' खुदरा स्टोर खोला है. कंपनी का मकसद अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है. बयान के अनुसार, वेलाचेरी स्थित स्टोर 'यूरोग्रिप टायर्स' से कंपनी के टायर और ट्यूब की पूरी श्रृंखला की खुदरा बिक्री की जाएगी. कंपनी ने टीवीएस रेसिंग के साथ साझेदारी की है. ग्राहक यहां से राइडिंग एक्सेसरीज, मर्चेंडाइज समेत अन्य चीजें भी खरीद सकेंगे.

### देश में यात्री वाहन की बिक्री अप्रैल में 1.3% बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 1.3 प्रतिशत बढ़कर 3,35,629 इकाई हो गई. उद्योग संगठन सियाम ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. अप्रैल 2023 में यह 3,31,278 इकाई थी. सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 31 प्रतिशत बढ़कर 17,51,393 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल 2023 में यह 13,38,588 इकाई थी. आंकड़ों के अनुसार, तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 14.5 प्रतिशत बढ़कर 49,116 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल 2023 में यह 42,885 इकाई थी.

इंडिगो ने पिछले साल एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया था

# देश में नेटवर्क मजबूत करने में लगी इंडिगो

**भाषा । नयी दिल्ली**

भारतीय एयरलाइन इंडिगो कारोबार के विस्तार में लगी है. इसी क्रम में अब इंडिगो 100 छोटे विमानों का ऑर्डर देने की तैयारी में है. इसके साथ ही कंपनी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क को बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है. सूत्रों के मुताबिक उसकी एटीआर, एम्ब्रेयर और एयरबस के साथ बातचीत चल रही है. इंडिगो पहले से ही 78 सीटर 45 एटीआर-72 विमानों को ऑपरेट करती है. इस साल कंपनी को पांच और विमान मिलेंगे. एटीआर फ्रांस और इटली की जॉइंट कंपनी है. बताया जाता है कि इंडिगो के एटीआर के विमान खरीदने की उम्मीद है. इसके साथ ही इंडिगो दुनिया में सबसे ज्यादा एटीआर विमानों को ऑपरेट करने वाली एयरलाइन बन जाएगी. अभी यह रिकॉर्ड इंडोनेशिया की विंग्रस एयर के पास है जो 74 एटीआर विमानों को ऑपरेट करती है. हालांकि एयरबस ए220 और एम्ब्रेयर के ई-175 विमान भी होड़ में है. इंडिगो ने पिछले साल एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया था जो एविएशन के इतिहास में सबसे बड़ा ऑर्डर था.

इंडोनेशिया की विंग्रस एयर के पास 74 एटीआर है



इंडिगो इंटरनेशनल रूट्स के बाद देश में अपने नेटवर्क को मजबूत कर रह रही है. इससे पहले एयरलाइन ने 25 अप्रैल को घोषणा की कि वह 30 एयरबस A350-900 विमानों का ऑर्डर दे रही है, जो वाइड-बॉडी विमानों के लिए उसका पहला ऑर्डर है. एटीआर टर्बोप्रॉप हैं, जबकि अन्य दो जेट हैं. एटीआर के अलावा, इंडिगो के बेड़े में एयरबस ए320 और ए321 शामिल हैं.

साथ ही कंपनी के पास अपने कोडशेयर पार्टनर टर्किश एयरलाइंस के दो बोइंग 777 हैं जो शॉर्ट-टर्म लीज पर हैं. इंडिगो की भारत के घरेलू एयर ट्रैफिक में 60% हिस्सेदारी है. कंपनी कम आबादी वाले शहरों में अवसर देख रही है. हवाई अड्डे के बेहतर बुनियादी ढांचे और सरकार की उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना से इन शहरों में एयर ट्रैफिक की मांग बढ़ने की उम्मीद है. इसका उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क को विकसित करना और उसे प्रोत्साहित करना है. एटीआर ने पहले कहा था कि उसे उम्मीद है कि क्षेत्रीय हवाई संपर्क में ग्रोथ के कारण अगले दशक में भारत कंपनी का सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा.

एटीआर के एशिया-प्रशांत वाणिज्यिक प्रमुख जीन पियरे क्लरसिन ने फरवरी में कहा था कि लोग अधिक सुविधा और कम समय में यात्रा करना चाहते हैं. ट्रांसपोर्ट के अन्य साधन बढ़ रहे हैं, लेकिन मांग की गति के साथ नहीं बढ़ रहे हैं.

**एयरलाइन इंडिगो**

- इंडिगो एटीआर-72 विमानों को ऑपरेट करती है
- इंडिगो की घरेलू एयर ट्रैफिक में 60% हिस्सेदारी

इसलिए, रीजनल एविएशन की भूमिका बहुत बड़ी है. एटीआर के प्रवक्ता ने इस मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया. इंडिगो, एम्ब्रेयर और एयरबस के प्रतिनिधियों ने भी कोई टिप्पणी नहीं की.

2017 में, इंडिगो ने 50 एटीआर-72 विमानों का ऑर्डर दिया था. इसके साथ ही उसने क्षेत्रीय विमानन बाजार में प्रवेश किया था, जिस पर स्पाइसजेट का अपने बॉम्बार्डियर क्यू400 विमानों के साथ एकाधिकार था. इंडिगो ने लगातार अपना ऑपरेशन बढ़ाया है और आज कंपनी देश के 60 शहरों के लिए फ्लाइट ऑपरेट करती है. हाल ही में एयलाइन ने गोंदिया, लक्षद्वीप, जगदलपुर, झारसुगुड़ा और धर्मशाला के लिए फ्लाइट्स शुरू की है. इंडिगो के एक अधिकारी ने कहा कि एटीआर-72 ने नेटवर्क को विकसित करने में मदद की है. इससे नए डेस्टिनेशंस तक उड़ान भरना सस्ता हो गया है. इन रूट्स पर 180 सीटों वाले एयरबस ए320 को भरने के लिए पर्याप्त पैसेंजर नहीं हैं. अधिकारी ने कहा, ''लेकिन एक बार जब इंडिगो विश्वसनीय कनेक्टिविटी स्थापित करने में सक्षम हो जाएगी, तो बाजार का आकार बढ़ जाएगा, तो एयरलाइन को बड़े ए320 या ए321 जेट विमानों को शामिल करने में मदद मिलेगी.

देश की ज्यादातर विमान कंपनियां वित्तीय संकट से जूझ रही हैं. इस कारण वे उड़ान के रूट्स पर फ्लाइट्स जारी नहीं रख पाई हैं. उड़ान योजना में सफल बोलीदाता को तीन साल के लिए विशेष अधिकार मिलता है. लेकिन स्पाइसजेट और फ्लाईबिग जैसी एयरलाइनों ने आमतौर पर इस अवधि के समाप्त होने के बाद उन मार्गों पर उड़ानें बंद कर दी हैं. उदाहरण के लिए, पिछले वर्ष अक्टूबर में इंडिगो ने ओडिशा के झारसुगुड़ा के लिए उड़ान शुरू की थी जिसके बाद स्पाइसजेट ने उस रूट पर उड़ान बंद कर दी थीं.

**बाजार** वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बयान जारी कर दी जानकारी

# थोक मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर उच्चस्तर 1.26% पर पहुंची

- आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति की बैठक पांच से सात जून को होनी है
- फरवरी में यह 0 .20 प्रतिशत थी जो मार्च में बढ़कर 0 .53 प्रतिशत हो गई

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति लगातार दूसरे महीने बढ़कर 13 महीने के उच्चस्तर 1.26 प्रतिशत पर पहुंच गई है. ईंधन और बिजली के साथ-साथ खाद्य पदार्थों खासकर सब्जियों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है. थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में लगातार दो महीने से बढ़ोतरी जारी है. फरवरी में यह 0.20 प्रतिशत थी जो मार्च में बढ़कर 0.53 प्रतिशत हो गई. अप्रैल, 2023 में यह 0.79 प्रतिशत थी. थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 13 महीने के उच्चतम स्तर पर रही. मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा, अप्रैल, 2024 में खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पाद विनिर्माण, अन्य विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है. आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर बढ़कर 7.74 प्रतिशत हो गई, जो मार्च में 6.88 प्रतिशत थी. ईंधन और बिजली में मुद्रास्फीति अप्रैल में 1.38 प्रतिशत रही, जो मार्च में शून्य से 0.77 प्रतिशत नीचे थी.



इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति वैश्विक जिंस कीमतों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है, जिसमें साल दर साल बढ़ोतरी हो रही है. नायर ने कहा, पिछले कुछ महीनों में कई जिंसों की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई है. इसमें कच्चे तेल की कीमतें भी शामिल हैं जो अप्रैल में बढ़ीं. अभी तक जिंस कीमतों का रुख देखते हुए डब्ल्यूपीआई के मई और जून में दो प्रतिशत के पार जाने का अनुमान है.

इक्रा ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए औसत थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के 3.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है.

सब्जियों की महंगाई दर 23.60 प्रतिशत रही, जो मार्च में 19.52 प्रतिशत थी. आलू की महंगाई दर मार्च के 52.96 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल में 71.97 प्रतिशत हो गई. प्याज में यह 59.75 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 56.99 प्रतिशत थी. पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा, भविष्य में सितंबर/अक्टूबर, 2024 तक खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति में नरमी आने की उम्मीद है क्योंकि कई खरीफ फसलें मंडियों में आना शुरू करेंगी और मौजूदा आपूर्ति की स्थिति सुधरेगी.

**पेज एक का शेष**

### कांग्रेस की कमजोर सरकारों ने देश को नक्सलवाद की आग में झोंका

**झारखंड को मिला खनिज फंड का 12,000 करोड़ :** पीएम ने कहा कि जिला खनिज फंड बना. जो भी खनिज संपदा निकलता है, उसका एक हिस्सा उस जिले के विकास के लिए खर्च होना चाहिए. इस योजना के तहत झारखंड को 12 हजार करोड़ मिले हैं. कोडरमा और गिरिडीह को 60 करोड़ रुपए मिले हैं. मैंने देवघर में एम्स बनाया. गरीबों को सहारा मिला. अस्पताल में 5 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा दी. गरीब का सपना है कि पक्का घर हो. आपका बेटा दिल्ली में बैठा हो और आप कच्चे घर में रहें ये बेटे को मंजूर नहीं. मैं हर गरीब को पक्का घर दूंगा. अब तक 4 करोड़ गरीबों को दिया. तीसरे कार्यकाल में जो बचे हैं उनको दूंगा. कोडरमा-गिरिडीह में गरीब परिवारों को सवा लाख से ज्यादा पक्के घर बनाकर दिये हैं. पहले यहां 2 लाख घर ऐसे थे, जहां बिजली नहीं थी. मोदी ने उनके जीवन से अंधेरा दूर किया. उनका घर रौशन किया. मुफ्त राशन की योजना से लाखों परिवारों को फायदा हुआ. आज इतने साल हो गये, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है.

**मोदी के काम की दिशा सही :** पीएम ने कहा कि इस एक घटना से साफ हो जाती है कि मोदी के काम की दिशा सही है. मोदी के प्रयास सही परिणाम लाता हैं. कल का मतदान देश के लिए संतोष, उमंग और उत्साह का अवसर है. मेरे लिए और जो लोग धारा 370 को लेकर मोदी को गाली देते थे, कान खोलकर सुन लो ये धारा 370 की दीवार हटी है. हमारे दिलों को जोड़ दिया है. हमारे सपने और अरमान एक साथ आगे बढ़ रहे हैं. भारतीय लोकतंत्र में इससे ज्यादा कोई बड़ी घटना नहीं हो सकती.

**मैं आपकी तस्वीर ले लूंगा, नाम और पता लिख दो :** जब जनसभा में उपस्थित लोग तरह-तरह की पेंटिंग्स बनाकर लाये थे, जिसे पीएम को दिखाने के लिए वह अपने हाथों में लिये खड़े थे. इसी बीच पीएम मोदी की नजर एक बच्चे पर गयी. जो हाथ में तस्वीर लिए खड़ा था. उसने खुद से वह तस्वीर बनायी थी. पीएम ने मंच से तुरंत उस बच्चे को कहा कि बेटा आप बैठ जाओ, थक जाओगे. आपने जो तस्वीर बनाकर लायी है, उसपर मेरी नजर चली गयी है. मैं वह तस्वीर ले लूंगा. उन्होंने तुरंत एसपीजी की टीम को आदेश दिया कि आप बच्चे से उसकी बनायी पेंटिंग को ले लीजिए. इसके बाद पीएम ने बच्चे से कहा कि आप अपना नाम और पता उस तस्वीर के पीछे जरूर लिखना.

### मंत्री आलमगीर से ईडी ने आठ घंटे पूछताछ की

पैसों की उगाही के लिए वह विभाग के इंजीनियरों और कुछ प्राइवेट लोगों का इस्तेमाल किया करता था. ईडी ने कोर्ट में भी बताया है कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के निचले अधिकारियों से लेकर उच्च पदस्थ पदाधिकारियों का नेक्सस करप्शन व कमीशन के पूरे खेल में शामिल है. अफसर-नेताओं तक करोड़ों रुपये पहुंचाये गये हैं. इन सभी को कैश में काफी बड़ी मात्रा में पैसे पहुंचाए जाने की बात शुरुआती जांच में सामने आयी है.

**राजनेताओं और अफसरों का कमीशन 1.5 प्रतिशत :** ईडी ने जांच में पाया था कि विभागीय ठेकों में कुल 3.2 प्रतिशत की उगाही होती थी. इसमें से 1.5 प्रतिशत का कमीशन कट मनी के तौर पर बड़े राजनेता और विभाग के बड़े अधिकारियों तक पहुंचाया जाता था. जांच में यह बात भी सामने आयी है कि संजीव लाल की देखरेख में कमीशन का कलेक्शन प्रभावशाली लोगों तक जाता था. टेंडर मैनेज करने और कमीशन की उगाही तक में इंजीनियरों के सिंडीकेट के साथ मिलकर रकम की उगाही होती थी. इसके बाद तय परसेंटेज की राशि सरकार के उच्चपदस्थ लोगों तक पहुंचायी जाती थी. जांच में कुछ आईएएस अधिकारियों व नेताओं की भूमिका भी संदिग्ध के तौर पर उभरी है.

**तीन माह में जमा किये गये थे 35.23 करोड़ रुपये कमीशन :** ईडी जांच में आये तथ्यों के मुताबिक, जहांगीर आलम के गाड़ीखाना स्थित फ्लैट से जो 31.20 करोड़ रुपये बरामद किए गये थे, वह सिर्फ तीन महीने में ही जमा किये गये थे. फ्लैट की खरीदारी भी कुछ माह पूर्व जहांगीर के नाम पर सिर्फ इसलिए की गई थी, ताकि यहां पैसों को रखा जा सके. मुन्ना सिंह के यहां से बरामद 2.93 करोड़ रुपये भी यहीं शिफ्ट किए जाने थे, लेकिन इससे पहले ईडी की टीम ने छापेमारी कर इन पैसों को बरामद कर लिया था.

## लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के तहत 1 जून को होगा मतदान

# पीएम मोदी ने वाराणसी से दाखिल किया नामांकन पत्र

एजेंसी। वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव-2024 के लिए भाजपा शासित राज्यों के करीब आधा दर्जन मुख्यमंत्रियों, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष, कई केंद्रीय मंत्रियों और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेताओं की मौजूदगी में मंगलवार को वाराणसी से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. गंगा सप्तमी के मौके पर मां गंगा को नमन करने के उपरांत प्रधानमंत्री काशी के कोतवाल काल भैरव के दर पर पहुंचे. वहां उनसे अनुमति-आशीर्वाद लेकर वह जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को काशी विश्वनाथ से एवं मंगलवार को काल भैरव बाबा से लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए आशीर्वाद भी मांगा. वाराणसी संसदीय सीट पर मोदी ने 2014 में पहली बार और 2019 में दूसरी बार जीत हासिल की थी. सफेद कुर्ता-पायजामा और नीली सदरी पहने मोदी अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए वाराणसी जिलाधिकारी के कार्यालय (कलेक्ट्रेट) पहुंचे. जब मोदी ने पर्चा दाखिल किया, तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री के नामांकन के चार प्रस्तावकों में से दो उपस्थित थे. नामांकन पत्र दाखिल करते समय प्रधानमंत्री मोदी के साथ, अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले पंडित गणेश्वर शास्त्री और जनसंघ के समय के पुराने कार्यकर्ता और पिछड़ा वर्ग के बैजनाथ पटेल मौजूद थे. गणेश्वर शास्त्री, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा व दलित समाज के संजय सोनकर प्रधानमंत्री के नामांकन के चार प्रस्तावक हैं. कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय पहले ही वाराणसी से अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं. मायावती नीत बसपा ने वाराणसी से अतहर जमाल लारी को मैदान में उतारा है. वाराणसी में लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के तहत एक जून को मतदान होगा.



### तीसरे कार्यकाल में भी चौतरफा विकास का वादा

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, 'काशी के मेरे परिवारजनों का हृदय से आभार! वाराणसी से लगातार तीसरी बार नामांकन कर बेहद उत्साहित हूं.' उन्होंने कहा, 'बीते 10 वर्षों में आप सबसे जो अद्भुत स्नेह और आशीर्वाद मिला है, उसने मुझे निरंतर सेवाभाव और पूरे संकल्प के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया है. आपके भरपूर समर्थन और सहभागिता से मैं अपने तीसरे कार्यकाल में भी नई ऊर्जा-शक्ति के साथ यहां के चौतरफा विकास और जनता-जनार्दन के कल्याण में जुटा रहूंगा. जय बाबा विश्वनाथ!' इस पोस्ट के साथ प्रधानमंत्री ने नामांकन के दौरान की कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं. वहीं भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया सह प्रभारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने नामांकन पत्र जिलाधिकारी सौंपने के बाद खड़े होकर शपथ पत्र पढ़ा. सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुरलीधर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है.

### नीतीश कुमार स्वास्थ्य कारणों से नहीं आ सके

मोदी के नामांकन पत्र दाखिल करने के समय बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वास्थ्य कारणों से नहीं आ सके. हालांकि भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल, केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले और हरदीप पुरी, तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, 'हम' प्रमुख जीतन राम मांझी आदि राजग नेता मौजूद रहे.

### काशी के साथ रिश्ता अनूठा और अतुलनीय

नामांकन प्रक्रिया के बाद, मोदी स्थानीय पार्टी नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर गए. उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा 'काशी के साथ मेरा रिश्ता अनूठा, अभिन्न और अतुलनीय है. मैं कह सकता हूं कि इसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता.' प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करने से पहले यहां गंगा नदी के किनारे दशाश्वमेध घाट पर पूजा-अर्चना की. उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा घाट पर आरती भी की.

## इंडिया गठबंधन की रैली में राहुल-अखिलेश का बीजेपी पर निशाना

# देश में केवल एक टैक्स होगा अग्निवीर योजना खत्म करेंगे

एजेंसी। झांसी

उत्तर प्रदेश के झांसी में मंगलवार को इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली हुई. इसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा. राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में केवल एक टैक्स होगा. हमारी सरकार आएगी तो हम जीएसटी को बदल देंगे. देश में पांच अलग-अलग टैक्स नहीं होगा. अग्निवीर योजना को हम उठाकर कूड़ेदान में फेंक देंगे वहीं, अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी का ग्राफ अब गिरता जा रहा है. ये चार चरणों की जीत और झांसी के लोग बीजेपी की विदाई की तैयारी कर रहे हैं. राहुल ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग शहरों में स्मार्ट सिटी के नाम पर छाते लटका दिए. कोविड का समय था तो देश में हजारों लोगों की मौत हुई. कोविड के बीच में नाच गाना हो रहा था और थाली बजाई जा रही थी, लेकिन जब थाली ने काम नहीं किया तो प्रधानमंत्री मोबाइल की लाइट जलाने की बात करने लगे. यही इनका काम है. जब आपकी जमीन छीनने का समय आता है तो इन्हें एक सेकेंड का भी समय नहीं लगता है. इधर उधर की बातें कर दो मिनट में आपकी जमीन हड़प लेते हैं. राहुल बोले- हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं.



### हम उद्योगपतियों को नहीं, गरीबों को पैसा देंगे'

राहुल गांधी ने आगे कहा कि हमने यूपीए की सरकार के वक्त किसानों का 72 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया था. बुंदेलखंड को 7 हजार करोड़ रुपये पैकेज दिया था, जबकि मोदी सरकार ने कुछ उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिये. इंडिया गठबंधन ने अब मन बना लिया है कि इन्होंने (बीजेपी) जितना पैसा उद्योगपतियों का माफ किया है हम उतना पैसा गरीबों को देंगे. आपको जो कहना है कहो, हमें जो करना है हम करने जा रहे हैं. हमारी सरकार आएगी तो हम गरीब परिवारों की लिस्ट तैयार करेंगे. इसमें सभी लोगों को शामिल किया जाएगा. ये काम दुनिया की किसी सरकार ने आज तक नहीं किया. वो 22 अरबपति बना रहे हैं, हम करोड़ों लखपति बनाने जा रहे हैं. हर परिवार में से एक महिला का नाम चुना जाएगा और फिर उसके बैंक अकाउंट में हर साल 1 लाख रुपए भेजा जाएगा. 1 जुलाई को झांसी में लाखों लोग जागेंगे. सरकार सबके बैंक अकाउंट में 8500 डाल देगी. इसी तरह से हर महीने करोड़ों लोगों के बैंक अकाउंट में 8500 डाले जाएंगे.

### 'हम करोड़ों युवाओं व महिलाओं को लखपति बनाएंगे'

किसानों का जिक्र करते हुए राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने आप पर जीएसटी लागू की, नोटबंदी लागू की. नरेंद्र मोदी ने देश के बेरोजगार युवाओं को कहा कि भाईयों और बहनों नाले में पाइप डालो, उसमें से गैस निकलेगी और आप उससे पकौड़े तलो. हम युवाओं के लिए एक कानून लेकर आएंगे. हम सारे युवाओं को पहली नौकरी का अधिकार देंगे. इसमें युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी. हम करोड़ों युवाओं को लखपति बनाएंगे, करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाएंगे. हम आपके बैंक अकाउंट में करोड़ों रुपये डालना चाहते हैं.

### अखिलेश ने कहा- बीजेपी ने किसानों को लूटा है

वहीं, अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रहे थे, वो इन्हें लूटने का काम किए हैं. बीजेपी की सरकार में हमारे देश का किसान संकट में चला गया. किसानों की आय भी दोगुनी नहीं हुई उल्टा डीजल-बिजली महंगी हो गई है. किसान जब खाद की बोरी लेकर आया तो उसमें से भी चोरी हो गई. ये सरकार किसानों के लिए काले कानून लेकर आई. किसानों को आंदोलन करना पड़ा. यूपी सरकार ने बुंदेलखंड को जो सुविधाएं दी थी इन्होंने उसे भी रोक दिया.

### नौजवानों के साथ धोखा करने का लगाया आरोप

अखिलेश कहा कि यूपी में अगर किसानों ने सबसे ज्यादा आत्महत्या की है तो वो यही बुंदेलखंड का इलाका है. बीजेपी के लोग इस बार बुंदेलखंड को खंड-खंड कर देंगे. इन्होंने नौजवानों को भी धोखा दिया. उन्हें नौकरियों से दूर कर दिया. यूपी में जितनी भी परीक्षाएं हुईं सबके पेपर लीक हो गए. इन्होंने आपके जीवन के एक तिहाई हिस्से को भी बर्बाद कर दिया है. सरकार ने जो अग्निवीर योजना लाई है इसे हम 4 जून के बाद खत्म कर देंगे.

## ब्रीफ खबरें

### पुतिन इस सप्ताह चीन की राजकीय यात्रा करेंगे

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस सप्ताह चीन की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर आएंगे. चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी. विदेश मंत्रालय ने बताया कि पुतिन बृहस्पतिवार से शुरू हो रही अपनी यात्रा के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात करेंगे. रूस ने एक बयान में यात्रा की पुष्टि करते हुए कहा कि शी के निमंत्रण पर पुतिन चीन की यात्रा करेंगे.

### लिट्टे पर प्रतिबंध की अवधि पांच साल बढ़ी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को मंगलवार को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया क्योंकि संगठन लगातार लोगों के बीच अलगाववाद की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 की उपधाराओं (1) और (3) को लागू करते हुए प्रतिबंध लगाया था.

### 'ड्यून प्रोफेसी' का हिस्सा बनीं तब्बू

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेत्री तब्बू निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे की लोकप्रिय सीरीज 'ड्यून प्रोफेसी' में अभिनय करेंगी. 'वेरायटी' की खबर के मुताबिक, तब्बू सिस्टर फ्रांसेस्का की भूमिका में नजर आएंगी. यह किरदार बेहद बुद्धिमान, तेज-तर्रार, खूबसूरत और साहसी सिस्टर का है. 'ड्यूनः प्रोफेसी' ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन के उपन्यास 'सिस्टरहुड ऑफ ड्यून' पर आधारित है.

## भारतीय ने ट्रक से व्हाइट हाउस पर हमले का अपराध स्वीकारा

एजेंसी। वाशिंगटन

**खास बातें**
- सरकार को तानाशाही में बदलने का था इरादा
- राष्ट्रपति व अन्य की हत्या के लिए बंदोबस्त को तैयार था

अमेरिका के एक अटॉर्नी के अनुसार अमेरिका में स्थायी निवासी के तौर पर रहने वाले एक भारतीय नागरिक ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को नाजी जर्मनी की विचारधारा से प्रेरित तानाशाही में बदलने के इरादे से किराए के एक ट्रक से व्हाइट हाउस पर हमला करने का अपराध स्वीकार किया है.

अभियोजन और बचाव पक्ष के बीच हुए समझौते के वक्तव्य के अनुसार मिसूरी में सेंट लुईस के रहने वाले वरशित कांदुला (20) ने भाड़े के एक ट्रक को व्हाइट हाउस के परिसर में घुसा दिया और वह राजनीतिक सत्ता पर कब्जा करने के लिए व्हाइट हाउस तक पहुंचने का प्रयास कर रहा था.

अमेरिकी जिला अदालत के न्यायाधीश डाबनी एल. फ्रेडरिक ने कांदुला को सजा सुनाने के लिए 23 अगस्त की तारीख तय की है. अमेरिकी अटॉर्नी मैथ्यू ग्रेव्स ने सोमवार को कहा कि कांदुला का इरादा लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को नाजी जर्मनी की विचारधारा से प्रेरित तानाशाही वाली सरकार में बदलना और खुद को अमेरिका का सर्वेसर्वा बनाना था.

## सुरक्षा बलों की गोलीबारी में तीन की मौत

एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की राजधानी मुजफ्फराबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स के साथ झड़प के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई गोलीबारी में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए. मंगलवार को मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है. पीओके में गेहूं के आटे की ऊंची कीमतों और बिजली के बढ़े हुए दामों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है. 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, विवादित क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किए गए अर्धसैनिक रेंजर्स पर क्षेत्र से बाहर निकलते समय हमला हुआ. खबर में कहा गया है कि पांच ट्रकों समेत 19 वाहनों के काफिले ने खैबर पख्तूनख्वा की सीमा से लगे गांव ब्रारकोट से बाहर निकलने के बजाय कोहाला से क्षेत्र से बाहर निकलने का विकल्प चुना. खबर के अनुसार, जैसे ही काफिला 'आक्रोशित माहौल' में मुजफ्फराबाद पहुंचा, शोरां दा नक्का गांव के पास उस पर पत्थरों से हमला किया गया, जिसका जवाब उन्होंने आंसू गैस और गोलीबारी से दिया. इसमें आगे कहा गया है कि पश्चिमी बाईपास के रास्ते शहर में प्रवेश करने के बाद, रेंजर्स पर फिर से पथराव हुआ, जिसके चलते उन्हें आंसूगैस और गोलियों का इस्तेमाल करना पड़ा. गोलाबारी इतनी भीषण थी कि पूरा इलाका दहल उठा. खबर के अनुसार, 40 किलोग्राम आटे की सब्सिडी दर 3,100 पाकिस्तानी रुपये से कम करके 2,000 पाकिस्तानी रुपये कर दी गई है.



**पीओके में तनाव**
- अर्धसैनिक रेंजर्स पर क्षेत्र से बाहर निकलते समय हमला
- जवाब में आंसू गैस छोड़े गए भीषण गोलीबारी भी की गई

## राहत : उच्चतम न्यायालय ने गौतम नवलखा को दी बेल

- एल्गार परिषद मामला : 20 लाख का भुगतान करने का निर्देश भी दिया

एजेंसी। नयी दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एल्गार परिषद-माओवाद संबंध मामले में कार्यकर्ता गौतम नवलखा को जमानत दे दी. न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी ने मामले में नवलखा की जमानत पर लगी बंबई उच्च न्यायालय की रोक बढ़ाने से इनकार कर दिया. न्यायालय ने नवलखा को नजरबंदी के दौरान सुरक्षा के लिए खर्च के तौर पर 20 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश भी दिया. पीठ ने कहा, "हम रोक नहीं बढ़ाना चाहते क्योंकि उच्च न्यायालय के आदेश में जमानत देने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया है. कोर्ट ने कहा कि सुनवाई पूरी होने में कई वर्ष लग जाएंगे. विवादों पर विस्तार से गौर किए बिना, हम रोक की अवधि नहीं बढ़ाएंगे.

### बंबई उच्च न्यायालय ने दिसंबर में दी थी जमानत

शीर्ष अदालत ने कहा कि नवलखा चार साल से अधिक समय से जेल में हैं और मामले में अब तक आरोप तय नहीं किये गये हैं. बंबई हाई कोर्ट ने पिछले साल 19 दिसंबर को नवलखा को जमानत दे दी थी, लेकिन एनआईए ने शीर्ष अदालत में अपील दायर करने के लिए समय मांगा, जिसके चलते हाई कोर्ट ने अपने आदेश पर तीन सप्ताह के लिए रोक लगा दी थी.

## गाजा में यूएन के भारतीय कर्मी की मौत

- यूएन महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने घटना पर दुख जताया
- गाजा में संयुक्त राष्ट्र के 190 से ज्यादा कर्मचारियों की मौत

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र



गाजा के रफह शहर में हमले की चपेट में आने से संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाले एक भारतीय कर्मी की मौत हो गई. 7 अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद संयुक्त राष्ट्र के किसी अंतरराष्ट्रीय कर्मी की मौत का यह पहला मामला बताया जा रहा है. वह व्यक्ति संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (डीएसएस) का कर्मचारी था. मृतक की पहचान अभी जाहिर नहीं की गई है. वहीं सूत्रों ने 'पीटीआई' से पुष्टि की कि वह भारतीय था और भारतीय सेना का पूर्व जवान था. संयुक्त राष्ट्र के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन अस्पताल जाते समय हुई इस घटना में डीएसएस का एक अन्य कर्मचारी घायल हो गया. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं सुरक्षा विभाग (डीएसएस) के एक कर्मचारी की मौत और एक अन्य डीएसएस कर्मचारी के घायल होने पर गहरा दुख जताया. महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर सभी हमलों की निंदा की और पूरी जांच का आह्वान किया. बयान में कहा गया है, "गाजा में न केवल नागरिकों पर बल्कि मानवीय सहायता कार्यकर्ताओं पर भी संघर्ष का भारी असर हो रहा है. महासचिव ने एक बार फिर तत्काल मानवीय युद्धविराम और सभी बंधकों की रिहाई की अपील की है."

## हजारों करोड़ खर्च के बाद भी गंगा और अधिक मैली क्यों

- वाराणसी से नामांकन के बीच पीएम मोदी पर कांग्रेस ने साधा निशाना

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस ने वाराणसी संसदीय क्षेत्र से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामांकन की पृष्ठभूमि में मंगलवार को शहर से जुड़े कुछ मुद्दों को लेकर उन पर निशाना साधा और सवाल किया कि 20,000 करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद गंगा नदी पहले से अधिक मैली क्यों हो गई? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "निवर्तमान प्रधानमंत्री को अपनी विफलताओं पर जवाब देना चाहिए. प्रधानमंत्री ने वाराणसी के उन गांवों को उनके हाल पर क्यों छोड़ दिया, जिन्हें उन्होंने "गोद लिया" था?



### मोदी ने गंगा के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल नहीं किया

उन्होंने कहा, "2014 में जब नरेंद्र मोदी वाराणसी आए थे तब उन्होंने कहा था कि "मुझे मां गंगा ने बुलाया है." उन्होंने पवित्र गंगा को साफ करने का वादा किया. सत्ता में आने के तुरंत बाद, उन्होंने पहले से चल रहे मिशन गंगा को नमामि गंगे नाम दिया. प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करने के उद्देश्य को पूरी तरह से त्याग दिया है." रमेश ने कहा, "मनमोहन सिंह सरकार ने गंगा पर राज्य और केंद्र सरकार की पहल के समन्वय के लिए 2009 में राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण की स्थापना की थी. इस महत्वपूर्ण संस्थान को भी प्रधानमंत्री ने पहले राष्ट्रीय गंगा नदी परिषद का नाम दिया और फ़िर 10 वर्षों के लिए इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया."

### रायबरेली में राहुल के लिए प्रचार करेंगे डीके

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए प्रचार करेंगे. कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष ने चुनाव के बाद देश में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सत्ता में आने का भरोसा भी जताया. कहा, "मैं उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए रायबरेली जा रहा हूं. मैं दो दिनों तक यहां (बेंगलुरु) नहीं रहूंगा, मैंने अनुरोध किया है कि मेरा जन्मदिन (15 मई) मनाने के लिए कोई भी (मेरे आवास के पास) न आए और कोई जश्न नहीं होना चाहिए.'

**प्रतिक्रिया**

## ईरान से व्यापारिक समझौता करनेवाले किसी भी देश पर प्रतिबंध का संभावित खतरा

# ईरान-भारत चाबहार समझौते पर अमेरिका की चेतावनी

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका ने कहा है कि ईरान के साथ व्यापारिक सौदे करने वाले किसी भी देश पर "प्रतिबंध लगाए जाने का संभावित खतरा" है. उसने यह भी कहा कि वह जानता है कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. भारत ने सोमवार को सामरिक रूप से महत्वपूर्ण ईरान के चाबहार बंदरगाह को संचालित करने के लिए 10 साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए है, जिससे नयी दिल्ली को मध्य एशिया के साथ व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी. भारत ने 2003 में ऊर्जा संपन्न ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित चाबहार बंदरगाह को विकसित करने का प्रस्ताव रखा था. इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) का इस्तेमाल कर भारत से सामान अफगानिस्तान और मध्य एशिया भेजा जा सकेगा. अमेरिका ने संदिग्ध परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान पर प्रतिबंध लगा दिए थे, जिसके चलते बंदरगाह के विकास का काम धीमा पड़ गया था. विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "हम इन खबरों से अवगत हैं कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से संबंधित एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. मैं चाहूंगा कि भारत सरकार चाबहार बंदरगाह और ईरान के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ में अपनी विदेश नीति के लक्ष्यों पर बात करे." सामरिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह को लेकर ईरान के साथ भारत के समझौते के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा, "मैं सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि चूंकि यह अमेरिका से संबंधित है, ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू हैं और हम उन्हें बरकरार रखेंगे." पटेल ने कहा, "आपने हमें कई मामलों में यह कहते हुए सुना है कि कोई भी इकाई, कोई भी व्यक्ति जो ईरान के साथ व्यापारिक समझौते पर विचार कर रहा है, उन्हें संभावित जोखिम और प्रतिबंधों के बारे में पता होना चाहिए." भारत और ईरान ने इस बंदरगाह को 7,200 किलोमीटर लंबे आईएनएसटीसी के एक प्रमुख केंद्र के रूप में पेश किया है. आईएएसटीसी के जरिए भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई की जाएगी.




### चाबहार बंदरगाह से भारत को व्यापार मार्ग बढ़ाने में मिलेगी मदद : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली ।** ईरान में चाबहार बंदरगाह के विकास से भारत को अपनी लॉजिस्टिक क्षमता बढ़ाने और मध्य एशिया तक अपने व्यापार मार्गों का विस्तार करने में मदद मिलेगी। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने मंगलवार को इस बंदरगाह पर मालढुलाई के प्रभावी प्रबंधन का भी सुझाव दिया. ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने एक रिपोर्ट में सरकार को यह सुझाव दिया कि ईरान का एकमात्र समुद्री बंदरगाह होने के बावजूद चाबहार बंदरगाह अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के अधीन न आए. यह बंदरगाह न सिर्फ रणनीतिक रूप से अहम है बल्कि इस परियोजना की सफलता जटिल भू-राजनीतिक वातावरण से भी जुड़ी है. भारत ने एक दिन पहले ही चाबहार के बंदरगाह टर्मिनल के संचालन से संबंधित एक 10-वर्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए. इजीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 'भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चाबहार में मालढुलाई के प्रभावी प्रबंधन के लिए जरूरी बुनियादी ढांचा, प्रक्रियाएं और कर्मी हों. फिर भी ऐसी बड़े पैमाने की परियोजनाओं के लिए आवश्यक व्यापक स्थिरता बाहरी राजनीतिक दबावों और क्षेत्रीय अस्थिरता के कारण एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है.'

## छत्तीसगढ़: 30 नक्सलियों का सुरक्षा बलों के समक्ष सरेंडर

- अब तक आत्मसमर्पण करने वालों की संख्या 76 पहुंची

एजेंसी। बीजापुर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मंगलवार को छह महिला नक्सलियों समेत 30 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया. पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सलियों के सिर पर कुल 39 लाख रुपये का नकद इनाम है. बताया कि नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया है. नक्सलियों ने कहा है कि वह माओवादियों की खोखली विचारधारा से निराश होने के साथ पुलिस की पुनर्वास नीति से प्रभावित हैं. अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 30 नक्सलियों में मिटकी ककेम उर्फ सरिता (35), मुरी मुहंदा उर्फ सुखमती (32) भी शामिल हैं. इन दोनों के सिर पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम है. उन्होंने बताया कि अन्य नक्सली रजिता वेट्टी (24), कोवासी (24) और आयता सोढ़ी (22) तथा सीनू पदम (27) के सिर पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम है.

**25-25 हजार नकद प्रदान किये गये :** नक्सलियों में शामिल मुन्ना हेमला (35), आयतु मिडियम (38) और आयतु कारम (50) के सिर पर एक-एक लाख रुपये का इनाम है. आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली पूर्व में सुरक्षाबलों पर हमल करने सहित कई हिंसक घटनाओं में शामिल थे. सरेंडर करने वाले सभी नक्सलियों को 25-25 हजार रुपये नकद दिये गये हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)